राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# स्वतंत्र प्रभात

जो लिखेगा, वही टिकेगा





स्वतंत्र प्रभात दैनिक अख़बार तथा ऑनलाइन चैनल से सीधा जुड़ने के लिए संपर्क करें........
9511151254



@swatantraprabhatmedia | @swatantramedia | RNI.No. UPHIN/2019/79073 (epaper.swatantraprabhat.com) | @SwatantraPrabhatonline | news@swatantraprabhat.com

लखनऊ से प्रकाशित एंव अयोध्या ,प्रयागराज ,मिर्जापर ,गोरखपुर , बरेली ,बुंदेलखंड , उत्तराखंड , देहरादून

लखनऊ, शनिवार, 07 मार्च 2026
वर्ष 07, अंक 154, पृष्ट 12, मूल्य: 03 रुपया
www.swatantraprabhat.com

गाज़ियाबाद , दिल्ली , हरियाणा , चंडीगढ़ , झारखण्ड , बिहार , मध्य प्रदेश ,असम, तेलंगाना आदि जनपदो में प्रसारित


लखनऊ में LLB छात्र पर गोली चलाने वाले दो आरोपी गिरफ्तार, अन्य की तलाश जारी


कोई समझौता नहीं होगा, ट्रंप ने किया साफ, ईरान को बिना शर्त सरेंडर करना होगा, इसी में उसकी भलाई...12


## स्पीकर पर लोकसभा में सियासी जंग, ओम बिरला को हटाने के प्रस्ताव पर सोमवार को चर्चा

**● लोक सभा स्पीकर ओम बिरला को हटाने के विपक्ष के प्रस्ताव पर 9-10 मार्च को चर्चा होगी. विपक्ष मतदान चाहता है ताकि कौन साथ है और कौन खिलाफ, यह साफ हो सके. दोनों पक्षों ने सांसदों को मौजूद रहने के लिए व्हिप जारी किया है**



लोकसभा स्पीकर ओम बिरला को हटाने के विपक्ष के प्रस्ताव पर सोमवार को लोक सभा में चर्चा होगी. विपक्ष की कोशिश होगी कि स्पीकर को हटाने के प्रस्ताव पर मतदान हो ताकि यह साफ हो सके कि कौन इसके साथ है और कौन खिलाफ? सरकार भी इसके लिए तैयार दिखती है ताकि विपक्ष के मतभेद सामने आ सकें. जहां तक लोक सभा के अंक गणित का प्रश्न है, यह प्रस्ताव के खिलाफ है।

लोकसभा में सांसदों की संख्या 543 है, लेकिन फिलहाल दो सीटें खाली हैं. ऐसे में 541 में प्रस्ताव को खारिज करने के लिए 271 का आंकड़ा चाहिए. एनडीए के सांसदों की संख्या 293 है. इसका मतलब है कि यदि प्रस्ताव पर मतदान होता है, तो एनडीए के पास बहुमत है और प्रस्ताव खारिज हो जाएगा।

एनडीए में बीजेपी के सांसदों की संख्या 240 है, टीडीपी के 16 सांसद, जेडीयू के 12 सांसद, शिवसेना 7 सांसद, लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के 5 सांसद, राष्ट्रीय लोक दल के दो सांसद और जनता दल सेक्यूलर के दो सांसद हैं. कई छोटी पार्टियां भी एनडीए के साथ हैं।

**इंडिया गठबंधन के प्रस्ताव के साथ टीएमसी नहीं**

वहीं इंडिया गठबंधन के कुल सांसदों की संख्या 202 है, क्योंकि इस मुद्दे पर तृणमूल कांग्रेस के 28 सांसद इंडिया गठबंधन के साथ नहीं हैं. इंडिया गठबंधन में कांग्रेस के 99 सांसद, डीएमके 22 सांसद, शिवसेना यूबीटी के नौ सांसद, एनसीपी एसपी के आठ सांसद और आरजेडी के चार सांसद ओम बिरला को हटाने के प्रस्ताव के समर्थन में हैं. आम आदमी पार्टी ने भी प्रस्ताव का समर्थन करने का फैसला किया है. लेफ्ट पार्टियां भी उनका साथ दे रही हैं. आम आदमी पार्टी ने भी प्रस्ताव का समर्थन करने का फैसला किया है।

जबकि तृणमूल कांग्रेस सहित 43 और पार्टियां हैं, जो अन्य की श्रेणी शामिल हैं. इनमें से कई पार्टियां कुछ मुद्दों पर इंडिया गठबंधन का साथ नहीं देती रही हैं. लोक सभा सचिवालय के सूत्रों के अनुसार प्रस्ताव पर चर्चा नौ मार्च को होनी है. अगर यह लंबी चलती है तो दस मार्च का दिन भी चर्चा के लिए रखा गया है।

**पार्टियों ने जारी किया व्हीप**

बीजेपी ने अपने लोकसभा सांसदों को सोमवार और मंगलवार ( 9 और 10 मार्च) को लोकसभा में मौजूद रहने के लिए तीन लाईन का व्हीप जारी किया. इसी दिन लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को पद से हटाने के विपक्ष के प्रस्ताव पर चर्चा होगी। जरूरत पडने पर वोटिंग भी हो सकती है. दूसरी ओर,कांग्रेस ने भी सांसदों के लिए व्हीप जारी किया है।

नियमों के मुताबिक ओम बिरला इस दौरान लोकसभा की कार्यवाही की अध्यक्षता नहीं करेंगे, हालांकि सदन में मौजूद रह सकते है और प्रस्ताव पर होने वाले मतदान में भी हिस्सा ले सकते हैं।

## 2467 करोड़ की जालसाजी... पैसा कमाने की स्कीम बताकर चूना लगाया, पति-पत्नी सुरेश और अर्चना कुटे पर अब आफत

**● प्रवर्तन निदेशालय की जांच में आरोप लगाया गया कि क्रेडिट सोसाइटी ने निवेशकों को 12 फीसदी से लेकर 14 फीसदी के हाई रिटर्न का वादा करके हाई-यील्ड डिपॉजिट स्कीम शुरू की थीं, और इस स्कीम के प्रति बड़ी संख्या में निवेशक आकर्षित भी हुए**



जालसाजी के मामले में एक और दंपति को गिरफ्तार किया गया है. प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने अर्चना कुटे को 2 हजार करोड़ रुपये से अधिक के जालसाजी के मामले में गिरफ्तार किया है. इससे पहले उनके पति को भी गिरफ्तार किया गया था. यह जांच ज्ञानराधा मल्टीस्टेट को-ऑपरेटिव क्रेडिट सोसाइटी लिमिटेड (ज्ञानराधा मल्टीस्टेट को-ऑपरेटिव क्रेडिट सोसाइटी लिमिटेड, डीएमसीसीएसएल) से कुटे ग्रुप की कंपनियों में फंड के कथित डायवर्जन से जुड़ी है।

कुटे दंपति को ईडी की ओर से 2,467 करोड़ रुपये की मनी-लॉन्ड्रिंग जांच के सिलसिले में गिरफ्तार किया गया है. एजेंसी का दावा है कि इन कंपनियों का मालिकाना हक या कंट्रोल उनके और उनके पति सुरेश कुटे के पास है. क्रेडिट सोसाइटी पर हाई-रिटर्न डिपॉजिट स्कीम के जरिए हजारों निवेशकों को ठगने का आरोप है. अर्चना को 2 मार्च को ईडी के मुंबई जोनल ऑफिस ने प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट (पीएमएलए) के नियमों के तहत गिरफ्तार किया था. उन्हें 3 मार्च को मुंबई की एक स्पेशल पीएमएलए कोर्ट में पेश किया गया, जिसने उन्हें आगे की जांच के लिए 7 मार्च तक ईडी की कस्टडी में भेज दिया।

**महाराष्ट्र के कई थानों में एफआईआर**

इससे पहले, जांच एजेंसी ने इस केस में उनके पति सुरेश कुटे को गिरफ्तार किया और मुंबई की स्पेशल पीएमएलए कोर्ट में प्रॉसिक्यूशन कंप्लेंट भी फाइल की, जिसने इस गड़बड़ी की बात सामने आई. ईडी की मनी-लॉन्ड्रिंग जांच, मई और जुलाई 2024 के बीच महाराष्ट्र के अलग-अलग पुलिस स्टेशनों में इंडियन पीनल कोड (आईपीसी) की ढेरों धाराओं के तहत दर्ज कई FIR पर आधारित है।

आईपीसी की इन धाराओं में सुरेश कुटे और कई अन्य लोगों पर डीएमसीसीएसएल के जरिए निवेशकों के साथ कथित तौर पर धोखाधड़ी करने का आरोप है।

**निवेशकों के पैसों का हेराफरी**

प्रवर्तन निदेशालय की जांच में आरोप लगाया गया कि क्रेडिट सोसाइटी ने निवेशकों को 12 फीसदी से लेकर 14 फीसदी के हाई रिटर्न का वादा करके हाई-यील्ड डिपॉजिट स्कीम शुरू की थीं, और इस स्कीम के प्रति बड़ी संख्या में निवेशक आकर्षित भी हुए. हालांकि, कई निवेशकों को कथित तौर पर आर्थिक रूप से भारी नुकसान हुआ क्योंकि सोसाइटी ने उनकी जमा राशि वापस नहीं की कर पाई या केवल आंशिक पेमेंट किया।

ईडी जांचकर्ताओं ने अपनी जांच में पाया कि क्रेडिट सोसाइटी से करीब 2,467 करोड़ रुपये के फंड को कुटे ग्रुप से जुड़ी कंपनियों के एक ग्रुप को कथित लोन के रूप में डायवर्ट कर दिया गया, जिनका कथित तौर पर कुटे दंपति यानी सुरेश और अर्चना के पास मालिकाना हक या नियंत्रण है।

अधिकारियों ने बताया कि यह पैसा बिना सही डॉक्यूमेंटेशन, कोलैटरल सिक्योरिटी या एंड-यूज सर्टिफिकेशन के ही दिया गया था. बताया जाता है कि इस पैसे का सही बिजनेस कामों के लिए इस्तेमाल करने की जगह इन पैसों को अपने फायदे के लिए निकाल लिया गया या दूसरे फिर दूसरे बिजनेस में लगा दिया गया।

अब तक, जांच एजेंसी की ओर से इस केस को लेकर कई जगह छापेमारी की गई और कई प्रोविजनल अटैचमेंट ऑर्डर जारी किए हैं, जिससे करीब 1,621.89 करोड़ रुपये की चल और अचल संपत्ति अटैच और सीज की गई है. मामले की जांच फिलहाल जारी है।

## पश्चिम एशिया में तनाव के बीच फैली अफवाह से सीतापुर के पेट्रोल पंपों पर लगी लंबी लाइनें

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सीतापुर।** अमेरिका-इजरायल और ईरान के युद्ध के बीच भारत में पेट्रोल और गैस की कमी की उड़ती खबरों के बीच सीतापुर में लोगों ने पेट्रोल पंपों की ओर दौड़ लगा दी। देखते-देखते लगभग सभी पंपों पर वाहनों की लंबी लाइनें लग गई, इनमें भी अधिकांश दो-पहिया वाहन थे।

सीतापुर में शुक्रवार को लोगों ने अंतरराष्ट्रीय मीडिया से मिली खबरों का भरोसा किया और वाहनों में ईंधन लेने पेट्रोल पंपों की ओर दौड़ पड़े। इनको सूचना मिली कि होर्मुज स्ट्रेट्स से संभावित आपूर्ति में कमी आ गई है। अंतरराष्ट्रीय मीडिया पर हार्मुज की खाड़ी (ईरान और ओमान के बीच जलमार्ग, जिससे पेट्रो और गैस की आपूर्ति होती है ) बंद होने की खबरों के बीच लोगों में प्रेट्रोल, डीजल और गैस की आपूर्ति को लेकर सीतापुर के लोगों में अनिश्चितता का भाव उत्पन्न हो गया है। इसको लेकर शुक्रवार को बड़ी संख्या में लोगों ने पेट्रोल पंपों पर पहुंचकर वाहनों की टंकी फुल कराने प्रयास किया। पंपों पर भीड़ लग गई।

सुबह तक सबकुछ सामान्य चल रहा था। दोपहर में एकाएक इंटरनेट मीडिया पर हार्मुज की खाड़ी के बंद होने की खबरें चलने लगी। इसी जलमार्ग से देश में खपत होने वाले पेट्रो पदार्थों और गैस का बड़ा हिस्सा आता है। खबरें देख लोग घबड़ा गए। बाइक और कार लेकर पेट्रोल पंप की ओर दौड़ पड़े। लालबाग पेट्रोल पंप बाइक में तेल भरवाने गए आर्यनगर के तुषार मिश्र ने कहा कि जिस तरह से अमेरिका और इजराइल ईरान पर हमला कर रहे हैं और ईरान पलटवार कर रहा है। इससे निकट भविष्य में युद्ध थमने वाला नहीं दिखता। इसलिए टंकी फुल करवा लें, कम से कम कुछ दिन तक तो आराम से काम चल जाएगा।

इसी बीच जिलाधिकारी डा. राजा गणपति आर. ने सीतापर के साथ ही देश में पेट्रो पदार्थों की किसी भी तरह की कमी न होने की बात कही। उन्होंने कहा कि लोग अफवाहों पर ध्यान न दें। जिले, प्रदेश और देश में पेट्रो पदार्थों की कमी नहीं है। तेल को किसी प्रकार की दिक्कत नहीं है। पर्याप्त मात्रा में तेल उपलब्ध है। अफवाहों में न पड़ें। जरूरत भर ही तेल खरीदें।

**पेट्रोलियम कंपनियां बराबर स्वीकार कर रही डिमांड**

प्रशासन के साथ ही सीतापुर डिस्ट्रिक्ट पेट्रोलियम एसोसिएशन ने भी पेट्रो पदार्थों और गैस की कमी से इन्कार किया है। एसोसिएशन के महामात्री दिनेश अग्रवाल ने बताया कि सभी पेट्रोलियम कंपनियां डिमांड स्वीकार कर रही हैं। इसके सापेक्ष आपूर्ति भी हो रहा है। कहां कोइ दिक्कत नहीं है। उन्होंने बताया कि जिले में 240 पेट्रोल पंप हैं। प्रतिदिन 100 से अधिक टैंकर आते हैं। टैंकर आ रहे है और पंपों पर तेल बिक रहा है। बताया, होली के चलते महमूबादाबाद-बाराबंकी सीमा के कुछ पेट्रोल पंपों पर तेल नहीं पहुंच पाया था।

किसान को 150 लीटर से अधिक नहीं मिलेगा डीजल :पेट्रोल पंपों पर भीड़ उमड़ने के बाद उपजिलाधिकारी महमूदाबाद बीके सिंह पेट्रोल पंप संचालकों के साथ बैठक की। इस दौरान उन्होंने पंप संचालकों से किसानों को 150 लीटर से अधिक डीजल देने पर रोक लगा दी। गौरतलब है कि यूएस-इजरायल और ईरान के युद्ध के बीच होर्मुज स्ट्रेट्स में फंसे एनर्जी सोर्स को बड़ी समस्या के रूप में देखा जा रहा है। शुक्रवार को केंद्र सरकार के हवाले से बताया गया हि देश में क्रूड ऑयल, ऑयल प्रोडक्ट्स और एसपीजी का भंडार अच्छी स्थिति में है, जो कि होर्मुज स्ट्रेट्स में फंसे एनर्जी सोर्स से कहीं ज्यादा हैं। मौजूदा स्टॉक के हिसाब से हम अच्छी स्थिति में हैं। हम दूसरे इलाकों से अपनी सप्लाई बढ़ाने जा रहे हैं और होर्मुज स्ट्रेट्स से सप्लाई की कमी को पूरा करेंगे।

## मंगोलपुरी में दूषित पानी की आपूर्ति से हाहाकार, 5000 से अधिक लोग परेशान

**» मंगोलपुरी में 5000 से अधिक लोग दूषित पानी से प्रभावित।**

**» पुरानी पाइपलाइनों के कारण सीवर का पानी पीने में मिल रहा।**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बाहरी दिल्ली।** मंगोलपुरी में गंदे पानी की सप्लाई से पांच हजार से ज़्यादा लोग परेशान हैं। गंदे पानी की सप्लाई से पीने के पानी का संकट पैदा हो गया है, जिससे लोगों को पानी खरीदना पड़ रहा है या दूसरे ब्लॉक से लाना पड़ रहा है। मंगोलपुरी के K और L ब्लॉक में गंदे पानी की समस्या छह महीने से ज़्यादा समय से बनी हुई है, जिससे लोगों की रोज़मर्रा की जिंदगी में दिक्कत आ रही है। घरों तक पहुंचने वाला पानी इतना गंदा है कि इस्तेमाल करने लायक नहीं है।

प्रभावित इलाके में सीवर और पानी की पाइपलाइन को बदले हुए 25 साल से ज़्यादा हो गए हैं। खराब पाइपलाइनों की वजह से सीवर का पानी सीवेज में मिलकर लोगों के घरों तक पहुंच रहा है। पानी निकलने की जगह न होने की वजह से सीवर का पानी ओवरफ्लो होकर पीने के पानी में मिलकर समस्या और बढ़ा रहा है।

गंदे पानी की वजह से लोग बीमार भी पड़ रहे हैं। किसी को पेट की बीमारी है, तो किसी को स्किन की। खुशबू ने बताया कि गंदा पानी छह महीने से ज़्यादा समय से आ रहा है। कभी-कभी पानी ठीक रहता है। मुझे गंदे पानी की वजह से पेट की दिक्कत हो रही है। मैं कई दिनों से दवा ले रही हूं। यहां के लोग लंबे समय से घरों में आ रहे गंदे, बदबूदार पानी की वजह से बीमार पड़ रहे हैं।

## संक्षिप्त ख़बरें

### चौहान गुट ने चोरी और दबंगई करने वालों के विरुद्ध जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

**रायबरेली** ऑल इंडिया उद्योग व्यापार मंडल चौहान गुट प्रांतीय अध्यक्ष जी सी सिंह चौहान ने शुक्रवार को अपनी टीम के साथ जिलाधिकारी महोदय रायबरेली से मिलकर जनहित से जुड़ी समस्या को लेकर एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में उनके द्वारा कहा गया कि थाना नसीराबाद के अंतर्गत पूरे राई में दबंगों द्वारा उत्पीड़न काफी चरम सीमा पर है। बीते दिनांक 04 मार्च 2026 की हरिजन बस्ती में जाकर घरों में घुसकर लोगों को मारा पीटा तथा एलानिया धमकी दिया कि 112 पर फोन करके अच्छा नहीं किया है, मौका मिलने पर जान से मार दूंगा। जिसमें से एक मोटर छूट गई जो पुलिस चौकी परैया नमकसार में रखी गई थी। 2- साथ धरई चौराहा पर स्थित दुकान में चोरी हुई जिसका पूरा फुटेज है। जिसके संबंध में एक सप्ताह पूर्व प्रार्थना पत्र दिया गया लेकिन अभी तक कोई कार्यवाही नहीं हुई। जिसमें तत्काल प्रभाव से रिपोर्ट दर्ज करवायी जाये। 3- पूरे भदोरिया मजरे मखदूमपुर सेंध कटी उसमें भी सूचना दी जा चुकी लेकिन अभी तक कोई कार्यवाही नहीं हुई। 4-रायबरेली , सुल्तानपुर, अमेठी, प्रतापगढ़ बॉर्डर होने के नाते आये दिन इन गुंडों के हौसले बुलंद हैं। इन सभी मामलों की रिपोर्ट दर्ज कराई जाए और घायल महिलाओं की डॉक्टरी करवाई जाए। यदि ऐसा नहीं होता है तो व्यापार मंडल सड़कों पर उतरने को मजबूर होगा जिसका जिम्मेदार पुलिस प्रशासन होगा। ज्ञापन देने में जी सी सिंह चौहान साथ जिलाध्यक्ष मो0 उमर, प्रदेश सचिव जय चंद्र प्रकाश पाण्डे, जिला मीडिया प्रभारी इम्तियाज खान, राजेश सोनी, चंदन सोनी, चित्रेश, भगवानदीन, सूर्य बख्श मौर्य, राम चंद्र, विद्यादेवी, महेंद्र यादव आदि मौजूद रहे।

## घर में चल रही थीं स्क्वाड्रन लीडर अनुज वशिष्ठ की शादी की तैयारियां, असम से आई मौत की खबर; घर में पसरा मातम

**» गुरुग्राम के स्क्वाड्रन लीडर अनुज वशिष्ठ की मौत**

**» असम में सुखोई-30 लड़ाकू विमान दुर्घटनाग्रस्त हुआ**

**» अनुज के घर में शादी की तैयारियां चल रही थीं**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गुरुग्राम।** असम में वायुसेना के सुखोई-30 लड़ाकू विमान के क्रैश में गुरुग्राम के सेक्टर-22 निवासी स्क्वाड्रन लीडर अनुज वशिष्ठ की मौत हो गई। घर में उनकी शादी की तैयारियां चल रही थीं, हादसे की खबर पहुंचते ही खुशियों का माहौल मातम में बदल गया।

**क्रैश में दोनों पायलट की मौत**

असम में वायुसेना का लड़ाकू विमान सुखोई-30 बृहस्पतिवार को क्रैश हो गया। विमान प्रशिक्षण मिशन पर था और जोरहाट हवाई अड्डे से उड़ान भरने के कुछ ही देर बाद लापता हो गया था। तलाशी अभियान के दौरान विमान के असम के कार्बी आंगलोंग इलाके में, जोरहाट से लगभग 60 किलोमीटर दूर क्रैश होने की जानकारी सामने आई। वायुसेना ने दोनों पायलटों स्क्वाड्रन लीडर अनुज वशिष्ठ और फ्लाइट लेफ्टिनेंट पुरवेश दुरगकर की मौत की पुष्टि की है।

**अनुज के पिता सेना में रह चुके हैं सुबेदार**

स्क्वाड्रन लीडर अनुज वशिष्ठ गुरुग्राम के सेक्टर-22 के निवासी थे। उनके पिता आनंद कुमार सेना में सुबेदार रह चुके हैं। रिश्तेदार और हरियाणा पुलिस के सेवानिवृत्त इंस्पेक्टर चंद्रप्रकाश ने बताया कि अनुज ने करीब दस वर्ष पहले भारतीय वायुसेना ज्वाइन की थी। परिवार को उन पर हमेशा गर्व रहा।



**घर में चल रही थीं शादी की तैयारियां**

परिजनों के अनुसार, अनुज की शादी की तैयारी घर में जोर-शोर से चल रही थी। रिश्तेदारों का आना-जाना लगा हुआ था और परिवार के सदस्य शादी की तैयारियों में व्यस्त थे। जल्द ही उनकी शादी होने वाली थी।

लेकिन विमान हादसे की खबर मिलते ही पूरे परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। बताया जा रहा है कि उड़ान भरने के कुछ ही समय बाद विमान का रडार से संपर्क टूट गया था। फिलहाल वायुसेना की ओर से हादसे के कारणों की जांच की जा रही है।

## छावला में प्रॉपर्टी डीलर की दिनदहाड़े हत्या, नंदू गैंग पर फिरौती के लिए मर्डर का शक

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**वेस्ट दिल्ली।** शुक्रवार को द्वारका का छावला इलाका गोलियों से दहल गया। स्कूटर सवार अज्ञात हमलावरों ने 42 साल के प्रॉपर्टी डीलर बलवान गहलोत की गोली मारकर हत्या कर दी, जब वह अपनी कार में जा रहे थे। शक है कि यह हत्या विदेश में बैठे कुख्यात नंदू गैंग का काम है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सुरक्षित रख लिया है और पूरी जांच शुरू कर दी है।

एक पुलिस अधिकारी के मुताबिक, बलवान गहलोत अपने परिवार के साथ छावला इलाके में रहते थे और प्रॉपर्टी डीलिंग का काम करते थे। शुक्रवार को जैसे ही वह अपनी कार से उतरे, स्कूटर पर सवार हमलावरों ने उनका पीछा करना शुरू कर दिया। मौका पाकर उन्होंने अंधाधुंध गोलियां चला दीं। सूत्रों का दावा है कि घटना में अत्याधुनिक हथियारों का इस्तेमाल किया गया। हमलावर गोलियां चलाने के बाद मौके से फरार हो गए। सूचना मिलने पर छावला थाना पुलिस मौके पर पहुंची और खून से लथपथ बलवान गहलोत को पास के अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।



सबूत इकट्ठा करने के लिए क्राइम टीम और एफएसएल को भी मौके पर बुलाया गया था, और उन्होंने ज़रूरी सबूत इकट्ठा कर लिए हैं। शुरुआती जांच और सूत्रों से पता चला है कि बदनाम गैंगस्टर नंदू के गैंग ने बलवान गहलोत से मोटी फिरौती मांगी थी। बिज़नेसमैन को कुछ समय से बार-बार धमकियां मिल रही थीं। शक है कि मांग पूरी न होने पर गैंग ने यह मर्डर किया। पुलिस मरने वाले के मोबाइल फोन की भी जांच कर रही है ताकि पता चल सके कि उसे हाल ही में फिरौती मांगने वालों से कोई कॉल या मैसेज आया था या नहीं। उसके परिवार वालों से भी पूछताछ की जा रही है।

इस इनपुट के बाद, लोकल पुलिस, स्पेशल स्टाफ और क्राइम ब्रांच की टीमों के साथ मिलकर काम कर रही है। इस बीच, मामले की जांच कर रही पुलिस टीम ने हमलावरों के भागने के रास्ते के हर सीसीटीवी कैमरे से सीसीटीवी फुटेज स्कैन करना शुरू कर दिया है ताकि उनकी पहचान की जा सके।

टेक्निकल जांच और सर्विलांस का भी इस्तेमाल किया जा रहा है। एक सीनियर डिस्ट्रिक्ट पुलिस ऑफिसर ने बताया कि मर्डर के चार्ज में केस दर्ज कर लिया गया है, और लोकल नंदू गैंग के सदस्यों की जांच की जा रही है। घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल है।


स्वतंत्र प्रभात
जो लिखेगा, वही टिकेगा, वही दिखेगा

स्वतंत्र प्रभात के राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक अखबार, पत्रिका एवं ऑनलाइन चैनल में काम करने हेतु अनुभवी लोगों की आवश्यकता है।

जिला, तहसील एवं ब्लाक स्तर पर ब्यूरोचीफ, संवाददाता और विज्ञापन प्रतिनिधियों की आवश्यकता है। इच्छुक एवं अनुभवी व्यक्ति संपर्क करें।

अपना बायोडाटा भेजे : 9511151254

www.swatantraprabhat.com www.epaper.swatantraprabhat.com

## संक्षिप्त खबरें

### शांति भंग के आरोप में चार लोग गिरफ्तार, हरैया पुलिस ने न्यायालय भेजा

**बलरामपुर।** जनपद के हरैया थाना क्षेत्र में शांति व्यवस्था भंग करने के आरोप में पुलिस ने चार व्यक्तियों को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया। यह कार्रवाई शुक्रवार को हरैया पुलिस द्वारा की गई। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार किए गए आरोपियों के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता (बीएनएसएस) की धारा 170, 126 और 135 के तहत कार्रवाई की गई है। सभी आरोपियों को आवश्यक विधिक कार्रवाई के बाद माननीय न्यायालय में पेश किया गया। गिरफ्तार किए गए व्यक्तियों की पहचान मंसाराम वर्मा पुत्र ननके वर्मा, शिवकुमार उर्फ छोटू वर्मा पुत्र फकीरे वर्मा, सोमनाथ वर्मा पुत्र फकीरे वर्मा और फकीरे वर्मा पुत्र सुंदर वर्मा के रूप में हुई है। ये सभी देवपुरा गांव, थाना हरैया, जनपद बलरामपुर के निवासी बताए गए हैं। पुलिस की इस कार्रवाई में उपनिरीक्षक मनोज कुमार सिंह और हेड कांस्टेबल मुन्ना यादव शामिल रहे। पुलिस ने बताया कि क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए इस तरह की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

### थाना बाजार शुक्ल पुलिस द्वारा चोरी के 01 सोलर पैनल के साथ 01 अभियुक्त गिरफ्तार



**शुकुल बाजार अमेठी ।** पुलिस अधीक्षक अमेठी सरवणन टी. के निर्देशन में एवं अपर पुलिस अधीक्षक अमेठी ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में जनपद अमेठी में अपराध एवं अपराधियों की धरपकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में क्षेत्राधिकारी मुसाफिरखाना अतुल कुमार सिंह के कुशल नेतृत्व में थाना बाजार शुक्ल पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर विभिन्न धाराओं में थाना बाजार शुक्ल जनपद अमेठी में प्रकाश में आये अभियुक्त राजमन उर्फ मोटे पुत्र शिवनरायन निवासी काजीपुर थाना बाजार शुक्ल जनपद अमेठी उम्र करीब 28 वर्ष को गिरफ्तार किया गया । अभियुक्त के कब्जे से 01 सोलर पैनल बरामद हुआ । पूछताछ में अभियुक्त ने बताया कि दिनांक 28.02.2026-01.03.2026 की रात्रि में उसने पानी की टंकी काजीपुर में लगे 02 सोलर पैनल चोरी कर लिये थे जिसमें से 01 सोलर पैनल को बेंच लिया था जिससे प्राप्त रुपये खर्च कर लिये थे । आज वह दूसरे सोलर पैनल को भी बेंचने के लिए जा रहा था । बरामदगी के आधार पर अभियोग उपरोक्त में सुसंगत धाराओं की बढ़ोत्तरी करते हुये थाना बाजार शुक्ल पुलिस द्वारा अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की गई ।

### मंडलायुक्त का सख्त निर्देश जनशिकायतों के निस्तारण में लापरवाही पर तय होगी जवाबदेही, गुणवत्तापूर्ण फीडबैक अनिवार्य

**सोनभद्र** - विंध्याचल मंडल के मंडलायुक्त एवं जनपद के नोडल अधिकारी राजेश प्रकाश ने आज कलेक्ट्रेट सभागार में विकास कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में सीएम डैशबोर्ड की रैंकिंग, फ्लैगशिप योजनाओं की प्रगति और आईजीआरएस (IGRS) पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों के निस्तारण की गहन पड़ताल की गई। मंडलायुक्त ने स्पष्ट किया कि शासन की मंशा के अनुरूप अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुँचाना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों की समीक्षा करते हुए मंडलायुक्त ने अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए। शिकायतों का निस्तारण केवल कागजों पर नहीं, बल्कि धरातल पर होना चाहिए। निस्तारण के बाद शिकायतकर्ता से फीडबैक लेना अनिवार्य होगा। सभी जनपद स्तरीय अधिकारी सुबह 10:00 बजे से 12:00 बजे तक अनिवार्य रूप से अपने कार्यालय में उपस्थित रहकर जनसुनवाई करेंगे। मंडलायुक्त ने विकास कार्यों की गति परखने के लिए कई महत्वपूर्ण योजनाओं की स्थिति जानी जिन परियोजनाओं का कार्य अधूरा है, उन्हें युद्ध स्तर पर पूरा करने के निर्देश दिए गए। इन योजनाओं के माध्यम से स्वरोजगार और कृषि को बढ़ावा देने के लिए पात्र लाभार्थियों के चयन में तेजी लाने को कहा गया। योजनाओं के क्रियान्वयन में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध कार्रवाई की चेतावनी दी गई। बैठक में विकास और कानून व्यवस्था से जुड़े जनपद के सभी वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे, जिनमें मुख्य रूप से शामिल थे। जिलाधिकारी बी.एन. सिंह, मुख्य विकास अधिकारी जागृति अवस्थी, संयुक्त विकास आयुक्त रमेश चन्द्र, जिला विकास अधिकारी हेमन्त कुमार सिंह डी.सी. मनरेगा रवीन्द्र वीर सिंह,शासन की प्राथमिकता विकास कार्यों को गति प्रदान करना और जनहित की योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू करना है। आमजन को योजनाओं का प्रत्यक्ष लाभ मिलना चाहिए, इसमें किसी भी स्तर पर देरी बर्दाश्त नहीं होगी।

## डीएम की अध्यक्षता में श्रम विभाग की योजनाओं की समीक्षा, अधिक से अधिक श्रमिकों को लाभ दिलाने के निर्देश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बलरामपुर ।** बैठक में जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि श्रमिकों एवं उनके परिवारजनों के हित में संचालित योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए तथा पात्र लाभार्थियों को अधिक से अधिक योजनाओं का लाभ दिलाया जाए। बैठक में जिलाधिकारी ने विशेष रूप से संत रविदास शिक्षा प्रोत्साहन सहायता योजना, निर्माण कामगार मृत्यु एवं दिव्यांगता सहायता योजना तथा मातृत्व, शिशु व बालिका मदद योजना की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि पंजीकृत श्रमिकों के बच्चों को शिक्षा के लिए मिलने वाली सहायता, दुर्घटना या मृत्यु की स्थिति में मिलने वाली आर्थिक सहायता तथा मातृत्व व बालिका सहायता योजनाओं का लाभ पात्र परिवारों तक समयबद्ध रूप से पहुंचाया जाए।

**संत रविदास शिक्षा प्रोत्साहन सहायता योजना**

इस योजना के अंतर्गत पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के बच्चों को पढ़ाई के लिए आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। कक्षा के अनुसार अलग-अलग राशि दी जाती है, जिसमें प्राथमिक स्तर पर लगभग 1,000 से लेकर उच्च शिक्षा स्तर पर 25,000 से 50,000 तक की सहायता उपलब्ध कराई जाती है। इससे श्रमिक परिवारों के बच्चों को शिक्षा जारी रखने में सहयोग मिलता है।

**निर्माण कामगार मृत्यु एवं दिव्यांगता सहायता योजना**

इस योजना के तहत पंजीकृत निर्माण श्रमिक की दुर्घटना में मृत्यु होने पर उसके आश्रितों को 5 लाख तक की आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। वहीं दुर्घटना में स्थायी दिव्यांगता होने की स्थिति में 3 लाख तक तथा आंशिक दिव्यांगता होने पर 1 लाख तक की सहायता दी जाती है, जिससे परिवार को आर्थिक संबल मिल सके।

**मातृत्व, शिशु व बालिका मदद योजना**

इस योजना के अंतर्गत पंजीकृत महिला निर्माण श्रमिक को प्रसव के समय 25,000 तक की आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। इसके अतिरिक्त नवजात शिशु एवं विशेष रूप से बालिका के जन्म पर भी आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जाती है, जिससे मातृ-शिशु स्वास्थ्य एवं बालिका संरक्षण को प्रोत्साहन मिलता है। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि जनपद में सभी पंजीकृत श्रमिकों का नियमित नवीनीकरण (रिन्यूअल) सुनिश्चित किया जाए, ताकि कोई भी पात्र श्रमिक योजनाओं के लाभ से वंचित न रह जाए। उन्होंने कहा कि श्रमिकों के पंजीकरण एवं नवीनीकरण की प्रक्रिया को सरल और पारदर्शी बनाया जाए तथा ग्राम पंचायत एवं ब्लॉक स्तर पर विशेष अभियान चलाकर अधिक से अधिक श्रमिकों का पंजीकरण कराया जाए।

इसके अतिरिक्त जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि बेसिक शिक्षा विभाग में कार्यरत सभी रसोइयों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं को सुरक्षा बीमा योजना से आच्छादित किया जाए, जिससे उन्हें आकस्मिक परिस्थितियों में सामाजिक सुरक्षा प्राप्त हो सके। इस दौरान सहायक श्रमायुक्त, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक व अन्य संबंधित अधिकारी / कर्मचारीगण उपस्थित रहें।

## घर मे घुसकर छात्रा की हत्या करने वालेबदमाश को हाफ एनकाउंटर के बाद पुलिस ने दबोचा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बस्ती।** बस्ती जिले के कलवारी थाना क्षेत्र के बैड़ारी एहतमाली गांव मे घर मे घुसकर 12 वीं की छात्रा को गोली मारकर हत्या करने वाले बदमाश मनदीप पासवान को पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार कर लिया। उसको काबू करने के लिये पुलिस टीम ने उसका हाफ एनकाउंटर किया। पुलिस को सूचना मिली कि आरोपी सरयू नदी पार कर अंबेडकरनगर भागने की फिराक में है। पुलिस टीम ने उसे पकड़ने के लिये घेराबंदी की, तो उसने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। इसमें हेड कांस्टेबल रविंदर सिंह बाल-बाल बचे। बदमाश को काबू करने के लिये पुलिस ने भी गोली चलाई जो दसके पैर मे लगी। पुलिस ने मौके से अवैध असलहा और कारतूस बरामद किए हैं। आपको याद दिला दें 2 मार्च को 12वीं कक्षा की छात्रा की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। घर में घुसकर इस दुस्साहसिक वारदात को अंजाम देने के बाद से ही मनदीप फरार था। बताया जाता है कि आरोपी ने छात्रा की मां पर भी गोली चलाई थी, लेकिन गोली मिस कर गई जिससे उनकी जान बच गई थी। मामले मे प्रेम-प्रसंग सामने आया था। घायल बदमाश को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां वह पुलिस की कड़ी निगरानी में है। बदमाश की गिरफ्तारी के बाद पीड़ित परिवार को राहत मिली है लेकिन चर्चायें भी जारी हैं कि पुलिस ने छात्रा की तहरीर पर सक्रियता दिखाई होती तो उसकी जान बंच सकती थी। पूरे मामले का खुलासा करते हुये पुलिस अधीक्षक डा. यशवीर सिंह ने कहा कि छात्रा के गांव के विवेक नाम के युवक ने रेकी कर आरोपी की मदद की थी। मुख्य अभियुक्त को भी गिरफ्तार किया जा चुका है, दोनो को जेल भेजा जा रहा है।

## अब बायोमैट्रिक हाजिरी के बाद होगी जयमाला

**12 मार्च को गिन्नौट बाग में होगा मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन**

**ललितपुर।** समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले जरुरतमन्द, निराश्रित/निर्धन परिवारों की विवाह योग्य कन्या, विधवा, परित्यक्ता, तलाकशुदा महिलाओं के सामूहिक विवाह हेतु मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत होने वाली शादियों की तिथि तय कर दी गयी है। जनपद में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह का आयोजन 12 मार्च 2026 को गिन्नौट बाग परिसर, सदनशाह के पास में होना तय हुआ है। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में अब बायोमैट्रिक हाजिरी के बाद ही वर-बधू एक दूसरे को जयमाला पहनाएंगे। योजनान्तर्गत सत्यापन उपरान्त पात्र जोडों को प्रथम आवक, प्रथम पावक सिद्धान्त के आधार पर विकास खण्ड एवं नगर निकायों को आवंटित लक्ष्य के सापेक्ष विवाह कार्यक्रम में सम्मिलित किया जायेगा। जयमाला से पहले बायोमैट्रिक हाजिरी और फेस आई.डी. के जरिए सत्यापन अनिवार्य रुप से किया जाएगा। जिसके लिये वर वधू की दो-दो पासपोर्ट साइज फोटो (जो ऑनलाइन आवेदन में संलग्न की गयी है) एवं ओरिजनल अपडेटिड आधार कार्ड मिलान हेतु कार्यक्रम स्थल पर लाना अनिवार्य है।

## कलेक्ट्रेट सभागार में कृषि यंत्रों के लिए ई-लॉटरी संपन्न, चयनित किसानों को एसएमएस से दी गई सूचना

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**अमेठी।** जनपद में किसानों को आधुनिक कृषि यंत्र उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कलेक्ट्रेट सभागार में सब मिशन ऑन एग्रीकल्चर मैकेनाइजेशन एवं प्रमोशन ऑफ एग्रीकल्चर मैकेनाइजेशन फॉर इन सीटू मैनेजमेंट ऑफ क्रॉप रेजिड्यू (सीआरएम) योजना के अंतर्गत कृषि यंत्रों के चयन हेतु ई-लॉटरी का आयोजन किया गया। यह प्रक्रिया जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गठित जनपद स्तरीय कार्यकारी समिति की उपस्थिति में संपन्न हुई। उप कृषि निदेशक एवं जिला कृषि अधिकारी डॉ. राजेश कुमार ने बताया कि जनपद में विभिन्न कृषि यंत्रों के लिए किसानों द्वारा आवेदन किए गए थे। इनमें लेजर लैंड लेवलर के 01 लक्ष्य के सापेक्ष 13 किसानों, पावर ऑपरेटेड चाफ कटर के 03 लक्ष्य के सापेक्ष 05 किसानों, रोटावेटर के 01 लक्ष्य के सापेक्ष 03 किसानों तथा बेलिंग मशीन (180 से 200 किग्रा.) के 01 लक्ष्य के सापेक्ष 03 किसानों द्वारा आवेदन किया गया था। निर्धारित लक्ष्यों के अनुरूप लाभार्थियों के चयन के लिए ई-लॉटरी प्रक्रिया पूरी की गई। ई-लॉटरी में चयनित एवं प्रतीक्षारत किसानों को उनके मोबाइल नंबर पर एसएमएस के माध्यम से चयन एवं बिल अपलोड करने की अंतिम तिथि की सूचना पोर्टल द्वारा भेज दी गई है। यदि निर्धारित समयावधि में चयनित लाभार्थी कृषि यंत्र नहीं खरीदते हैं, तो शेष लक्ष्यों के सापेक्ष ई-लॉटरी से तैयार प्रतीक्षा सूची के क्रम में अन्य किसानों का चयन किया जाएगा। ई-लॉटरी के माध्यम से लेजर लैंड लेवलर हेतु विकास खंड जगदीशपुर के किसान इश्तियाक अहमद, विकास खंड सिंहपुर की सुमित्रा, तथा बेलिंग मशीन के लिए विकास खंड जामों के किसान विक्रम सिंह का चयन किया गया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) अनिल चतुर्वेदी, उप कृषि निदेशक एवं जिला कृषि अधिकारी डॉ. राजेश कुमार, जिला उद्यान अधिकारी, अग्रणी जिला प्रबंधक, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी, कृषि विज्ञान केंद्र कठौरा के प्रभारी, प्रगतिशील किसान हारित सिंह, विनोद शुक्ला, किरन तिवारी, निर्मला देवी सहित अन्य आवेदक किसान उपस्थित रहे।

## खंड विकास अधिकारी नहीं बैठते हैं कार्यालय में आम जनता की नहीं हो रही है सुनवाई

**●भ्रष्टाचार की आग में डूबी हरैया ब्लाक गरीबों की नहीं होती है सुनवाई।**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बस्ती।** जिले केहरैया ब्लॉक में भ्रष्टाचार का बोलबाला, व्यवस्थाओं पर उठने लगे बड़े सवाल। बीडीओ हरैया विनय कुमार द्विवेदी सीयूजी नंबर तक उठाने से करते हैं परहेज, फरियादी परेशान। सफाई कर्मियों के भरोसे चल रहा ब्लॉक कार्यालय, जिम्मेदारी वाले पटल पर भी वही संभाल रहे काम। जब सफाई कर्मी दिनभर ब्लॉक में ही ड्यूटी कर रहे, तो गांवों में सफाई व्यवस्था कौन संभाल रहा? बड़ा सवाल। रोस्टर के बावजूद पंचायत भवन नहीं पहुंच रहे ग्राम पंचायत सचिव, ग्रामीणों के काम लगातार हो रहे प्रभावित। बीडीओ विनय कुमार द्विवेदी के संरक्षण में सचिवों की मनमानी, गांवों में जाने के बजाय निजी ऑफिस खोलकर कर रहे काम। मीडिया के सामने एडीओ पंचायत ने सचिवों को फोन मिलाया, लेकिन कोई भी अपने रोस्टर के अनुसार ग्राम पंचायत में नहीं मिला। ADO पंचायत ने मीडिया को बताया सभी सचिवों को जारी की जा रही है नोटिस मांगा जा रहा है जवाबलेकिन क्या जारी होगी नोटिस या सिर्फ रहेगा हवा- हवाई साबित हुआ

**यह तो पता चलेगा शाम तक**

वरिष्ठ भाजपा नेता सूर्यबली सिंह ने हरैया ब्लाक में व्याप्त भ्रष्टाचार का उठाया मुद्दा, सोशल मीडिया के जरिए उच्च अधिकारियों से जांच व कार्रवाई की मांग।अब बड़ा सवाल – हरैया ब्लॉक में चल रहे भ्रष्टाचार पर कब लगेगी लगाम और ग्रामीणों को कब मिलेगा सही हक? क्या इसमें उच्च अधिकारी भी है शामिल जिससे नहीं होती है इन कर्मचारियों पर कार्रवाई आखिर कब मिलेगा ग्रामीणको न्याय.. कब मिलेगा पीड़ित व्यक्ति ब्लॉक के चक्कर काटते काटते मायूस हो गया लेकिन अधिकारियों के दया नहीं आई भ्रष्टाचार में डूबे अधिकारी एवं कर्मचारी पीड़ित की सनी ना करकेमयुष कर दिया उसको निराश होकर मीडिया के सामने अपना दुखड़ा बताया फिर भी अधिकारियों की कुर्सी खाली मिला।

## दो सगी बहनों की डूबने से मौत

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बलरामपुर।** गैंड़ास बुजुर्ग थाना क्षेत्र के इटईरामपुर सकडिहवा गांव के पास सरयू नहर में नहाने के दौरान दो सगी बहनों की डूबने से मौत हो गई। शुक्रवार दोपहर हुई इस दर्दनाक घटना से पूरे गांव में मातम छा गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है, जबकि घटना की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर जुट गए।जानकारी के अनुसार गांव निवासी अकबर अली की बेटियां नसरीन (10) व महजबीन (7) शुक्रवार दोपहर करीब 1 बजे घर के पास स्थित सरयू नहर में सूबनजोत पुल के पास नहाने के लिए गई थीं। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक दोनों बहनें नहर के किनारे नहा रही थीं। इसी दौरान छोटी बहन महजबीन अचानक फिसलकर गहरे पानी में चली गई और डूबने लगी। उसे डूबता देख बड़ी बहन नसरीन ने शोर मचाते हुए उसे बचाने की कोशिश की और वह भी नहर में आगे बढ़ गई, लेकिन वह भी गहरे पानी में पहुंचकर डूबने लगी। दोनों बच्चियों की चीख-पुकार सुनकर आसपास खेतों में काम कर रहे ग्रामीण और राहगीर मौके की ओर दौड़े। ग्रामीणों ने तुरंत नहर में उतरकर दोनों बच्चियों को बाहर निकाला, लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी और दोनों ने दम तोड़ दिया था। घटना के बाद गांव में कोहराम मच गया। परिजन और ग्रामीण बच्चियों को लेकर घर पहुंचे, जहां उनकी मौत की खबर से परिवार में चीख-पुकार मच गई।

मृतक दोनों बहनें पढ़ने में भी अच्छी बताई जा रही हैं। वे मदरसा दारुल हुदा गड़रहिया की छात्राएं थीं। नसरीन कक्षा 2 में पढ़ती थी, जबकि छोटी बहन महजबीन नर्सरी की छात्रा थी। दोनों बहनों के असामयिक निधन से मदरसे के शिक्षक और सहपाठी भी गहरे दुख में हैं। घटना की सूचना मिलते ही गैंड़ास बुजुर्ग थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई। थाना अध्यक्ष राजीव मिश्र पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर मौजूद रहे और ग्रामीणों से घटना की जानकारी ली। इस मौके पर थाना अध्यक्ष राजीव मिश्र ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला नहर में नहाने के दौरान डूबने का प्रतीत हो रहा है। पुलिस पूरे मामले की जानकारी कर रही है और पोस्टमार्टम के लिए परिजनों को समझाने का प्रयास किया जा रहा है। हालांकि देर शाम तक परिजन पोस्टमार्टम कराने के लिए तैयार नहीं हुए थे। मृतक बहनों की मां जरीना खातून ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर नहर में डूबने से मौत होने की बात बताते हुए पोस्टमार्टम न कराने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा कि घटना एक हादसा है और परिवार इस दुखद स्थिति में और कार्रवाई नहीं चाहता।

परिवार की आर्थिक स्थिति भी सामान्य बताई जा रही है। मृतक बहनों के पिता अकबर अली मुंबई में रहकर टेंट हाउस में काम करते हैं और वहीं से परिवार का भरण-पोषण करते हैं। वहीं परिवार का सबसे बड़ा बेटा तौफीक अहमद भी मुंबई में मजदूरी करता है। घटना की जानकारी मिलने के बाद परिजनों ने उन्हें सूचना दे दी है। परिवार में मृतक बहनों से दो बहनें बड़ी तथा एक छोटी बहन है। दोनों बहनों की मौत से घर में गहरा सन्नाटा पसरा हुआ है। गांव के लोग भी इस घटना से बेहद दुखी हैं और परिजनों को ढांढस बंधाने के लिए लगातार उनके घर पहुंच रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि गर्मी के दिनों में अक्सर बच्चे और लोग नहर में नहाने के लिए चले जाते हैं, लेकिन नहर में कई जगह अचानक गहराई होने के कारण ऐसे हादसे हो जाते हैं। लोगों ने प्रशासन से नहर के किनारे सुरक्षा के इंतजाम कराने और लोगों को सावधान करने की मांग भी की है, ताकि भविष्य में इस तरह की दर्दनाक घटनाओं को रोका जा सके।

## इण्डोरामा जन सेवा ट्रस्ट हास्पिटल मे आयुष्मान कार्ड से आप्रेशन सुविधाएं निशुल्क

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कमरौली अमेठी।** जनपद अमेठी अन्तर्गत विकासखंड जगदीशपुर के औद्योगिक क्षेत्र स्थित आधुनिक सुविधाओं से लैस इंडोरामा जन सेवा ट्रस्ट हास्पिटल विगत कई वर्षों से चिकित्सा संबंधी सेवाओं मे उत्कृष्ट योगदान दे रहा है सीनियर मैनेजर देव नरायन एवं हास्पिटल सीएमओ वरिष्ठ चिकित्सक डा.यू.सी.शुक्ला के अथक प्रयास तथा कुशल नेतृत्व एवं कुशल चिकित्सक विशेषज्ञों तथा हास्पिटल कर्मचारियों की विशिष्टता मे इस हास्पिटल मे जनपद सहित गैर जनपद के पेशेंट अपना इलाज करवाने इस हास्पिटल मे आते हैं और संतुष्ट होकर जाते हैं इस हास्पिटल मे अब मार्डन आप्रेशन थ्रिएटर का कार्य प्रगति पर है इस हास्पिटल मे डा.यू.सी.शुक्ला फिजीशीएन एवं सोनोलॉजिस्ट, डा.बी.के.शर्मा जनरल सर्जन, डा.रोहित वैसवार एमडी, डा.स्मिता चतुर्वेदी बाल रोग विशेषज्ञ, डा.प्रियंक सिंह हड्डी रोग विशेषज्ञ, डा.संजना सिंह स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ के साथ साथ दंत रोग विशेषज्ञ प्रत्येक शुक्रवार, ईएनटी सर्जन प्रत्येक मंगलवार, न्यूरोलाजिस्ट माह के दूसरे गुरुवार, यूरोलॉजिस्ट दूसरे गुरुवार, कार्डियोलाजिस्ट तीसरे गुरुवार एवं नेत्र रोग विशेषज्ञ शनिवार को ओपीडी मे सेवाएं प्रदान कर रहे हैं जो कि क्षेत्र के लिए सराहनीय है वहीं सामाजिक कार्यों के अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों मे उत्कृष्ट योगदान देने वाली संस्था कृष्णा जन कल्याण सेवा संस्थान रजि के प्रबंधक समाजसेवी पी के तिवारी ने हास्पिटल पहुंचकर हास्पिटल सीएमओ वरिष्ठ चिकित्सक डा.यू.सी.शुक्ला से मुलाकात कर चिकित्सा संबंधी विषयों पर चर्चा की एवं कहा कि आयुष्मान भारत योजना के तहत आयुष्मान कार्ड धारकों का आप्रेशन निशुल्क शुरु होने पर अब क्षेत्र के पेशेंटों को काफी सहूलियत मिल रही है जो कि क्षेत्र के लिए गौरवपूर्ण है।

## सुल्तानपुर में बस परिचालक से लूट

**●कोतवाली नगर से 100 मीटर दूर हुई 18 हजार की वारदात**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



सुल्तानपुर में शुक्रवार भोर में बस स्टेशन के पास एक बस परिचालक से लूट की घटना सामने आई है। बदमाशों ने सुल्तानपुर डिपो के परिचालक विनोद दुबे से लगभग 18,000 रुपये नकद, मोबाइल फोन और बैग छीन लिया। यह वारदात कोतवाली नगर से मात्र 100 मीटर की दूरी पर हुई। कानपुर से सुल्तानपुर पहुंची बस संख्या क्क78चज्ञ 2018 के परिचालक विनोद दुबे के साथ यह घटना सुबह लगभग छह बजे हुई। विनोद दुबे ने बताया कि जगदीशपुर से दो यात्री उनकी बस में बैठे थे। इन यात्रियों ने अपनी मजबूरी बताते हुए कहा था कि वे बस अड्डे पर बिरयानी की दुकान से पैसे लेकर उन्हें दे देंगे। सुल्तानपुर बस अड्डे से लगभग 100 मीटर आगे गोपालदास पुल के निकट बिरयानी की दुकान पर पहुंचने के बाद, बदमाशों ने परिचालक को एकांत में पाकर उनसे रुपयों से भरा बैग छीन लिया। विरोध करने पर बदमाशों ने विनोद दुबे के साथ मारपीट की, उनके कपड़े फाड़ दिए और उनका मोबाइल भी छीन लिया।

लूटे गए बैग में लगभग 18,000 रुपये नकद, मोबाइल फोन, टिकट मार्ग और ईटीएम मशीन मौजूद थी। घटना के बाद, विनोद दुबे ने पैदल भागकर पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने बाद में उनका मोबाइल फोन बरामद कर लिया। परिचालक विनोद दुबे ने कोतवाली नगर में घटना की प्राथमिकी दर्ज करने के लिए तहरीर दी है। इस संबंध में नगर कोतवाल संदीप राय ने बताया कि मामले की जांच पड़ताल की जा रही है और जांच के आधार पर विधिक कार्यवाही की जाएगी। विनोद दुबे सुल्तानपुर डिपो में कार्यरत हैं और अयोध्या जिले के ग्राम नेचारा के निवासी हैं। स्टेशन इंचार्ज, नान्हूराम सरोज ने बताया कि 'हमारी गाड़ी कानपुर से सुल्तानपुर आ रही थी। दो यात्री जगदीशपुर से सुल्तानपुर के लिए बैठे थे उन्होंने कंडक्टर को झांसे में लेकर सब्जी मंडी के अंदर ले जाकर मारपीट की और बैग छीन लिया। बैग में करीब 18 हजार रुपये, एटीएम और टिकट मशीन थी। '

## बारह घंटे में हत्याकांड का मुख्य आरोपी गिरफ्तार

**●पुलिस मुठभेड़ में पैर में लगी गोली, हिस्ट्रीशीटर है पकड़ा गया बदमाश**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सुल्तानपुर** – पुलिस ने कोतवाली देहात के जनऊपुर गांव में हुए हत्याकांड के मुख्य आरोपी दीपक सोनकर को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया है। जवाबी कार्रवाई में आरोपी के पैर में गोली लगी है, जिसके बाद उसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। यह घटना गुरुवार देर रात हुई। अपर पुलिस अधीक्षक अखंड प्रताप सिंह ने बताया कि 5 मार्च को थाना कोतवाली देहात को जनऊपुर गांव में दो पक्षों के बीच मारपीट और गोलीबारी की सूचना मिली थी। इस घटना में दो सगे भाई मोहित सोनकर (30) और मंगल सोनकर (25) को गोली लगी थी, जबकि उनके पिता होमगार्ड वीरेंद्र सोनकर भी घायल हुए थे। घायलों को तत्काल जिला चिकित्सालय भेजा गया, जहां इलाज के दौरान मोहित सोनकर की मृत्यु हो गई। मंगल सोनकर को बेहतर उपचार के लिए लखनऊ रेफर किया गया है। मृतक पक्ष की तहरीर पर 5 नामजद और एक अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था। घटना का मुख्य अभियुक्त दीपक सोनकर था, जिसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस की कई टीमें गठित की गई थीं।

पुलिस ने दीपक सोनकर को उसके घर के पास 'धोपाप' से गिरफ्तार किया। पूछताछ में उसने बताया कि हत्या में इस्तेमाल की गई देसी पिस्टल उसने जनऊपुर में एक झोपड़ी के पीछे खेत में फेंक दी है। जब पुलिस टीम उसे हथियार बरामदगी के लिए मौके पर ले गई, तो आरोपी ने वही पिस्टल उठाकर पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। पुलिस द्वारा आत्मरक्षा में की गई जवाबी कार्रवाई में दीपक सोनकर के पैर में गोली लगी। उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसका उपचार चल रहा है। अभियुक्त दीपक सोनकर के खिलाफ पहले से ही 10 मुकदमे दर्ज हैं और वह थाना लम्भुआ का हिस्ट्रीशीटर भी है। पुलिस के अनुसार, कल हुए गोलीकांड में पांच राउंड फायरिंग की गई थी।

## पूर्वांचल एक्सप्रेस वे पर खराब खड़ी ट्रक में बस ने मारी टक्कर चालक की मौत दो घायल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बल्दीराय सुल्तानपुर।** बल्दीराय थाना क्षेत्र के देहली चौकी अंतर्गत गुज़री पूर्वांचल एक्सप्रेस वे पर गुरुवार रात खड़ी ट्रक में बस ने टक्कर मार दी जिसमें बस चालक की इलाज के दौरान मौत हो गई तथा दोलोग घायल हो गए। जानकारी के अनुसार बल्दीराय थाना क्षेत्र के देहली चौकी अंतर्गत पूर्वांचल एक्सप्रेस वे के माइल स्टोन 101.8 पर गुरुवार रात लगभग ग्यारह बजकर बीस मिनट पर लखनऊ की तरफ से जा रही ट्रक संख्या W B57B 0153 एकाएक खराब हो गई थी जिसे ट्रक चालक साबिर अख्तर पुत्र साहुल अमीन निवासी अजीम टोला थाना बोस्टम नगर जनपद माल्टा किनारे लगाकर सो गया था इसी बीच लखनऊ की तरफ से आ रही तेज रफ्तार बस संख्या U P53FT7812 के चालक इस्लाम पुत्र नूर आलम निवासी अकबर पुर बेस थाना बिरौला जनपद दरभंगा (बिहार) को नींद आ जाने से खड़ी ट्रक के पीछे गुरुवार रात लगभग बारह बजकर पचास मिनट पर टकरा गई जिसमें बस के चालक इस्लाम व कंडक्टर नवीन पुत्र राजकिशन निवासी पिपराइच जनपद गोरखपुर व रूधावा पुत्र शोभाराम निवासी बुलंदा थाना बरौदा जनपद सोनीपत को गंभीर चोटे आई जिन्हें सूचना पर पहुंचे गशती दल बचाव कर्मचारियों ने एम्बुलेंस द्वारा इलाज़ हेतु सौ शैय्या पिठला कुमार गंज जनपद अयोध्या भिजवाया गया जहां इलाज के दौरान बस चालक इस्लाम की मौत हो गई। उक्त दोनों घायलों का इलाज जारी है। इस संबंध में यूपीडा सुरक्षा अधिकारी रामचंद्र वर्मा ने बताया कि प्रथम दृष्टया घटना का होना चालक के नींद में होना लग रहा है उक्त वाहनों को किनारे कर यातायात सुचारू रूप से बहाल करवा दिया गया है।

# संक्षिप्त खबरें

## छत से गिरकर युवक गंभीर रूप से घायल,गंभीर अवस्था में जिला अस्पताल रेफर

**लालगंज (रायबरेली)।** कोतवाली क्षेत्र की कोईली का पुरवा गांव में एक युवक के छत से असंतुलित होकर फर्श पर आकर गिरा। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे फौरन उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। जहां हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया। गांव निवासी सोनू (30) पुत्र रामबली छत पर चढ़े हुए थे। अचानक उनका संतुलन बिगड़ गया। इससे वह करीब 15 फुट ऊंचाई से नीचे फर्श पर आ गिरा। इससे उनके सिर पर गंभीर चोट आ गई। घर वाले उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य लेकर गए। जहां हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

## बहू और बेटे पर बुजुर्ग पिता से मारपीट का आरोप

**लालगंज (रायबरेली)।** कोतवाली क्षेत्र में पारिवारिक विवाद के चलते एक वृद्ध के साथ मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है। पीड़ित वृद्ध ने अपनी बहू और बेटे पर पिटाई करने का आरोप लगाया है। पूरे ओरी मजरे महाखेड़ा गांव निवासी काली प्रसाद तिवारी (72) ने पुलिस से की गई शिकायत में बताया कि किसी बात को लेकर उसके बेटे और बहू ने उसके साथ मारपीट कर दी। इस घटना में उन्हें चोटें भी आई हैं। शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने वृद्ध को मेडिकल के लिए सीएचसी भेजा है। प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

## जहरीला पदार्थ खाने से महिला की हालत बिगड़ी,गंभीर हालत में जिला अस्पताल रेफर

**लालगंज (रायबरेली)।** कोतवाली क्षेत्र के महाखेड़ा गांव में शुक्रवार को एक महिला ने विशाक्त पदार्थ खा लिया। इससे उसकी हालत बिगड़ गई। परिजनों ने फौरन उसे इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां उसकी हालत गंभीर होने पर डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल पर कर दिया। गांव निवासिनी पूजा (22) पत्नी ललित को गंभीर अवस्था में इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य में भर्ती कराया गया था। जहां परिवारीजनों ने डॉक्टरों को बताया कि पूजा ने कोई विषाक्त पदार्थ खा लिया है। इमरजेंसी में तैनात डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद महिला को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। घटना की सूचना पीआई जरिए पुलिस को दी गई है।

## लखनऊ जंक्शन पर अब देखिए रेलवे में शूट हुई फिल्मों के शानदार क्लिप, लग गई LED स्क्रीन

**लखनऊ जंक्शन पर लगी नई एलईडी स्क्रीन।**

**रेलवे परिसर में शूट फिल्मों के क्लिप प्रदर्शित।**

**यात्रियों को मनोरंजन और फिल्म जानकारी मिलेगी।**




**लखनऊ।** पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मंडल हिन्दी फिल्मों की शूटिंग के लिए काफी मनपसंद स्थान रहा है। लखनऊ परिक्षेत्र में स्थित मंडल के विभिन्न स्टेशनों पर समय-समय पर फिल्मों तथा वेब सीरीज की शूटिंग होती रही है। अब लखनऊ जंक्शन स्टेशन के कानकोर्स एरिया में एक एलईडी स्क्रीन लगाई गई है, जो रेलवे परिसर या ट्रेनों में शूट की गई फिल्मों के क्लिप को प्रदर्शित कर रही है। लखनऊ मंडल की इस पहल से स्टेशन पर आने वाले यात्रियों को मनोरंजन के साथ विभिन्न स्टेशनों पर शूट की गयी फिल्मों की जानकारियां मिल रही हैं। लखनऊ मंडल के विभिन्न स्टेशनों लखनऊ सिटी पर बरेली की बर्फी-2017, जबरिया जोड़ी-2019, छोटे नवाब-2020, 14 फेरे-2021, निकम्मा-2022, ब्रीथः इन्टू द शेडो सीजन-2-2022, इंस्पेक्टर अविनाश-2023, कंजूस मक्खीचूस-2023, द उमेश क्रानिकल्स-2024, कन्ट्रोल-2025 व सिंगल सलमा-2025 जैसी फिल्मों की शूटिंग की गयी। इसी तरह लखनऊ जंक्शन, ऐशबाग में भी फिल्मों व वेब सीरीज की शूटिंग की गयी है।

# लखनऊ में स्क्रछात्र पर गोली चलाने वाले दो आरोपी गिरफ्तार, अन्य की तलाश जारी

- एलएलबी छात्र पर फायरिंग मामले में दो आरोपित गिरफ्तार।

**पुरानी रंजिश के चलते हुई थी गोलीबारी की घटना।**

**अवैध पिस्टल बरामद, अन्य आरोपितों की तलाश जारी।**



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखनऊ।** इंदिरानगर के सुग्गामऊ इलाके में एलएलबी छात्र पर फायरिंग की घटना में पुलिस ने दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है, जबकि अन्य की तलाश में दबिश दी जा रही है। आरोपितों के कब्जे से .32 बोर की अवैध पिस्टल, एक कारतूस और एक खोखा बरामद किया है। इंदिरानगर के तकरोही के मायावती कालोनी निवासी विकास चौधरी उर्फ विक्की को गुरुवार दोपहर करीब तीन बजे सुग्गामऊ इलाके में गोली मार दी गई थी। विकास एलएलबी का छात्र है। घटना के बाद उसे तत्काल डा. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान में भर्ती कराया गया, जहां डाक्टरों ने बताया कि गोली उसकी जांघ में लगी है और उसकी हालत खतरे से बाहर है।

घटना के संबंध में विकास के भाई आकाश चौधरी ने थाना इंदिरानगर में कौशर खान उर्फ दिलावर समेत छह लोगों के खिलाफ तहरीर दी थी। आरोप था कि पुरानी रंजिश के चलते आरोपितों ने विकास को घेरकर असलहे से फायर किया। इस मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की।

जांच के दौरान पुलिस टीम ने घटनास्थल के आसपास लगे सीसी कैमरों की फुटेज खंगाली और सर्विलांस की मदद से संदिग्धों की पहचान की। इसके बाद गुरुवार देर रात करीब 11:15 बजे तकरोही के हर्ष विहार कालोनी निवासी मोहम्मद आलम को जरहरा इलाके के पास से गिरफ्तार किया गया। इसके बाद दूसरा आरोपित कुर्सी टिकैतगंज निवासी मोहम्मद रेहान है। पुलिस के मुताबिक दोनों आरोपित बेरोजगार हैं और पुरानी रंजिश के चलते विकास चौधरी पर पिस्टल से फायरिंग की थी। पकड़े गए आरोपितों से पूछताछ के आधार पर अन्य फरार आरोपितों की तलाश में पुलिस लगातार दबिश दे रही है।

## सचिवालय में राज्य परफॉर्मेंस असेसमेंट समिति की बैठक में शामिल होंगे ग्राम प्रधान अखिलेश यादव

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लालगंज (रायबरेली)।** विकासखंड क्षेत्र की मुस्तफाबाद बेलहनी ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधान अखिलेश यादव शुक्रवार को लखनऊ स्थित उत्तर प्रदेश सचिवालय में आयोजित राज्य परफॉर्मेंस असेसमेंट समिति की बैठक में शामिल होंगे। यह बैठक मुख्यमंत्री पंचायत प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत आयोजित की जा रही है। इसमें प्रदेश की चयनित चार ग्राम पंचायतों के ग्राम प्रधानों को आमंत्रित किया गया है। जिसमें रायबरेली से अखिलेश यादव को बुलाया गया है। बैठक की अध्यक्षता उत्तर प्रदेश शासन में कृषि उत्पादन आयुक्त दीपक कुमार करेंगे। ग्राम प्रधान ने बताया कि बैठक का मुख्य उद्देश्य ग्राम पंचायतों के कार्यों का मूल्यांकन करना है। पंचायतों में कराए गए विकास कार्यों, जनहित योजनाओं के क्रियान्वयन और पंचायत स्तर पर पारदर्शिता की समीक्षा की जाएगी। साथ ही पंचायतों के बेहतर प्रबंधन और विकास कार्यों को प्रोत्साहित करने पर भी चर्चा होगी। बैठक में चयनित ग्राम पंचायतों के प्रतिनिधि अपने अनुभव साझा करेंगे। अच्छे कार्य करने वाली पंचायतों के मॉडल को अन्य पंचायतों तक पहुंचाने की भी योजना है।

## अलीगढ़ में आंगन विवाद बना खूनी, पथराव और फायरिंग में दारोगा समेत दो घायल


**अलीगढ़।** मडराक थाना क्षेत्र के गांव पड़ियावली में बुधवार शाम आंगन से निकलने को लेकर हुए विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। दोनों पक्षों के बीच जमकर पथराव हुआ और एक पक्ष की ओर से मकान की छत से फायरिंग कर दी गई, जिससे दो लोग घायल हो गए। घटना से गांव में भगदड़ मच गई। सूचना पर नीरज जादौन कई थानों की फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और स्थिति को नियंत्रित किया। घायलों को आगरा रोड स्थित अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने मुख्य आरोपी सहित कई लोगों को हिरासत में ले लिया है। पड़ियावली निवासी सक्षम पुत्र मनीष का बुधवार शाम पड़ोसी कैलाश पुत्र परम से आंगन से निकलने के विवाद को लेकर कहासुनी हो गई। आरोप है कि कैलाश ने मनीष की बेटी के साथ मारपीट कर दी। विरोध होने पर वह मकान की छत पर चढ़ गया और वहां से फायरिंग शुरू कर दी। इसके बाद दोनों पक्षों में पथराव शुरू हो गया, जिससे गांव में अफरा-तफरी मच गई।

## कर्नाटक में 16 साल से कम उम्र के बच्चों के लिए सोशल मीडिया बैन, क्या अब यूपी की बारी?

- कर्नाटक ने 16 वर्ष से कम बच्चों के लिए सोशल मीडिया प्रतिबंधित किया।

**यूपी में लोगों ने इस फैसले का स्वागत किया, गाइडलाइन की मांग।**

**बच्चों के मानसिक, शारीरिक स्वास्थ्य पर सोशल मीडिया का दुष्प्रभाव।**




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखनऊ।** सोशल मीडिया के प्रयोग से बच्चों में बढ़ रहे दुष्प्रभावों को लेकर पूरी दुनिया में चिंता जाहिर की जा रही है। आस्ट्रेलिया सहित कई देशों के बाद अब कर्नाटक सरकार ने इस दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए 16 वर्ष तक के बच्चों के लिए सोशल मीडिया बैन कर दिया है। बच्चों के सोशल मीडिया पर प्रतिबंध लगाने वाला कर्नाटक देश का पहला राज्य बन गया है। कर्नाटक सरकार के इस फैसले का यूपी में भी लोगों ने स्वागत किया है। लोगों ने यहां पर भी इस तरह की गाइड लाइन बनाने की मांग की है ताकि बच्चों का संपूर्ण शारीरिक और मानसिक विकास हो सके।

सोशल मीडिया के अधिक प्रयोग से बच्चों में कई तरह के दुष्प्रभाव सामने आ रहे हैं। पीजीआई और केजीएमयू जैसे बड़े चिकित्सा संस्थान कई बार सोशल मीडिया के अधिक प्रयोग से बच्चों में बढ़ रहे मानसिक और शारीरिक दुष्प्रभावों के बारे में रिपोर्ट जारी कर चुके हैं हाल के दिनों में कई इस तरह की घटनाओं भी सामने आ चुकी हैं जहां बच्चे सोशल मीडिया से अपराध की दुनिया में चले गए।

डाक्टरों के अलावा विशेषज्ञ भी लगातार बच्चों के मोबाइल प्रयोग को सीमित करने की बात कर चुके हैं। सेलिब्रिटी ग्रीन अपार्टमेंट की प्रीति चौबे कहती हैं कि आजकल बच्चे बहुत कम उम्र में मोबाइल और सोशल मीडिया के संपर्क में आ रहे हैं। इससे उनका ध्यान पढ़ाई से हटता है और कई बार वे गलत जानकारी या कंटेंट के संपर्क में आ जाते हैं। उनका मानना है कि कर्नाटक की तरह प्रदेश सरकार को भी इस दिशा में किसी तरह की गाइड लाइन बनाना चाहिए।

अलीगंज की अनुसुइया भंडारी का कहना है कि सोशल मीडिया का सही उपयोग समझने की उम्र 16 वर्ष के बाद ही आती है। इससे पहले बच्चों को इसकी दुनिया से दूर रखना ही बेहतर है। उनका मानना है कि यदि सरकार ऐसा नियम बनाए तो अभिभावकों को भी बच्चों की परवरिश में मदद मिलेगी। तकनीक का उपयोग जरूरी है, लेकिन उसकी एक सीमा भी होनी चाहिए। सरकार यदि इस दिशा में ठोस नीति बनाती है तो यह आने वाली पीढ़ी के हित में होगा।

अलकनंदा अपार्टमेंट की ही पिंकी भट्ट भी छोटे बच्चों के मोबाइल बैन के फैसले का स्वागत करते हुए कहती हैं कि मोबाइल में लगे रहने से पढ़ाई तो प्रभावित होती ही है बच्चों का सामाजिक व्यवहार भी बदल रहा है। अगर 16 साल से कम उम्र के बच्चों के लिए सोशल मीडिया पर रोक लगे तो यह बच्चों के मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य के लिए बेहतर कदम होगा।

### दुनिया में बच्चों के लिए सोशल मीडिया पर सख्ती

» आस्ट्रेलियाः 2025 में 16 साल से कम उम्र के बच्चों के लिए सोशल मीडिया अकाउंट पर प्रतिबंध लागू किया गया।

» इंडोनेशियाः 2026 से 16 वर्ष से कम उम्र के बच्चों के लिए कई सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर रोक की तैयारी।

» फ्रांसः 15 वर्ष से कम उम्र के बच्चों के लिए सोशल मीडिया अकाउंट बनाने पर अभिभावक की अनुमति अनिवार्य।

» स्पेन और डेनमार्कः 15-16 वर्ष से कम उम्र के बच्चों के लिए सोशल मीडिया प्रतिबंध पर कानून बनाने की प्रक्रिया जारी।

» कर्नाटकः 16 साल से कम उम्र के बच्चों के लिए सोशल मीडिया बैन का प्रस्ताव।

# मुफ्त में घूम सकते हैं ताजमहल और आगरा के दूसरे स्मारक, इस खास दिन पर नहीं लगेगा कोई टिकट

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**आगरा।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर रविवार (आठ मार्च) को ताजमहल समेत सभी स्मारकों में पर्यटकों को निश्शुल्क प्रवेश मिलेगा। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआइ) ने इसका आदेश जारी कर दिया है। भारतीय हों या विदेशी महिला-पुरुष उन्हें स्मारकों में प्रवेश के लिए टिकट नहीं लेना पड़ेगा।

हालांकि, ताजमहल में मुख्य मकबरे पर भीड़ प्रबंधन के लिए लागू 200 रुपये के टिकट में किसी तरह की छूट नहीं मिलेगी। एएसआइ ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर सबसे पहले आठ मार्च, 2020 को स्मारकों को महिला पर्यटकों के लिए निश्शुल्क किया था। वर्ष 2021 से अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर महिलाओं के साथ ही पुरुषों को भी निश्शुल्क प्रवेश देने की व्यवस्था लागू की गई। इस बार अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की थीम 'गिव टू गेन' (पाने के लिए देना) तय की गई है। एएसआइ ने आठ मार्च को सभी स्मारकों को निश्शुल्क करने का आदेश जारी कर दिया है।

ताजमहल में मुख्य मकबरे पर 10 दिसबंर, 2018 को भीड़ प्रबंधन के लिए भारतीय व विदेशी पर्यटकों पर 200 रुपये का अतिरिक्त टिकट लगाया था। मुख्य मकबरे पर जाने के लिए पर्यटकों को यह टिकट आठ मार्च को भी लेना होगा। विदेशी



पर्यटकों को 1100 रुपये और भारतीय पर्यटकों को 50 रुपये प्रवेश शुल्क का टिकट नहीं लेना होगा। अधीक्षण पुरातत्वविद स्मिथा एस. कुमार ने बताया कि ताजमहल में मुख्य मकबरे पर 200 रुपये का टिकट लागू रहेगा। ताजमहल समेत अन्य स्मारकों में पर्यटकों को निश्शुल्क प्रवेश मिलेगा।

## सरसों काट रही महिलाओं पर मधुमक्खियों का हमला, चार घायल; दो की हालत गंभीर

दुर्घटना/हादसा

**लालगंज (रायबरेली)।** क्षेत्र के रासीगांव में शुक्रवार को सरसों की कटाई के दौरान मधुमक्खियों के झुंड ने अचानक हमला कर दिया। हमले में चार लोग घायल हो गए। इनमें दो महिलाओं की हालत गंभीर है। गांव निवासिनी पिंकी (40), कांति (60), पवन (32) और रामदुलारी (28) गांव से करीब दो किलोमीटर दूर खेत में सरसों काट रहे थे। इसी दौरान अचानक मधुमक्खियों का झुंड उन पर टूट पड़ा। मधुमक्खियों ने चारों को कई जगह डंक मार दिए। इससे सभी लोग बुरी तरह घायल हो गए। हमले के बीच किसी तरह पवन वहां से बचकर गांव पहुंचा। उसने ग्रामीणों को घटना की जानकारी दी। सूचना मिलते ही ग्रामीण मौके पर पहुंचे। लोगों ने काफी प्रयास के बाद घायलों को मधुमक्खियों के चंगुल से छुड़ाया और उन्हें उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद पिंकी और कांति की हालत गंभीर होने पर उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया। ग्रामीणों ने बताया कि खेतों के पास जंगल की झाड़ियों में मधुमक्खियों का बड़ा छत्ता लगा हुआ है। अज्ञात कारणों से मधुमक्खियां आक्रामक हो गई और हमला कर दिया।

## लखनऊ-वाराणसी सुपरफास्ट का अब इन 2 स्टेशनों पर भी होगा ठहराव, उत्तर रेलवे की पहल से यात्रियों को मिलेगी सुविधा

- वाराणसी-लखनऊ सुपरफास्ट का शिवपुर, जलालगंज में ठहराव शुरू।

**जौनपुर के यात्रियों को वाराणसी-लखनऊ आवागमन में सुविधा।**

**राज्यमंत्री, सांसद, विधायक ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखनऊ।** यात्रियों की सुविधा के लिए उत्तर रेलवे लखनऊ मंडल ने गाड़ी संख्या 20401/20402 वाराणसी-लखनऊ-वाराणसी शटल सुपरफास्ट एक्सप्रेस का ठहराव जौनपुर जिले के शिवपुर व जलालगंज रेलवे स्टेशनों पर शुक्रवार से शुरू किया है। ठहराव से आसपास के क्षेत्रों के यात्रियों को वाराणसी व लखनऊ आवागमन में सुविधा मिलेगी। गाड़ी संख्या 20401 वाराणसी-लखनऊ सुपरफास्ट शटल एक्सप्रेस का शिवपुर रेलवे स्टेशन पर आगमन व प्रस्थान समय 05:55/05:56 बजे तय किया गया है। लखनऊ से वाराणसी जाने वाली गाड़ी संख्या 20402 का शिवपुर स्टेशन पर आगमन व प्रस्थान समय 22:09/22:10 बजे निर्धारित किया गया है। जलालगंज रेलवे स्टेशन पर गाड़ी संख्या



20401 वाराणसी-लखनऊ सुपरफास्ट शटल एक्सप्रेस का आगमन व प्रस्थान समय 06:26/06:27 बजे है, जबकि लखनऊ से वाराणसी जाने वाली गाड़ी का जलालगंज स्टेशन पर आगमन व प्रस्थान समय 21:23/21:24 बजे है।

### सांसद प्रिया सरोज और राज्यमंत्री रविंद्र जायसवाल ने दी हरी झंडी

शिवपुर रेलवे स्टेशन पर आयोजित कार्यक्रम में राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) स्टांप व न्यायालय शुल्क एवं पंजीयन रविंद्र जायसवाल की उपस्थिति में ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। यहां पर लखनऊ मंडल की ओर से अपर मंडल रेल प्रबंधक/वाराणसी, स्टेशन निदेशक बृजेश कुमार यादव, वाराणसी कैंट, अर्पित गुप्ता उपस्थित रहे। इसी क्रम में जलालगंज रेलवे स्टेशन पर आयोजित कार्यक्रम में मछलीशहर सांसद प्रिया सरोज व विधायक सरोज तूफानी की उपस्थिति में ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। यहां पर लखनऊ मंडल की ओर से वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक गौरव दीक्षित आदि मौजूद रहे।

# राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने कहा- नारी जब अपनी शक्ति पहचान लेती है तो बन जाती है 'नारायणी'

- महिलाओं में शिक्षा और जागरूकता से कुरीतियां खत्म होंगी।

**'केजी टू पीजी' शिक्षा और राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर जोर।**

**एचपीवी टीकाकरण व टीबी उन्मूलन अभियान पर चर्चा हुई।**



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखनऊ।** राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने कहा कि महिलाओं में शिक्षा और जागरूकता बढ़ाना ही बाल विवाह व दहेज जैसी कुरीतियों को खत्म करने का सबसे प्रभावी माध्यम है। नारी स्वयं प्रेरणा का स्वरूप है और जब वह अपनी क्षमता पहचान लेती है तो 'नारायणी' बन जाती है। उन्होंने बाल विवाह और दहेज जैसी कुरीतियों को खत्म करने के लिए महिलाओं में शिक्षा और जागरूकता को जरूरी बताया।

जन भवन में कर्नाटक और त्रिपुरा के 21 सदस्यीय मीडिया प्रतिनिधिमंडल से संवाद के दौरान उन्होंने शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला सशक्तीकरण, टीबी उन्मूलन और सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए चल रहे एचपीवी टीकाकरण अभियान समेत कई विषयों पर चर्चा की।

'केजी टू पीजी' शिक्षा की अवधारणा पर जोर देते हुए कहा कि तीन वर्ष के सभी बच्चों का आंगनबाड़ी में और छह वर्ष के बच्चों का कक्षा एक में शत-प्रतिशत नामांकन सुनिश्चित किया जाना चाहिए। कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के प्रभावी क्रियान्वयन से उच्च शिक्षा में 50 प्रतिशत नामांकन का लक्ष्य हासिल किया जा सकता है।

प्रदेश के विश्वविद्यालयों ने नैक, एनआइआरएफ, क्यूएस एशिया और क्यूएस वर्ल्ड रैंकिंग को लेकर भी उन्होंने चर्चा की। स्वास्थ्य क्षेत्र का उल्लेख करते हुए बताया कि प्रदेश में बालिकाओं को सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए निश्शुल्क एचपीवी टीकाकरण अभियान चल रहा है और अब तक करीब 50 हजार बालिकाओं का टीकाकरण हो चुका है।

सीरम इंस्टीट्यूट आफ इंडिया के सहयोग से आकांक्षी जिलों में तीन लाख डोज उपलब्ध कराई जा रही हैं। साथ ही टीबी उन्मूलन के लिए चार लाख मरीजों को गोद लेने का अभियान चलाया गया है। विशेष कार्याधिकारी डा. पंकज एल जानी और डा. सुधीर महादेव बोबडे ने उच्च शिक्षा, स्वास्थ्य और टीकाकरण से जुड़े कार्यों की जानकारी दी।

## पुरानी रंजिश में युवक पर गोलीबारी, पुलिस ने 24 घंटे में सुलझाया मामला

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखनऊ।** पुरानी दुश्मनी के चलते इंदिरानगर क्षेत्र में एक युवक पर की गई जानलेवा फायरिंग की घटना को थाना इंदिरानगर पुलिस ने मात्र 24 घंटों के अंदर सफलतापूर्वक अनावरण कर लिया। पुलिस ने दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि अन्य की तलाश जारी है। घटनास्थल से 32 बोर की एक अवैध पिस्टल, एक जिंदा कारतूस और एक खोखा कारतूस बरामद किया गया है।

घटना 5 मार्च 2026 की शाम करीब छह बजे विशाल चौराहा के पास सी-567 के निकट हुई। पीड़ित दीनदयाल पुत्र करोहरी दास, इंदिरानगर लखनऊ के निवासी, अपनी बहन की शादी के लिए खरीदारी करने बाजार जा रहे थे। तभी अज्ञात बदमाशों ने उन पर अंधाधुंध फायरिंग कर दी। एक गोली पीड़ित की जांघ में लग गई, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने उन्हें तुरंत अस्पताल पहुंचाया, जहां उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है।

थाना इंदिरानगर में दर्ज प्राथमिकी संख्या 191(2)/191(3)/190/115(2)/109/61(2) के तहत मामला दर्ज किया गया, जिसमें धारा 307 (हत्या का प्रयास), 504 (जानबूझकर अपमान), 506 (आपराधिक धमकी) और आर्म्स एक्ट की विभिन्न धाराएं शामिल हैं। प्रारंभिक जांच में यह सामने आया कि यह पुरानी रंजिश का मामला है। आरोपी पक्ष ने पीड़ित के साथ पहले भी कई बार विवाद किया था, और इस बार उन्होंने सुनियोजित तरीके से हमला बोला।


वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक लखनऊ के निर्देश पर थाना प्रभारी अनुराग के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई। टीम ने सीसीटीवी फुटेज, गवाहों के बयानों और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर अभियोजन को तेजी से आगे बढ़ाया। रविवार सुबह




करीब 10:30 बजे अभियुक्त मोहल्लन उर्फ मो सिराज निवासी टिकट गंज गज धनकुड़ी बरबकी उम्र 21 वर्ष को गिरफ्तार किया गया। उसके कब्जे से 32 बोर की अवैध पिस्टल, एक जिंदा कारतूस और एक खोखा कारतूस बरामद हुआ। दूसरा अभियुक्त मो अलम उर्फ मो अनवर निवासी हर विहार कॉलोनी तकरोही थाना इंदिरानगर उम्र 22 वर्ष भी उसके साथी के रूप में पकड़ा गया।

पुलिस के अनुसार, दोनों आरोपी पीड़ित के पड़ोस के ही निवासी हैं और पुरानी रंजिश के कारण इस वारदात को अंजाम दिया। मोहल्लन के पास से बरामद हथियार से ही फायरिंग की गई थी। पूछताछ में दोनों ने अपना जुर्म कबूल कर लिया है। पुलिस ने अन्य संलिप्त अभियुक्तों की तलाश के लिए दबिशें तेज कर दी हैं। इस सफल अनावरण को 'ऑपरेशन वॉरियर' प्रोजेक्ट के तहत अंजाम दिया गया, जो अपराध नियंत्रण के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान का हिस्सा है। प्रोजेक्ट के तहत 3/25 आयुष अधिनियम के अंतर्गत इंदिरानगर लखनऊ में दर्ज केस संख्या 191(2)/191(3)/190/115(2)/109/61(2) को प्राथमिकता दी गई।

गिरफ्तार अभियुक्तों का आपराधिक इतिहास भी सामने आया है। मोहल्लन के खिलाफ 3/25 आर्म्स एक्ट के तहत एक



पुराना मुकदमा दर्ज है, जबकि मो अनवर के नाम पर 109/70 276/2023 धारा 323, 504, 506 भादवि तथा गुनाह इंदिरानगर लखनऊ का मामला दर्ज है।

### गवाहों और सूत्रों की भूमिका महत्वपूर्ण

पुलिस ने बताया कि इस अनावरण में स्थानीय गवाहों ने अहम भूमिका निभाई। नीरज सिंह उम्र अज्ञात, इंदिरानगर लखनऊ; उमेश वर्मा सिंह उम्र अज्ञात, इंदिरानगर लखनऊ; उमेश तिवारी अहमद उम्र अज्ञात, इंदिरानगर लखनऊ; उमेश गोविंद कुमार थाना इंदिरानगर लखनऊ; तथा कैलाश बहादुर उम्र अज्ञात, इंदिरानगर लखनऊ ने घटना के दौरान महत्वपूर्ण जानकारी उपलब्ध कराई। इसके अलावा, सूचना देने वाले गुप्त सूत्रों को गोपनीय रखा गया है।

थाना प्रभारी अनुराग ने बताया, 'हमारी टीम ने त्वरित कार्रवाई कर अपराधियों को सलाखों के पीछे पहुंचा दिया। इंदिरानगर क्षेत्र में शांति बनाए रखने के लिए पुलिस सतर्क मोड में है। नागरिकों से अपील है कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत दें। 'यह घटना क्षेत्र में बढ़ती आपराधिक प्रवृत्ति को लेकर चिंता बढ़ा रही है। पुलिस ने आश्वासन दिया है कि अपराधियों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा।

# विश्व शान्ति का दिव्यास्त्र अहिंसा

मानव सभ्यता का इतिहास जितना पुराना है उतना ही पुराना संघर्ष और हिंसा का इतिहास भी है। मनुष्य ने विज्ञान में प्रगति की है तकनीक में उन्नति की है और आकाश से लेकर समुद्र की गहराइयों तक अपने कदम बढ़ा दिए हैं। परन्तु एक सत्य आज भी उतना ही प्रासंगिक है जितना हजारों वर्ष पहले था कि यदि मानव के भीतर करुणा और अहिंसा नहीं है तो उसकी सारी प्रगति अधूरी है। आज विश्व के अनेक देशों में युद्ध और संघर्ष का वातावरण बना हुआ है। बड़े राष्ट्र अपनी शक्ति और प्रभुत्व दिखाने के लिए छोटे देशों पर दबाव बना रहे हैं। परिणाम यह हो रहा है कि निर्दोष लोगों का जीवन संकट में पड़ गया है और मानवता पीड़ा से कराह रही है। ऐसे समय में संसार को यदि कोई सच्चा मार्ग दिखा सकता है तो वह है अहिंसा का मार्ग। मानव जीवन में धर्म का अत्यन्त महत्त्वपूर्ण स्थान माना गया है। धर्म केवल पूजा पाठ या किसी विशेष सम्प्रदाय का नाम नहीं है बल्कि वह जीवन की वह चेतना है जो मनुष्य को मानव बनाती है। धर्म हमें संयम सिखाता है करुणा सिखाता है और दूसरों के जीवन के प्रति सम्मान करना सिखाता है। जब मनुष्य धर्म से दूर हो जाता है तब उसके जीवन में स्वार्थ अहंकार और हिंसा का प्रवेश हो जाता है। यही कारण है कि आज संसार के अनेक हिस्सों में अशान्ति का वातावरण दिखाई देता है।

अहिंसा को भारतीय संस्कृति ने सर्वोच्च मूल्य के रूप में स्वीकार किया है। अहिंसा का अर्थ केवल किसी को शारीरिक रूप से चोट न पहुँचाना ही नहीं है बल्कि किसी भी प्राणी के प्रति मन वचन और कर्म से पीड़ा न पहुँचाना भी है। यह एक ऐसी भावना है जो मानव के भीतर दया और प्रेम का विस्तार करती है। जब मनुष्य अपने भीतर करुणा को जगाता है तब उसके भीतर से क्रोध और घृणा स्वतः समाप्त होने लगती है।

इतिहास इस बात का साक्षी है कि हिंसा ने कभी भी स्थायी समाधान नहीं दिया। युद्ध चाहे किसी भी कारण से किया गया हो उसका परिणाम केवल विनाश ही रहा है। युद्ध में केवल सैनिक ही नहीं मरते बल्कि असंख्य निर्दोष नागरिक भी अपनी जान गंवा देते हैं। बच्चों का बचपन छिन जाता है माताओं की गोद सूनी हो जाती है और पूरे समाज की खुशियाँ समाप्त हो जाती हैं। युद्ध समाप्त होने के बाद भी उसके घाव वर्षों तक समाज को पीड़ा देते रहते हैं। आज दुनिया के कई देशों में युद्ध की आग जल रही है। कहीं सीमा विवाद के नाम पर संघर्ष हो रहा है तो कहीं सत्ता और वर्चस्व की लड़ाई चल रही है। बड़े देश अपनी सैन्य शक्ति और आर्थिक ताकत के बल पर छोटे देशों को दबाने की कोशिश करते हैं। यह प्रवृत्ति मानवता के लिए अत्यन्त खतरनाक है। जब शक्तिशाली राष्ट्र अपने अहंकार में आकर कमजोर देशों पर आक्रमण करते हैं तो उसका सबसे अधिक दुष्परिणाम उन निर्दोष लोगों को भुगतना पड़ता है जिनका उस संघर्ष से कोई सम्बन्ध ही नहीं होता। युद्ध में मरने वाला प्रत्येक व्यक्ति किसी का बेटा होता है किसी का पिता होता है और किसी का जीवन साथी होता है। जब बम और मिसाइलें गिरती हैं तो वे केवल भवनों को ही नष्ट नहीं करतीं बल्कि हजारों सपनों को भी मिटा देती हैं। युद्ध की विभीषिका से केवल सैनिक ही नहीं बल्कि सामान्य नागरिक भी प्रभावित होते हैं। भूख गरीबी और विस्थापन जैसी समस्याएँ जन्म लेती हैं और पूरा समाज संकट में घिर जाता है।

मानवता के लिए यह अत्यन्त पीड़ादायक स्थिति है कि आज भी दुनिया में समस्याओं का समाधान हिंसा और युद्ध के माध्यम से खोजा जा रहा है। जबकि इतिहास बार बार यह सिद्ध कर चुका है कि हिंसा से केवल हिंसा ही जन्म लेती है। जब एक राष्ट्र दूसरे राष्ट्र पर आक्रमण करता है तो प्रतिशोध की भावना जन्म लेती है और संघर्ष की श्रृंखला लम्बी होती चली जाती है। इस प्रकार हिंसा का यह चक्र कभी समाप्त नहीं होता। ऐसे समय में संसार को अहिंसा के मार्ग की ओर लौटने की आवश्यकता है। अहिंसा केवल एक आदर्श नहीं बल्कि एक शक्तिशाली नीति है जो समाज को स्थायी शान्ति की ओर ले जा सकती है। भारत के महान नेता महात्मा गांधी ने इसी अहिंसा के मार्ग को अपनाकर विश्व को एक नई दिशा दी थी। उन्होंने यह सिद्ध कर दिया कि बिना हथियार उठाए भी अन्याय के विरुद्ध संघर्ष किया जा सकता है और सत्य तथा अहिंसा के बल पर विजय प्राप्त की जा सकती है। अहिंसा का मार्ग साहस और धैर्य का मार्ग है। यह कमजोर लोगों का नहीं बल्कि महान आत्मबल वाले लोगों का मार्ग है। जो व्यक्ति या राष्ट्र अपने भीतर आत्मविश्वास और नैतिक शक्ति रखते हैं वही अहिंसा को अपनाने का साहस कर सकते हैं। अहिंसा हमें यह सिखाती है कि किसी भी समस्या का समाधान संवाद और समझदारी से किया जा सकता है। विश्व के सभी देशों को यह समझना होगा कि युद्ध और हथियारों की दौड़ से किसी का भला नहीं होने वाला। यदि मानवता को सुरक्षित रखना है तो राष्ट्रों को परस्पर विश्वास और सहयोग की भावना विकसित करनी होगी। शक्ति का उपयोग विनाश के लिए नहीं बल्कि मानव कल्याण के लिए होना चाहिए। आज आवश्यकता इस बात की है कि विश्व के नेता और समाज के बुद्धिजीवी मिलकर शान्ति का संदेश फैलाएँ। शिक्षा और संस्कार के माध्यम से नई पीढ़ी को यह सिखाया जाए कि हिंसा किसी भी समस्या का समाधान नहीं है। जब तक मानव के भीतर करुणा और सहानुभूति का भाव नहीं जागेगा तब तक शान्ति की स्थापना सम्भव नहीं है। यदि मानव जाति को अपने भविष्य को सुरक्षित बनाना है तो उसे अहिंसा को अपनाना ही होगा। यही वह मार्ग है जो भय और संघर्ष से भरे संसार को शान्ति और सुख की ओर ले जा सकता है। हिंसा का मार्ग विनाश की ओर ले जाता है जबकि अहिंसा का मार्ग सृजन और विकास की ओर। इसलिए आज समय की पुकार है कि हम सब मिलकर अहिंसा के संदेश को स्वीकार करें और मानवता की रक्षा के लिए आगे आएँ। जब मनुष्य के हृदय में करुणा और प्रेम का दीपक जल उठेगा तब ही विश्व में सच्ची शान्ति स्थापित हो सकेगी। अहिंसा ही वह दिव्य शक्ति है जो युद्ध की आग को बुझाकर संसार को सुख और शान्ति का मार्ग दिखा सकती है।

**कांतिलाल मांडोत**

# कनाडा यूरेनियम डील: भारत की ऊर्जा क्रांति या पर्यावरणीय संकट की शुरुआत?

**[ कनाडा से यूरेनियम: नेट-जीरो का रास्ता या रेडिएशन का साया? ]**

**[ न्यूक्लियर पावर का नया अध्याय: क्या भारत पर्यावरण न्याय को भूल जाएगा? ]**

ऊर्जा के मोर्चे पर भारत एक ऐसे मोड़ पर खड़ा है, जहाँ भविष्य की दिशा तय हो रही है—एक ऐसा भविष्य जहाँ बिजली की कमी अतीत बन जाए, कारखानों की चिमनियों से उठता धुआँ कम हो और हर घर तक पहुँचने वाली ऊर्जा कोयले की कालिख नहीं बल्कि स्वच्छ स्रोतों से पैदा हो। यह सपना केवल विकास का नहीं, बल्कि जलवायु सुरक्षा का भी है। लेकिन इस उजले भविष्य की राह में कुछ अंधेरे भी छिपे हैं। मार्च 2026 में भारत और कनाडा के बीच हुई अरबों डॉलर की यूरेनियम डील ने इसी द्वंद्व को फिर सामने ला खड़ा किया है। एक ओर यह समझौता ऊर्जा सुरक्षा और कम कार्बन उत्सर्जन का वादा करता है, तो दूसरी ओर खनन, रेडिएशन और पर्यावरणीय खतरों की चिंता भी बढ़ाता है। सवाल है कि क्या यह डील भारत के क्लाइमेट भविष्य को सुरक्षित बनाएगी या यह विकास की ऐसी कीमत होगी जिसे पर्यावरण और आदिवासी समुदायों को चुकाना पड़ेगा?

ऊर्जा सुरक्षा और रणनीतिक सहयोग की दिशा में भारत-कनाडा समझौता एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। यह केवल व्यापारिक सौदा नहीं बल्कि रणनीतिक साझेदारी का प्रतीक भी है। इस डील के तहत कनाडा की खनन कंपनी कैमेको भारत को 2027 से 2035 के बीच लगभग 22 मिलियन पाउंड यूरेनियम देगी, जिससे भारत के 24 परमाणु रिएक्टरों को ईंधन मिलेगा। भारत की वर्तमान परमाणु ऊर्जा क्षमता लगभग 8.88 गीगावाट है, जिसे सरकार 2047 तक लगभग 100 गीगावाट तक बढ़ाने का लक्ष्य रखती है। इसके लिए छोटे मॉड्यूलर रिएक्टर और उन्नत परमाणु तकनीकों पर सहयोग की भी चर्चा है। बढ़ती ऊर्जा मांग और रूस जैसे पारंपरिक ऊर्जा स्रोतों पर वैश्विक दबाव के बीच यह समझौता भारत को एक वैकल्पिक और अपेक्षाकृत स्वच्छ ऊर्जा मार्ग दे सकता है, इसलिए इसे ऊर्जा रणनीति का महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

जलवायु परिवर्तन की चुनौती के बीच परमाणु ऊर्जा को अक्सर एक संभावित समाधान के रूप में प्रस्तुत किया जाता है। भारत ने 2070 तक नेट-जीरो उत्सर्जन और 2030 तक 500 गीगावाट गैर-जीवाश्म ऊर्जा क्षमता का लक्ष्य रखा है। इस परिप्रेक्ष्य में परमाणु ऊर्जा एक स्थिर बेसलोड प्रदान कर सकती है, जो सौर और पवन ऊर्जा की अनियमितता को संतुलित करती है। अध्ययनों के अनुसार परमाणु ऊर्जा से बिजली उत्पादन में कार्बन उत्सर्जन कोयले से कई गुना कम होता है, इसलिए यह जलवायु परिवर्तन से निपटने का महत्वपूर्ण साधन बन सकती है। लेकिन ऊर्जा के इस स्वच्छ चेहरे के पीछे एक जटिल वास्तविकता भी छिपी है—यूरेनियम के खनन, प्रसंस्करण और अपशिष्ट प्रबंधन की प्रक्रिया पर्यावरणीय जोखिमों से भरी हुई है।

ऊर्जा की चमकदार बहस में यूरेनियम खनन के पर्यावरणीय दुष्प्रभाव अक्सर दबकर रह जाते हैं। खदानों से निकलने वाले रेडियोधर्मी टेलिंग्स यानी अपशिष्ट में थोरियम और रेडियम जैसे तत्व मौजूद रहते हैं, जो लंबे समय तक मिट्टी और जल स्रोतों को दूषित कर सकते हैं। कनाडा के सस्कैचेवान क्षेत्र में स्थित कई यूरेनियम खदानों के आसपास भूजल प्रदूषण और वन्यजीवों पर प्रभाव को लेकर समय-समय पर चिंताएँ उठती रही हैं। हालांकि, नियामक रिपोर्ट्स में कुछ साइटों पर सफाई प्रयास चल रहे हैं। भारी मात्रा में पानी के उपयोग और खनन के दौरान उत्पन्न कार्बन उत्सर्जन भी इस प्रक्रिया को पूरी तरह 'स्वच्छ' नहीं रहने देते। यही कारण है कि कई पर्यावरण विशेषज्ञों का मानना है कि परमाणु ऊर्जा के पूरे जीवन चक्र को ध्यान में रखे बिना इसे जलवायु समाधान के रूप में प्रस्तुत करना अधूरा दृष्टिकोण है।

इस पूरी बहस का सबसे संवेदनशील पहलू आदिवासी समुदायों से जुड़ा हुआ है। कनाडा में जिन क्षेत्रों में यूरेनियम खनन होता है, वहाँ डेने, क्री और मेटिस जैसे इंडिजिनस समुदाय सदियों से रहते आए हैं। कई सामाजिक संगठनों का दावा है कि इन क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को रेडिएशन से जुड़ी स्वास्थ्य समस्याओं का सामना करना पड़ा है। फेफड़ों के कैंसर, जेनेटिक विकार और अन्य बीमारियों के मामलों को लेकर वर्षों से चिंता व्यक्त की जाती रही है। कई आदिवासी समूहों का आरोप है कि उनकी जमीनों का इस्तेमाल खनन के लिए किया जाता है, लेकिन निर्णय प्रक्रिया में उनकी सहमति और अधिकारों को पर्याप्त महत्व नहीं दिया जाता।

परमाणु ऊर्जा की यह बहस केवल वैश्विक नहीं, भारत में भी उतनी ही तीव्रता से गूंजती है। झारखंड की जादुगुडा यूरेनियम खदान इसका सबसे चर्चित उदाहरण है, जहाँ स्थानीय हो, संताल और मुंडा आदिवासी दशकों से स्वास्थ्य और पर्यावरण संबंधी चिंताओं को उठाते रहे हैं। कई अध्ययनों में इस क्षेत्र में जन्मजात विकृतियों, कैंसर और अन्य बीमारियों के मामलों को लेकर सवाल उठे हैं। स्वतंत्र अध्ययन इसकी पुष्टि करते हैं, हालांकि यूरेनियम कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड इसे अस्वीकार करता है। टेलिंग पॉन्ड्स से रिसाव की घटनाएँ और जल स्रोतों में भारी धातुओं की मौजूदगी ने स्थानीय लोगों के जीवन को प्रभावित किया है। इन परिस्थितियों में जब परमाणु ऊर्जा विस्तार की बात होती है, तो यह सवाल भी उठता है कि क्या विकास की कीमत हमेशा उन्हीं समुदायों को चुकानी पड़ेगी जो पहले से ही हाशिये पर हैं।

इन चुनौतियों के बावजूद समाधान की संभावनाएँ भी मौजूद हैं। यदि परमाणु ऊर्जा को वास्तव में जलवायु समाधान बनाना है तो खनन से लेकर अपशिष्ट प्रबंधन तक हर चरण में कड़े पर्यावरणीय मानकों को लागू करना होगा। मजबूत पर्यावरणीय प्रभाव आकलन, पारदर्शिता और स्थानीय समुदायों की भागीदारी अत्यंत आवश्यक है। आदिवासी समुदायों के लिए 'फ्री, प्रायर एंड इन्फॉर्म्ड कंसेंट' यानी पूर्व सहमति की व्यवस्था सुनिश्चित की जानी चाहिए। साथ ही नई तकनीकों जैसे छोटे मॉड्यूलर रिएक्टर और उन्नत अपशिष्ट प्रबंधन प्रणालियों पर भी गंभीर निवेश जरूरी है। इससे परमाणु ऊर्जा के जोखिमों को कम करने की दिशा में ठोस कदम उठाए जा सकते हैं।

ऊर्जा, पर्यावरण और न्याय के चौराहे पर खड़ी भारत-कनाडा यूरेनियम डील एक महत्वपूर्ण परीक्षा बन गई है। अंततः यह केवल ऊर्जा का सवाल नहीं है, बल्कि विकास, पर्यावरण और न्याय के बीच संतुलन की भी कसौटी है। यदि यह समझौता जिम्मेदार नीतियों और मजबूत निगरानी के साथ लागू किया जाता है, तो यह भारत के क्लाइमेट लक्ष्यों को हासिल करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। लेकिन अगर पर्यावरणीय जोखिमों और आदिवासी अधिकारों की अनदेखी की गई, तो यह डील एक नई समस्या का कारण भी बन सकती है। इसलिए असली सवाल यही है—क्या हम ऐसा विकास मॉडल चुनेंगे जो ऊर्जा सुरक्षा के साथ-साथ प्रकृति और मानव गरिमा की भी रक्षा करे? भारत के क्लाइमेट भविष्य का उत्तर शायद इसी संतुलन में छिपा है।

**प्रो. आरके जैन 'अरिजीत'**

# संपादकीय

## आधी आबादी का पूरा आकाश: अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का वैश्विक परिप्रेक्ष्य

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस, जो हर साल 8 मार्च को मनाया जाता है, महिलाओं की उपलब्धियों का उत्सव है और लैंगिक समानता की दिशा में संघर्ष का प्रतीक। यह दिन केवल एक तारीख नहीं, बल्कि एक वैश्विक आंदोलन का प्रतीक है जो सदियों से चली आ रही असमानताओं को चुनौती देता है। 1908 में अमेरिका की 15,000 महिलाओं ने न्यूयॉर्क की सड़कों पर उतरकर बेहतर कामकाजी परिस्थितियों, वोट का अधिकार और सम्मानजनक वेतन की मांग की थी। उस आंदोलन ने जन्म लिया, जो आज दुनिया भर में लाखों महिलाओं को प्रेरित करता है। संयुक्त राष्ट्र ने 1975 में इसे आधिकारिक रूप से मान्यता दी, और तब से यह दिन महिलाओं के अधिकारों, उनकी नेतृत्व क्षमता और सामाजिक न्याय की मांग का केंद्र बन गया है। भारत जैसे देश में, जहां महिलाएं प्राचीन काल से देवी के रूप में पूजित होती आई हैं, फिर भी वास्तविकता में उन्हें समान अवसरों से वंचित रखा जाता रहा है। यह दिन हमें याद दिलाता है कि समानता का स्वप्न अधूरा है, जब तक हर महिला को शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और सुरक्षा न मिले।

ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य में देखें तो भारतीय महिलाओं का प्रतिरोध और नेतृत्व कभी थमा नहीं। प्राचीन काल में गार्गी और मैत्रेयी जैसी विदुषियों ने शास्त्रार्थ में अपनी बौद्धिक श्रेष्ठता सिद्ध की, तो मध्यकाल में रानी लक्ष्मीबाई ने अठारह सौ सत्तावन के संग्राम में अपनी वीरता से ब्रिटिश साम्राज्य की नींव हिला दी। आधुनिक भारत की नींव रखने में सावित्रीबाई फुले का योगदान अविस्मरणीय है, जिन्होंने वर्ष 1848 में पुणे में प्रथम बालिका विद्यालय की स्थापना की। उस समय जब समाज लड़कियों की शिक्षा को अधर्म मानता था, सावित्रीबाई पर पत्थर और कीचड़ फेंके जाते थे, किंतु उन्होंने हार नहीं मानी। इसी संघर्ष की परिणति थी कि आज भारत की बेटियां अंतरिक्ष से लेकर ओलंपिक के मैदान तक अपना परचम लहरा रही हैं। स्वतंत्रता संग्राम में सरोजिनी नायडू, अरुणा आसफ अली और भीखाजी कामा जैसी महिलाओं ने यह सिद्ध कर दिया कि राष्ट्र की मुक्ति का मार्ग स्त्री की सहभागिता के बिना संभव नहीं है।

आजादी के पश्चात भारतीय संविधान ने अनुच्छेद चौदह और पंद्रह के माध्यम से लैंगिक समानता को मौलिक अधिकार के रूप में प्रतिष्ठित किया। राजनीतिक पटल पर भारत ने विश्व को राह दिखाई जब इंदिरा गांधी देश की प्रथम महिला प्रधानमंत्री बनीं और अपनी दृढ़ इच्छाशक्ति से वैश्विक भूगोल को बदल दिया। वर्तमान समय में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का सर्वोच्च पद पर आसीन होना इस बात का प्रतीक है कि एक साधारण आदिवासी पृष्ठभूमि से आने वाली महिला भी अपनी योग्यता से शिखर तक पहुँच सकती है। राजनीति में महिलाओं की भागीदारी का एक सशक्त उदाहरण पंचायती राज व्यवस्था है, जहाँ तैंतीस से पचास प्रतिशत आरक्षण के कारण आज लगभग चौदह लाख से अधिक महिलाएं सरपंच और पार्षद के रूप में ग्रामीण भारत की तस्वीर बदल रही हैं। हालांकि, संसद और विधानसभाओं में उनकी हिस्सेदारी अभी भी लगभग चौदह प्रतिशत के आसपास सिमटी हुई है, जिसके लिए निरंतर प्रयास और विधायी समर्थन की आवश्यकता है।

आर्थिक मोर्चे पर महिलाओं की स्थिति और उनकी भागीदारी विकास के मापदंडों को निर्धारित करती है। वैश्विक आर्थिक मंच की वर्ष 2023 की रिपोर्ट के अनुसार, भारत लैंगिक अंतराल सूचकांक में 146 देशों के बीच 127वें स्थान पर खड़ा है, जो यह दर्शाता है कि आर्थिक आत्मनिर्भरता के क्षेत्र में अभी लंबी दूरी तय करनी है। भारत मं महिला श्रम बल भागीदारी दर वर्तमान में लगभग सैंतीस प्रतिशत है, जबकि पुरुषों के मामले में यह आंकड़ा छिहत्तर प्रतिशत से अधिक है। इस अंतर का मुख्य कारण घरेलू उत्तरदायित्वों का असंतुलित बोझ और कार्यस्थलों पर सुरक्षा की कमी है। इसके अतिरिक्त, समान कार्य के लिए समान वेतन का सिद्धांत अभी भी पूर्णतः धरातल पर नहीं उतरा है; आंकड़े बताते हैं कि महिलाओं को पुरुषों की तुलना में लगभग बीस प्रतिशत कम पारिश्रमिक प्राप्त होता है। हालांकि, स्टार्टअप और उद्यमशीलता के क्षेत्र में बदलाव की लहर देखी जा रही है, जहाँ दस में से लगभग दो उद्यम महिलाओं द्वारा संचालित किए जा रहे हैं।

शिक्षा और स्वास्थ्य किसी भी समाज की प्रगति के आधार स्तंभ होते हैं। राष्ट्रीय पारिवारिक स्वास्थ्य सर्वेक्षण के पांचवें चरण के आंकड़े बताते हैं कि भारत में महिला साक्षरता दर में सुधार हुआ है और यह सत्तर प्रतिशत के पार पहुँच गई है, किंतु ग्रामीण क्षेत्रों में अब भी पैंसठ प्रतिशत महिलाएं साक्षरता से वंचित हैं। लड़कियों के विद्यालय छोड़ने की दर अभी भी चिंता का विषय है, जिसका मुख्य कारण सुरक्षा, परिवहन की कमी और स्वच्छता संबंधी सुविधाओं का अभाव है। स्वास्थ्य के क्षेत्र में मातृ मृत्यु दर में उल्लेखनीय कमी आई है, जो प्रति लाख जीवित जन्मों पर संतानबे तक पहुँच गई है, लेकिन कुपोषण और रक्ताल्पता (एनीमिया) अभी भी एक बड़ी चुनौती है। भारत की लगभग संतावन प्रतिशत महिलाएं रक्ताल्पता से पीड़ित हैं, जो उनके कार्यबल और जीवन की गुणवत्ता को प्रभावित करता है। विज्ञान और खेल जगत में भारतीय महिलाओं ने उन रूढ़ियों को तोड़ा है जो उन्हें केवल घर की चारदीवारी तक सीमित मानती थीं। 'मिसाइल वुमन' के नाम से विख्यात टेस्सी थॉमस ने अग्नि मिसाइल परियोजना का नेतृत्व कर यह सिद्ध किया कि तकनीकी कौशल किसी लिंग का मोहताज नहीं है। खेल के मैदान में पीटी उषा की उड़ान से शुरू हुआ सफर आज मैरी कॉम के छह विश्व स्वर्ण पदकों, पीवी सिंधु के ओलंपिक पदकों और मिताली राज के क्रिकेट कीर्तिमानों तक पहुँच चुका है। ये उपलब्धियां केवल पदक नहीं हैं, बल्कि उन करोड़ों लड़कियों के लिए आशा की किरण हैं जो समाज के बंधनों को तोड़कर अपनी पहचान बनाना चाहती हैं।

यद्यपि उपलब्धियां गौरवशाली हैं, परंतु सामाजिक सुरक्षा और अपराध के आंकड़े एक भयावह तस्वीर भी प्रस्तुत करते हैं। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो के वर्ष 2022 के आंकड़ों के अनुसार, महिलाओं के विरुद्ध अपराधों में निरंतर वृद्धि देखी गई है। प्रति घंटे दो से अधिक महिलाओं के साथ होने वाली यौन हिंसा और घरेलू उत्पीड़न के मामले यह बताते हैं कि केवल कानून का निर्माण पर्याप्त नहीं है, बल्कि समाज की चेतना में परिवर्तन अनिवार्य है। उत्तर प्रदेश और बिहार जैसे राज्यों में बाल विवाह की दर अभी भी चुनौतीपूर्ण स्तर पर है, जो लड़कियों के बचपन और उनके भविष्य को अंधकारमय बना देती है। निर्भया कांड के पश्चात कानून को और अधिक कठोर बनाया गया और त्वरित अदालतों की स्थापना की गई, किंतु न्याय की धीमी प्रक्रिया और सामाजिक लोकलाज अभी भी पीड़ितों के मार्ग की बाधा बनी हुई है।

सरकारी योजनाओं ने महिला सशक्तिकरण की दिशा में उत्प्रेरक का कार्य किया है। 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' अभियान ने लिंगानुपात में सुधार लाने और कन्या शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इसी प्रकार 'उज्ज्वला योजना' के अंतर्गत दस करोड़ से अधिक महिलाओं को निःशुल्क गैस कनेक्शन प्रदान कर उन्हें धुएं से होने वाली बीमारियों से मुक्ति दिलाई गई है। 'मुद्रा योजना' के तहत वितरित ऋणों में लगभग सत्तर प्रतिशत लाभार्थी महिलाएं हैं, जो सूक्ष्म और लघु स्तर पर आर्थिक क्रांति का नेतृत्व कर रही हैं। स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से ग्रामीण महिलाएं न केवल आर्थिक रूप से सुदृढ़ हुई हैं, बल्कि वे सामाजिक निर्णय लेने की प्रक्रिया में भी अग्रणी भूमिका निभा रही हैं।

वर्तमान समय में डिजिटल क्रांति ने महिलाओं के लिए संभावनाओं के नए द्वार खोले हैं। 'डिजिटल इंडिया' अभियान के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाएं ई-कॉमर्स, ऑनलाइन बैंकिंग और शिक्षा से जुड़ रही हैं। कोविड महामारी के दौरान जब दुनिया ठहर गई थी, तब आशा कार्यकर्ताओं के रूप में नौ लाख से अधिक महिलाओं ने अग्रिम पंक्ति में रहकर टीकाकरण और स्वास्थ्य सेवाओं का जिम्मा संभाला। यह उनके अदम्य साहस और समर्पण का ही परिणाम था कि भारत इतनी बड़ी आपदा का सामना कर सका। आज तकनीक के युग में महिलाएं कोडिंग से लेकर कृत्रिम बुद्धिमत्ता तक हर क्षेत्र में अपनी उपस्थिति दर्ज करा रही हैं।

निष्कर्षतः, अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस केवल एक उत्सव नहीं, बल्कि एक प्रतिज्ञा है। यह संकल्प है उस समाज के निर्माण का जहाँ किसी व्यक्ति की क्षमता का आकलन उसके लिंग के आधार पर न होकर उसकी योग्यता के आधार पर हो। महिला सशक्तिकरण का अर्थ केवल महिलाओं को अधिकार देना नहीं है, बल्कि उन्हें एक ऐसा वातावरण प्रदान करना है जहाँ वे अपनी इच्छाओं और सपनों को बिना किसी भय के जी सकें। जैसा कि मलाला यूसुफजई ने कहा था कि हम तब तक सफल नहीं हो सकते जब तक हमारी आधी आबादी को पीछे रखा जाएगा। भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का स्वप्न तभी साकार होगा जब देश की प्रत्येक महिला शिक्षित, सुरक्षित और आर्थिक रूप से स्वतंत्र होगी। यह संघर्ष तब तक जारी रहेगा जब तक समानता का अधिकार केवल कागजों तक सीमित न रहकर हर घर और हर दिल की हकीकत न बन जाए। आज हमें यह प्रण लेना होगा कि हम अपनी बेटियों को केवल पढ़ाएंगे ही नहीं, बल्कि उन्हें गगन चूमने के लिए पंख भी देंगे।

**महेन्द्र तिवारी**

# राज्यसभा के रास्ते नीतीश कुमार का वानप्रस्थ गमन!

नीतीश कुमार ने अब राज्यसभा का पर्चा भर कर वानप्रस्थ गमन का रास्ता चुन लिया है। पिछले करीब 20 सालों से बिहार की राजनीति के केंद्र में नीतीश कुमार का दबदबा रहा है । सरकारें बदलीं, गठबंधन बदले, चुनाव आए-गए, लेकिन एक छोटी सी अवधि को छोड़ दिया जाए तो मुख्यमंत्री की कुर्सी पर नीतीश कुमार ही बने रहे। 2005 से बिहार की राजनीति को दिशा देने वाले इस नेता ने अब राज्यसभा जाने की तैयारी कर ली है, और इसके साथ ही सूबे की सियासत में एक बड़ा बदलाव शुरू होने वाला लगता है। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के द्वारा राज्यसभा का नामांकन भरने से यह बात स्पष्ट हो गयी है कि बिहार की राजनीति से एक युग का अब अवसान होने जा रहा है। बिहार की राजनीति में पिछले दो दशकों से यदि किसी एक नेता का सबसे अधिक प्रभाव रहा है, तो वह नाम है नीतीश कुमार। वर्ष 2005 से लेकर अब तक बिहार की सत्ता का केंद्र लगभग लगातार उनके इर्द-गिर्द ही घूमता रहा है। अलग-अलग गठबंधनों, बदलते राजनीतिक समीकरणों और कई चुनावी उतार-चढ़ावों के बावजूद उन्होंने मुख्यमंत्री पद पर अपनी पकड़ बनाए रखी। ऐसे में नीतीश के द्वारा मुख्यमंत्री की कुर्सी छोड़ने का ऐलान बिहार की राजनीति में एक बड़ा बदलाव के रुप में देखा जा रहा है। अगर देखा जाए लगभग साढ़े तीन दशकों तक बिहार की राजनीति दो नामों के इर्द-गिर्द भूमती रही, ये दो नाम हैं लालू प्रसाद यादव और नीतीश। इन दोनों नेताओं ने न केवल बिहार की सत्ता को आकार दिया, बल्कि राज्य की सामाजिक, राजनीतिक और प्रशासनिक दिशा भी तय की। अब जब दोनों ही नेता सक्रिय राजनीति से दूर हो रहे हैं, तब बिहार एक नए दौर के मुहाने पर खड़ा दिखाई दे रहा है। 1990 के दशक में जब लालू प्रसाद यादव सत्ता में आए, तब बिहार की राजनीति में एक नई सामाजिक चेतना का उदय हुआ। लालू ने 'सामाजिक न्याय' को केवल एक राजनीतिक नारा नहीं रहने दिया, बल्कि इसे एक आंदोलन का रूप दिया। पिछड़े वर्गों, दलितों और वंचित समुदायों की राजनीतिक भागीदारी को उन्होंने केंद्र में रखा। लंबे समय से सत्ता के गलियारों से दूर रहे वर्गों को उन्होंने राजनीतिक पहचान और आवाज दी। सत्ता की भाषा बदली, राजनीतिक चेहरे बदले और शासन के केंद्र में सामाजिक प्रतिनिधित्व की नई धारा दिखाई देने लगी। इसमें कोई दोमत नहीं है कि जेपी आंदोलन से निकले नेताओं की एक पूरी पीढ़ी ने पिछले तीन दशकों तक बिहार की राजनीति को दिशा दी। इस पीढ़ी में पुरानी पीड़ी के पीछे हटने का अर्थ है कि बिहार की राजनीति में नई पीढ़ी के नेताओं को अवसर मिलेगा। इन सबके बीच अगर बात नीतीश की की जाए तो, बिहार की राजनीति में उनकी भूमिका केवल एक मुख्यमंत्री की नहीं रही है, बल्कि वे लंबे समय तक राज्य की राजनीति के सर्वमान्य नेता रहे हैं। विभिन्न राजनीतिक विचारधाराओं के लोग भी उन्हें स्वीकार करते रहे हैं। गठबंधन की राजनीति में कई बार वैचारिक मतभेद होने के बावजूद उन्होंने गठबंधन धर्म निभाया और राजनीतिक संतुलन बनाए रखा। उनकी खास पहचान उनकी सामाजिक योजनाओं और प्रशासनिक छवि से बनी। खास तौर पर महिलाओं के बीच उनकी पकड़ काफी मजबूत रही है। पिछले विधानसभा चुनाव में भी महिलाओं का समर्थन एनडीए की जीत का एक बड़ा कारण माना गया था। इसी कारण जब तक वह बिहार की राजनीति में सक्रिय थे, तब तक विपक्षी दलों के लिए उन्हें सीधे चुनौती देना आसान नहीं था। हालांकि, इसी दौर में बिहार की छवि पर कई सवाल भी उठे। कानून-व्यवस्था की स्थिति को लेकर राष्ट्रीय स्तर पर आलोचना हुई और 'जंगलराज' जैसे शब्द राजनीतिक विमर्श का हिस्सा बन गए। विकास की रफ्तार धीमी पड़ने और उद्योगों के बंद होने से बिहार की अर्थव्यवस्था कमजोर होती गई। राज्य से बड़े पैमाने पर पलायन शुरू हुआ और बिहार प्रवासी मजदूरों के प्रदेश के रूप में पहचाना जाने लगा। चीनी मिलों, जूट फैक्ट्रियों और कई छोटे उद्योगों के बंद होने से रोजगार के अवसर घटते गए। इस दौर में बिहार की पहचान सामाजिक न्याय की राजनीति के साथ-साथ पिछड़ेपन और आर्थिक संकट से भी जुड़ने लगी। साल 2005 में बिहार की राजनीति ने एक बड़ा मोड़ लिया जब नीतीश कुमार सत्ता में आए।

यह केवल सत्ता परिवर्तन नहीं था, बल्कि राजनीतिक प्राथमिकताओं में बदलाव की शुरुआत भी थी। नीतीश कुमार ने सामाजिक न्याय की राजनीति को विकास और प्रशासनिक सुधारों के साथ जोड़ने की कोशिश की। उन्होंने बुनियादी ढांचे के विकास को प्राथमिकता दी और बिहार में सड़कों तथा पुलों का व्यापक जाल बिछाया। राज्य के दूरदराज इलाकों को राजधानी पटना से बेहतर तरीके से जोड़ने का प्रयास किया गया। एक समय ऐसा था जब बिहार के कई जिलों से पटना पहुंचने में पूरा दिन लग जाता था, लेकिन सड़क नेटवर्क के विस्तार के बाद यात्रा का समय काफी कम हो गया। यह बदलाव केवल भौतिक संरचना का नहीं था, बल्कि राज्य की मानसिकत्ता और विकास की दिशा में भी महत्वपूर्ण कदम था। नीतीश कुमार ने शासन को अधिक प्रशासनिक रूप देने की कोशिश की और कानून-व्यवस्था को राजनीतिक विमर्श के केंद्र में लाया। उनकी सरकार द्वारा शुरू की गई कई योजनाओं ने समाज पर गहरा प्रभाव डाला। छात्राओं के लिए साइकिल योजना ने शिक्षा के क्षेत्र में एक नया बदलाव लाया। पंचायतों में महिलाओं को आरक्षण देने से स्थानीय राजनीति में महिलाओं की भागीदारी बढ़ी। छात्रवृत्ति और प्रोत्साहन योजनाओं ने ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा को बढ़ावा दिया। इन कदमों ने बिहार की सामाजिक संरचना को धीरे-धीरे बदलने में भूमिका निभाई। नीतीश कुमार की छवि 'सुशासन बाबू' के रूप में स्थापित हुई। उन्होंने प्रशासनिक सुधार, कानून-व्यवस्था और बुनियादी विकास को अपनी राजनीति का आधार बनाया। उनके शासनकाल में बिहार की छवि धीरे-धीरे बदलने लगी। रष्ट्रीय स्तर पर भी बिहार को विकास के नए प्रयासों के संदर्भ में चर्चा मिलने लगी। विहार के विकास में उनके योगदान को हमेशा याद रखा जायेगा। बिहार में सड़कों, शिक्षा, महिला सशक्तिकरण और कानून-व्यवस्था के क्षेत्र में जो बदलाव हुए, उससे राज्य में परिवर्तन आया। मगर भूलना नहीं चाहिए कि राजनीति में बदलाव हमेशा अनिश्चितता लेकर आता है। नीतीश के संभावित फैसले से भी बिहार की राजनीति में कई नए सवाल खड़े हो रहे हैं। क्या जदयू अपनी पुरानी ताकत बनाए रख पाएगी? क्या भाजपा बिहार में अपना मुख्यमंत्री चनाएगी ? क्या नई पीढ़ी के नेताओं को मौका मिलेगा ? और सबसे महत्वपूर्ण सवाल यह है कि क्या नीतीश कुमार राष्ट्रीय राजनीति में नई भूमिका निभाएंगे ? इन सभी सवालों के जवाब आने वाले समय में ही मिलेंगे। लेकिन इतना तय है कि कुमार का यह फैसला केवल एक व्यक्ति के पद परिवर्तन की कहानी नहीं है। यह बिहार की राजनीति के एक लंबे अध्याय के समापन और एक नए अध्याय की शुरुआत का संकेत है।

आपको बता दें नीतीश का राज्यसभा जाना सिर्फ पद का बदलाव नहीं है; यह करीब 5 दशक लंबी राजनीतिक यात्रा का एक नया अध्याय भी हो सकता है। हाल ही में नीतीश कुमार ने खुद कहा है कि अपनी लंबी राजनीतिक जिंदगी में वे बिहार विधानसभा के सदस्य, विधान परिषद के सदस्य और लोकसभा के सांसद रह चुके हैं। अब वे राज्यसभा में भी सेवा देना चाहते हैं। और उसके बाद अगर उन्हें केंद्र सरकार में कोई भूमिका मिली, तो बिहार की राजनीति का यह बड़ा चेहरा फिर से राष्ट्रीय स्तर पर महत्वपूर्ण भूमिका निभाते दिख सकता है। राजनीति में समय के साथ भूमिकाएं बदलती रहती हैं, लेकिन कुछ नेता ऐसे होते हैं जिनकी छाया लंबे समय तक बनी रहती है। नीतीश भी ऐसे ही नेताआ में गिने जाते हैं। मुख्यमंत्री के रूप में उनकी भूमिका चाहे समाप्त हो जाए, लेकिन बिहार और राष्ट्रीय राजनीति में उनकी मौजूदगी आगे भी चर्चा और प्रभाव का विषय बनी रहेगी।

आपको बता दें 2020 के बाद एनडीए में बीजेपी सबसे बड़ी पार्टी बन गई थी। सीटों की संख्या साफ दिखा रही थी कि भाजपा के पास ज्यादा विधायक हैं, फिर भी मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ही रहे। आखिर ऐसा क्यों? इसके 2 मुख्य कारण अक्सर बताए जाते हैं। पहला कारण उनकी सामाजिक आधार है। बिहार में नीतीश कुमार ने अति पिछड़े वर्गों और महिला मतदाताओं से बहुत मजबूत जुड़ाव बनाया है। शराबबंदी जैसी नीतियां और महिलाओं के लिए कल्याण योजनाओं ने उन्हें एक भरोसेमंद और विश्वसनीय नेता की छवि दी है।75 साल की उम्र में स्वास्थ्य कारणों से नीतीश कुमार अब कम मेहनत वाला रोल चुनना चाहते हैं। ऐसे में राज्यसभा उनके लिए एक सम्मानजनक और महत्वपूर्ण मंच हो सकता है। लेकिन बात यहां सिर्फ पद बदलने की नहीं है। यह पार्टी के भविष्य को सुरक्षित करने की कोशिश भी हो सकती है। चर्चा है कि नीतीश कुमार के बेटे निशांत कुमार जल्द ही सक्रिय राजनीति में आ सकते हैं और उन्हें राज्य सरकार में कोई महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी जा सकती है।

**मनोज कुमार अग्रवाल**

स्वामी-स्वतंत्र प्रभात मीडिया, मुद्रक एवं प्रकाशक प्रीती शुक्ला द्वारा अनवर ऑफसेट एम- 58, 59 बेसमेंट विकासदीप बिल्डिंग स्टेशन रोड लखनऊ से मुदित ई-4 सेक्टर-एम/29 अपोजिट उमान एन्क्लेव अलीगंज लखनऊ 226024 से प्रकाशित संपादक-राजीव कुमार शुक्ला , मो0-9511151254 Mail: news@swatantraprabhat.com, RNI No: UPHIN/2019/79073 इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी आर वी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। किसी भी कानूनी विवाद का निपटारा न्यायलय जनपद लखनऊ ही होगा।

# संक्षिप्त खबरें

## फ्रैंक हुजूर अंतर्राष्ट्रीय समाजवादी चिंतक थे : चंद्रभूषण

**देवरिया।** जनपद के रामपुर कारखाना विधानसभा क्षेत्र के डुमरी स्थित सपा जनसंपर्क कार्यालय पर अंतर्राष्ट्रीय समाजवादी चिंतक व लेखक फ्रैंक हुजूर के दूसरे स्मृति दिवस पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर सपा के पूर्व प्रवक्ता चंद्रभूषण यादव ने उन्हें याद करते हुए कहा कि फ्रैंक हुजूर अंतर्राष्ट्रीय स्तर के समाजवादी विचारक और लेखक थे। उन्होंने बताया कि दिल्ली के हिंदू कॉलेज से पढ़ाई के बाद वे लंदन में रहकर समाजवादी विचारधारा पर शोध कर रहे थे। उनकी प्रतिभा को देखते हुए सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने उन्हें भारत बुलाकर अंग्रेजी मासिक और हिंदी साप्ताहिक पत्रिका सोशलिस्ट फैक्टर के संपादन की जिम्मेदारी सौंपी। फ्रैंक हुजूर ने सोहो, इमरान वर्सेज इमरान, 'टीपू स्टोरी और सोशलिस्ट मुलायम सिंह यादव जैसी चर्चित रचनाएं लिखीं। 6 मार्च 2025 को 47 वर्ष की आयु में उनका निधन हो गया। कार्यक्रम में कई लोगों ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

## खड़ंजा निर्माण में मानक विहीन ईंटों के प्रयोग को लेकर उठे सवाल



**गोण्डा।** विकास खंड रूपईडीह की ग्रामसभा रुकमंगदपुर में लगभग 400 मीटर खड़ंजा मार्ग का निर्माण कार्य शुरू कराया गया है। यह मार्ग बनहनपुरवा गांव के मंदिर से होते हुए प्राथमिक विद्यालय पिपरी के मोड़ तक जोड़ा जाएगा, जिससे ग्रामीणों को आवागमन में सुविधा मिलने की उम्मीद है।हालांकि निर्माण कार्य शुरू होते ही इसकी गुणवत्ता को लेकर सवाल उठने लगे हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि खड़ंजा निर्माण में मानक विहीन ईंटों का प्रयोग किया जा रहा है और कई स्थानों पर ईंटें ठीक से नहीं बैठाई जा रही हैं, जिससे सड़क की मजबूती पर संदेह पैदा हो रहा है।ग्रामीणों का कहना है कि यदि निर्माण कार्य में मानकों का पालन नहीं किया गया तो कुछ ही समय में सड़क खराब हो सकती है और सरकारी धन की बर्बादी होगी। ग्रामीणों ने संबंधित विभाग के अधिकारियों से निर्माण कार्य की जांच कराकर मानक के अनुसार कार्य कराने की मांग की है। इस संबंध में एडीओ पंचायत गिरजेश पटेल ने बताया कि मामले की जांच कराई जाएगी और यदि अनियमितता पाई जाती है तो आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## बेजुबान कुत्तों को लाठी से मारने का आरोप



### आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग

**ललितपुर।** शहर के कटरा बाजार क्षेत्र में बेजुबान कुत्तों को लाठी डंडों से मारने का गंभीर मामला सामने आया है। इस संबंध में स्थानीय निवासी ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र देकर आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। कटरा बाजार निवासी अजितेश जैन (सोनू भारती) पुत्र अजीत कुमार जैन ने जिलाधिकारी को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि एक अधेड़ व्यक्ति जिनकी दुकान कटरा बाजार में है, पिछले कई वर्षों से मोहल्ले के कुत्तों को लाठी - डंडों से मार रहे हैं। शिकायतकर्ता के अनुसार 29 जनवरी 2026 को भी उन्होंने इसी प्रकार करीब एक माह के दो पिल्लों को मार दिया, जिसमें एक पिल्ले की मौके पर ही मौत हो गई थी और दूसरे की 31 जनवरी को मृत्यु हो गई। पीड़ित पक्ष का कहना है कि इस मामले की शिकायत पहले भी की जा चुकी है, लेकिन कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई। आरोप है कि 4 मार्च 2026 को दोपहर करीब 2.30 बजे आरोपी ने फिर एक कुत्ते को लाठी से पीटकर मार डाला, जिसकी सीसीटीवी वीडियो भी मौजूद होने का दावा किया गया है। इस संबंध में उसी दिन सदर कोतवाली में भी शिकायत दर्ज कराई गई है। शिकायतकर्ता ने प्रशासन से मांग की है कि बेजुबान पशुओं के साथ हो रही इस क्रूरता को देखते हुए आरोपी के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं पर रोक लग सके।

# खजनी में रास्ते के विवाद ने लिया हिंसक रूप, लाठी-डंडों से हमला; वीडियो वायरल होने पर पुलिस की कार्रवाई पर उठे सवाल

### ●परिवार को दी गई जान से मारने की धमकी, घायल दहशत में; पहले 151 में चालान, वीडियो वायरल होने के बाद कराया गया मेडिकल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**खजनी : गोरखपुर।** जनपद के खजनी थाना क्षेत्र के पल्हईपार राय गांव में पुराने रास्ते के विवाद ने मंगलवार की शाम अचानक हिंसक रूप ले लिया। आरोप है कि कुछ दबंग युवकों ने रास्ता रोककर पीड़ित धर्मबीर तिवारी के परिवार से कहासुनी शुरू कर दी, जो देखते ही देखते मारपीट में बदल गई। विवाद इतना बढ़ गया कि आरोपियों ने लाठी-डंडों से हमला कर दिया, जिससे पीड़ित गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार 3 मार्च की शाम करीब छह बजे रास्ते को लेकर दोनों पक्षों के बीच पहले से चला आ रहा विवाद फिर से उभर आया। आरोप है कि दबंग युवकों ने रास्ता रोककर पीड़ित से बहस शुरू कर दी और कुछ ही देर में गाली-गलौज




के साथ मारपीट शुरू हो गई। पीड़ित का आरोप है कि आरोपियों ने लाठी-डंडों से ताबड़तोड़ हमला किया, जिससे उसके कई लोगो सिर और शरीर पर गंभीर चोटें आई और खून बहने लगा।

पीड़ित ने बताया कि जब उसने मोबाइल से घटना का वीडियो बनाना शुरू किया तो आरोपी और उग्र हो गए। वीडियो रिकॉर्ड होते देख उन्होंने और अधिक आक्रामक होकर हमला तेज कर दिया। इस दौरान परिवार के अन्य सदस्यों को भी अपशब्द कहे गए और खुलेआम जान से मारने की धमकी दी गई। घटना के दौरान आसपास मौजूद ग्रामीणों ने बीच-बचाव कर किसी तरह स्थिति को नियंत्रित किया, अन्यथा मामला और गंभीर हो सकता था। मारपीट के बाद घायल पीड़ित खजनी थाने पहुंचा और आरोपियों के खिलाफ लिखित तहरीर देकर सख्त कार्रवाई तथा परिवार की सुरक्षा की मांग की। हालांकि पीड़ित धर्मबीर तिवारी का आरोप है कि पुलिस ने शुरुआत में दोनों पक्षों के खिलाफ केवल 151 सीआरपीसी के तहत चालान कर मामले को शांत कराने की कोशिश की। लेकिन जब घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ तो मामले ने तूल पकड़ लिया। इसके बाद घायल को चिकित्सीय परीक्षण के लिए भेजा गया।

इस मामले में खजनी थाना प्रभारी जयन्त सिंह ने मीडिया से बातचीत में कहा कि पीड़ित प्रारंभ में मुकदमा दर्ज नहीं कराना चाहता था, इसलिए पहले मुकदमा दर्ज नहीं किया गया। उन्होंने बताया कि अब तहरीर मिलने के बाद मामले की जांच की जा रही है और आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी। इधर स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि घटना का वीडियो वायरल नहीं होता तो शायद मामले में गंभीर कार्रवाई नहीं होती। फिलहाल घटना के बाद से पीड़ित परिवार दहशत में है और आरोपियों के डर से घर से बाहर निकलने में भी हिचक रहा है। परिवार ने मामले में निष्पक्ष जांच और सुरक्षा की मांग करते हुए उच्चाधिकारियों से हस्तक्षेप की गुहार लगाई है।

## पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्ष भिड़े 11 नामजद के खिलाफ दर्ज हुआ केस




**सहजनवां गोरखपुर** - सहजनवां थाना क्षेत्र के धर्मदास पट्टी निवासी बोधगया पुत्र श्याम नैन का गांव के एक व्यक्ति से पुरानी रंजिश चलती है। बुधवार को शाम 6 बजे के करीब विपक्षी गाली गलौज करते हुए लाठी, डंडा,फावड़ा, सब्बल,लेकर घर पर आ गए। और घर में घुसकर बेटे हरिओम और बेटी अंशिका को मारपीट कर घायल कर दिए। और दरवाजा भी तोड़ दिए। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी हरिश्चंद शर्मा,सदानंद शर्मा,शिवानंद शर्मा,विनय शर्मा,शिवानंद की पत्नी,पिंटू शर्मा के खिलाफ बलवा,घर में घुसकर मारपीट,तोड़फोड़,जान से मारने की धमकी देने का केस दर्ज कर लिया है। वहीं दूसरे पक्ष विंदु देवी पत्नी शिवानंद ने आरोप लगाया है कि पुरानी रंजिश को लेकर बुधवार को शाम 6 बजे विपक्षी लाठी डंडा लेकर घर पर चढ़ आए। पति शिवानंद,जेठ सदानंद को मारपीट कर घायल कर दिए। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी डब्लू, हरिओम, राहुल, टमाटर और नाटे के खिलाफ बलवा,मारपीट,जान से मारने की धमकी देने का केस दर्ज कर लिया है।

# छितौनी-तमकुही रेल लाइन की जमीन का भुगतान जल्द

### ●जटहां बाजार व जरार में लगेगा विशेष कैंप

### एडीएम (जे) प्रेम कुमार राय का आश्वासन, स्वयं कैंप में उपस्थित होकर किसानों की समस्याएं करेंगे दूर

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कुशीनगर।** जनपद में छितौनी-तमकुही रोड रेल लाइन परियोजना के लिए अधिग्रहित जमीन के भुगतान को लेकर प्रशासन ने प्रक्रिया तेज कर दी है। अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) प्रेम कुमार राय ने बताया कि प्रभावित किसानों के भुगतान से जुड़ी समस्याओं के समाधान के लिए शनिवार से लेकर एक सप्ताह के भीतर विशेष कैंप आयोजित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि तहसीलदार, कानूनगो और लेखपाल की टीम जटहां बाजार एवं जरार स्थित प्राथमिक विद्यालय में कैंप लगाकर



किसानों की भुगतान संबंधी कागजी समस्याओं का मौके पर ही समाधान करेगी। जिन किसानों के दस्तावेजों में किसी प्रकार की त्रुटि या अन्य दिक्कतें हैं, उनका निस्तारण कर भुगतान प्रक्रिया को आगे बढ़ाया जाएगा। एडीएम (जे) प्रेम कुमार राय ने आश्वासन दिया है कि वह स्वयं कैंप में उपस्थित रहकर किसानों की समस्याओं को सुनेंगे और भुगतान संबंधी सभी अड़चनों को दूर कराने का प्रयास करेंगे, ताकि प्रभावित किसानों को अधिग्रहित जमीन का मुआवजा जल्द से जल्द उनके बैंक खातों में मिल सके। प्रशासन की इस पहल से क्षेत्र के किसानों में उम्मीद जगी है कि लंबे समय से लंबित भुगतान की समस्या का समाधान जल्द हो सकेगा।

## अग्नि पीड़ित उर्मिला को नेताओं ने दी आर्थिक मदद

**रूद्रपुर, देवरिया।** अगलगी की घटना में पीड़ित उर्मिला गुप्ता को नेताओं ने आर्थिक मदद दी है। विदित हो कि होली के दिन बुधवार को अचानक इमामबाड़ा तिराहा स्थित जगदंबा श्रृंगार घर के दुकान में आग लग गई थी। जब तक दमकल की गाड़ी दुकान पर पहुंची तब तक बहुत देर हो चुकी थी और दुकान में रखा सारा सामान जलकर खाक हो गया था। जानकारी के अनुसार दुकान मालकिन उर्मिला गुप्ता ने अप्रैल माह में अपनी पुत्री की शादी तय कर रखी है। जिसके लिए कपड़े खरीद लिए गए थे। आग की घटना में वे सभी जलकर राख हो गए। घटना की जानकारी होने पर क्षेत्रीय विधायक जयप्रकाश निषाद ने 11 हजार जबकि चेयरमैन प्रतिनिधि छट्ठेलाल निगम ने 21 हजार रुपए की सहायता राशि दिया और बेटी की शादी में हर संभव मदद का आश्वासन भी दिया।

## श्री श्री 108 कुण्डीय यज्ञ हेतु निकली भब्य कलश यात्रा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**रामलक्षन, देवरिया ।** क्षेत्र के प्रसिद्ध शिव मंदिर के परिसर से श्री श्री 108 भव्य कलश यात्रा निकाली गई।धार्मिक आस्था उत्साह के साथ बड़ी संख्या में श्रद्धालु इस कलश यात्रा में शामिल हुए।महिलाओं ने सर पर कलश रखकर गगनभेदी जयकारों के साथ यात्रा में शामिल हुई। यह कलश यात्रा मंदिर के परिसर से शुरू होकर रामलक्षन चौराहा होते हुए खोरमा कन्हौली मार्ग पर शिवपुर- पड़रही होते हुए मझना करिहंवा पुल पर पहूंचा । हर हर महादेव, सत्य का जय हो व विश्व का कल्याण हो के गगनभेदी नारों से पुरा वातावरण भक्तिमय हो गया । वैदिक मंत्रोच्चार के बीच वहां कलश में पवित्र जल भरने के बाद करिहवा गांव व लुअठही चौराहा होते हुए पुनः शिव मंदिर परिसर यात्रा पहुंचा।आचार्यों द्वारा विधि-विधान से कलशों की स्थापना की



गई। अयोध्या से चलकर आए डॉ महेंद्र दास वेदांती ने कहा कि ऐसे धार्मिक कार्यो से समाज का क्षेत्र का कल्याण होता है धर्म पर विजय की प्राप्ति होती है इस अवसर पर शिव मंदिर पुजारी ओमप्रकाश गिरी हनुमान मंदिर पुजारी नेबुलाल दास , प्रधान प्रतिनिधि दिग्विजय निषाद, जिला पंचायत भावी प्रत्याशी पंकज मल्ल, अजय मल्ल, पलटन निषाद ,शिवदयाल निषाद ,रामसेवक निषाद,जगदम्बा शर्मा, दिनेश निषाद, राजु निषाद, गोलू गुप्ता , हरीकिशोर यादव, आदि गणमान्य उपस्थित रहे।

# खजनी में दहशत का राजः रात के अंधेरे में 25 बदमाशों ने परिवार पर किया जानलेवा हमला, महिलाओं के साथ अभद्र व्यवहार, पुलिस सोई

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**खजनी :गोरखपुर-** जिले के खजनी थाना क्षेत्र के व्याना गांव में बीती रात करीब 10 बजे एक निहत्थे परिवार पर 25 से ज्यादा बदमाशों ने संगीन हमला बोल दिया। जंगली जानवरों की तरह घर में घुसकर लूटपाट, तोड़फोड़, मारपीट और महिलाओं के साथ अभद्र व्यवहार किया गया। पत्थरों और ईंटों की बौछार से पांच लोग घायल हो गए। परिवार की महिलाएं चीख-चीखकर जान बचाने को मजबूर रहीं। पूरे इलाके में दहशत का माहौल है। पीड़ित परिवार ने आरोप लगाया कि स्थानीय बदमाश छुट्टन यादव पुत्र रामबेतास यादव के नेतृत्व में यह हमला किया गया। पीड़िता किरण (पत्नी राधेश्याम इवे) ने व्याना प्रभारी को दिए गए आवेदन में बताया कि छुट्टन यादव रात में घर के मुख्य दरवाजे पर चप्पलें पहनकर जोर-जोर से दौड़ते हुए पहुंचा। जब रोका गया तो गाली-गलौज शुरू कर दी। फिर उसने फोन पर 20-25 लोगों को बुला लिया। लवकुश, वृदेश, पुलगा, रामवेतास यादव, महेंद्र



यादव, धर्मेंद्र पुत्र रामलखन, बिरेंद्र यादव पुत्र रामसूरत समेत अन्य बदमाश एकजुट हो गए।

इन लोगों ने घर पर ईट-पत्थर बरसाने शुरू कर दिए। जब परिवार ने विरोध किया तो बदमाशों ने दरवाजा तोड़कर अंदर घुस लिया। राधेश्याम इवे, उनके बड़े बेटे प्रशांत, बेटी अर्पिता और छोटे बेटे शिवशांत को बुरी तरह पीटा गया। घर का सारा सामान तोड़ डाला गया। बेटी और किरण के साथ अभद्र व्यवहार किया गया। जब विरोध किया तो प्रद्युम्न और अन्य बदमाशों ने असलहा तान दिया। पीड़िता ने चीखकर मदद मांगी। तभी पड़ोसी शैलेश पासवान पुत्र शिवप्रसाद और अन्य ग्रामीणों ने पहुंचकर परिवार की जान बचाई। पीड़िता ने बताया कि ये लोग गांव के कुख्यात गुंडे हैं। दिन-रात दहशत फैलाते रहते हैं। खजनी थाने में इनके खिलाफ पहले भी मुकदमा दर्ज है, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। 112 और थाना प्रभारी को तुरंत सूचना दी गई, फिर भी पुलिस मौके पर नहीं पहुंची। परिवार ने जान बचाने के लिए घर में घुसकर ताला बंद कर लिया था।

पीड़ित परिवार अब न्याय की गुहार लगाया लेकिन दो दिन करवाई नही हुआ , बीडीओ बायरल के पुलिस गुरुबार को हरकत में आई आज डॉक्टरी परीक्षण में भेजा गया ।बादकिरण ने लिखा है, 'हमारी जान को खतरा है। इन बदमाशों को तुरंत गिरफ्तार कर सख्त कार्रवाई की जाए।' स्थानीय लोग भी पुलिस की निष्क्रियता पर सवाल उठा रहे हैं। खजनी थाना प्रभारी ने अभी तक कोई बयान नहीं दिया है। क्या पुलिस इन गुंडों के खिलाफ कार्रवाई करेगी या फिर पीड़ित परिवार को न्याय के लिए सड़क पर उतरना पड़ेगा? पूरे जिले में इस घटना की चर्चा है।

# राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के तहत छात्र एक्सपोज़र विज़िट पर रवाना, गोरखपुर के प्रमुख स्थलों का करेंगे भ्रमण

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोलाबाजार गोरखपुर-** गोला ब्लॉक अंतर्गत राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के तहत बेसिक शिक्षा परिषद के कंपोजिट स्कूलों एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों के छात्रों को शैक्षिक भ्रमण (एक्सपोज़र विज़िट) के लिए शुक्रवार को रवाना किया गया। इस दौरान छात्रों में खासा उत्साह देखने को मिला। प्राप्त जानकारी के अनुसार बीएसएवी इंटर कॉलेज के सामने स्थित खेलकूद प्रांगण से खंड शिक्षा अधिकारी उदय शंकर राय तथा पूर्व एआरपी विपिन कुमार मिश्र के नेतृत्व में छात्रों से भरी बस को जिला अध्यक्ष हरेकृष्ण दुबे और ब्लॉक अध्यक्ष काशीनाथ तिवारी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। कार्यक्रम के दौरान मौजूद लोगों ने छात्रों को शैक्षिक भ्रमण का महत्व बताते हुए उन्हें यात्रा के दौरान अनुशासन और सीखने की भावना बनाए रखने की




सलाह दी। अधिकारियों ने बताया कि पिछले वर्ष की तरह इस वर्ष भी छात्रों को गोरखपुर शहर के प्रमुख शैक्षिक, सांस्कृतिक और ऐतिहासिक स्थलों का भ्रमण कराया जा रहा है। इस दौरान छात्र गोरखपुर चिड़ियाघर, नौकायन स्थल, तारामंडल, गोरखनाथ मंदिर, बौद्ध संग्रहालय और रेल म्यूजियम जैसे महत्वपूर्ण स्थानों को देखेंगे। इन स्थलों के माध्यम से छात्रों को विज्ञान, इतिहास, संस्कृति और पर्यावरण से जुड़ी कई महत्वपूर्ण जानकारियां प्राप्त होंगी, जिससे उनके ज्ञान और अनुभव में वृद्धि होगी। बताया गया कि भ्रमण के दौरान छात्र पूरे दिन विभिन्न स्थलों का अवलोकन करेंगे और शाम को पुनः गोला के लिए प्रस्थान करेंगे। छात्रों के सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित भ्रमण की जिम्मेदारी संतोष कुमार, सरयूशरण, रामनयन शुक्ल, मृत्युंजय राम, पप्पू, आकांक्षा, रचना मिश्रा, प्रदीप मिश्र, राजन यादव और रामलाल यादव को सौंपी गई है। शिक्षकों की देखरेख में सभी छात्र उत्साह के साथ भ्रमण के लिए रवाना हुए। इस अवसर पर उपेंद्र मिश्र, जैनेंद्र दुबे, कुमैल असरफ, हितेश यादव सहित अन्य लोग भी मौजूद रहे।

## दूसरे प्रयास में यूपीएससी में 445वीं रैंक, तरकुलवा के अनिल ने बढ़ाया मान

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**देवरिया।** जनपद के तरकुलवा नगर पंचायत के वार्ड नंबर 14 मीरा बाई नगर निवासी 23 वर्षीय अनिल मिश्रा ने संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) 2025 की परीक्षा में 445वीं रैंक हासिल कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उनकी इस उपलब्धि से परिवार और इलाके में खुशी का माहौल है।

अनिल की सफलता पर पिता सुरेंद्र मिश्रा सहित परिजनों ने मिठाई खिलाकर खुशी जताई। इस मौके पर भाजपा नेता जितेंद्र राव, नगर पंचायत अध्यक्ष जनार्दन कुशवाहा, श्रीपति मिश्रा, अभय मिश्रा, दुष्यंत राव, शिक्षक दिनेश प्रताप राव, दिवाकर राव, गणेश राव, जयंत सिंह, गौरी शंकर राव, सोनू सिंह, रविंद्र यादव और प्रधानाचार्य वृंदावन सहित कई लोगों ने बधाई दी। अनिल ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा सरस्वती विद्या मंदिर से प्राप्त



की। उन्होंने वर्ष 2017 में हाईस्कूल में 9 सीजीपीए, इंटरमीडिएट में 91.2 प्रतिशत अंक हासिल किए। इसके बाद 2022 में रमेश चंद्र राव नवतप्पी महाविद्यालय से स्नातक में 79.27 प्रतिशत अंक प्राप्त किए।

एक विशेष बातचीत में अनिल ने बताया कि उन्होंने स्व-प्रेरणा से स्वाध्याय करते हुए तैयारी की और दूसरे प्रयास में यह सफलता हासिल की। उन्होंने कहा कि लक्ष्य के प्रति समर्पण और निरंतर मेहनत ही सफलता की कुंजी है।

## किशोरी के अपहरण का केस हुआ दर्ज

**लालगंज, प्रतापगढ़।** किशोरी के अपहरण को लेकर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पीड़ित पिता ने पुलिस को तहरीर देकर अनहोनी की आशंका जतायी है। लालगंज कोतवाली के एक गांव के पीड़ित पिता ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीती पांच मार्च की शाम करीब पांच बजे उसकी चौदह वर्षीया पुत्री घर से शौच के लिए निकली थी। घर न लौटने पर काफी खोजबीन के बाद भी किशोरी का कहीं पता नहीं चला। पीड़ित ने अनहोनी की आशंका जताते हुए अज्ञात व्यक्ति द्वारा किशोरी के अपहरण का आरोप लगाया है। प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार का कहना है कि जांच के बाद अज्ञात आरोपी के खिलाफ अपहरण का मुकदमा दर्ज किया गया है।


# जनपद में अब तक कुल कितने ग्राम पंचायतों में पेयजल की व्यवस्था हुई प्रारंभ-जिलाधिकारी

### ●बैठक में संबंधित फॉर्मेट पर विभाग में चल रहे कार्यों के संबंध में विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश-डीएम

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोण्डा।** कलेक्ट्रेट सभागार, में जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन की अध्यक्षता में जल जीवन मिशन योजनान्तर्गत जनपद में संचालित विभिन्न कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक में जनपद के ग्रामीण क्षेत्रों में शुद्ध पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित कराने के लिए चल रही परियोजनाओं की प्रगति पर विस्तृत समीक्षा की गई।बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने संबंधित विभाग के अधिकारियों से जनपद के ग्राम पंचायतों एवं मजरों में जल जीवन मिशन के तहत कराए जा रहे कार्यों की अद्यतन स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने विशेष रूप से यह जानने का निर्देश दिया कि अब तक जनपद के कितने ग्राम पंचायतों तथा मजरों में योजनाओं के अंतर्गत सुचारू रूप से पेयजल आपूर्ति की व्यवस्था प्रारम्भ हो चुकी है। जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता (एक्सईएन) को निर्देशित करते हुए कहा




कि जनपद के सभी ग्राम पंचायतों एवं मजरों में पेयजल आपूर्ति की स्थिति से संबंधित विस्तृत रिपोर्ट निर्धारित प्रारूप (फॉर्मेट) में शीघ्र उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने कहा कि इससे योजनाओं की वास्तविक प्रगति का आकलन करने में सुविधा होगी तथा जिन क्षेत्रों में कार्य अधूरा है या पेयजल आपूर्ति प्रारम्भ नहीं हो सकी है, वहां शीघ्र आवश्यक कार्यवाही की जा सकेगी।

बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि जल जीवन मिशन के अंतर्गत ग्राम पंचायतों में चल रहे निर्माण कार्यों की गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता न किया जाए। उन्होंने कहा कि यह योजना ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को शुद्ध एवं सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से संचालित की जा रही है, इसलिए कार्यों को निर्धारित मानकों के अनुरूप ही पूर्ण किया जाना आवश्यक है। इसके साथ ही उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी परियोजनाओं को निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूर्ण कराया जाए। उन्होंने कहा कि जहां भी कार्यों में अनावश्यक विलम्ब पाया जाएगा, वहां संबंधित अधिकारियों की जिम्मेदारी तय की जाएगी।

जिलाधिकारी ने यह भी कहा कि संबंधित अधिकारी समय-समय पर स्थलीय निरीक्षण कर कार्यों की प्रगति एवं गुणवत्ता की जांच सुनिश्चित करें, जिससे योजनाओं का लाभ समय पर ग्रामीणों तक पहुंच सके।बैठक में जल जीवन मिशन से जुड़े विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे तथा जनपद में योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।बैठक में अपर जिलाधिकारी आलोक कुमार, एक्सईएएन जल निगम विभाग तथा कार्य संस्थाओं के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# हकीकुल्लाह चौधरी कालेज ऑफ़ फार्मेसी मे राष्ट्रीय फार्मा शिक्षा दिवस का हुआ आयोजन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**मनकापुर गोण्डा-** हकीकुल्लाह चौधरी कॉलेज ऑफ फार्मेसी में 'फार्मा अन्वेषण 2026' के अंतर्गत राष्ट्रीय फार्मेसी शिक्षा दिवस मनाया गया।हकीकुल्लाह चौधरी कॉलेज ऑफ फार्मेसी में 'फार्मा अन्वेषण 2026' के अंतर्गत राष्ट्रीय फार्मेसी शिक्षा दिवस का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम भारत में फार्मेसी शिक्षा के अग्रदूत प्रोफेसर एम.एल. शारूफ की जयंती के अवसर पर आयोजित किया गया।इस अवसर पर विभिन्न शैक्षणिक गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिनमें वेबिनार, पोस्टर प्रेजेंटेशन तथा फार्मा क्विज प्रतियोगिता प्रमुख रहीं। कार्यक्रम के अंतर्गत 'आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस इन ड्रग डिस्कवरी एंड डेवलपमेंट' विषय पर एक वेबिनार आयोजित किया गया, जिसमें गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय, हरिद्वार के डॉ. कपिल गोयल ने मुख्य वक्ता के रूप में विद्यार्थियों को संबोधित किया। उन्होंने आधुनिक औषधि खोज एवं विकास में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की भूमिका और संभावनाओं पर विस्तृत जानकारी दी।

पोस्टर प्रेजेंटेशन प्रतियोगिता में बी.फार्मा चतुर्थ सेमेस्टर के छात्र उस्मान खान ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं फार्मा क्विज प्रतियोगिता में टीम-बी के छात्र प्रशांत मिश्रा, अंकित जायसवाल, दिलीप वर्मा और मोहम्मद आसिफ विजेता रहे।कार्यक्रम का संचालन कॉलेज के प्राचार्य प्रोफेसर जावेद अख्तर के मार्गदर्शन में किया गया। उन्होंने विद्यार्थियों को फार्मेसी शिक्षा में नवाचार, शोध और तकनीकी ज्ञान को अपनाने के लिए प्रेरित किया।इस अवसर पर कॉलेज के संकाय सदस्यों एवं कर्मचारियों में अल्तमाश खान, अभिनाश साहू, मोहम्मद सलीम, इसरार अहमद, सुमन यादव, अफसाना बेगम, प्रतिभा दुबे, दीपक कुमार, शिवम शुक्ला, कोमल गुप्ता, परवेज खान सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## बानपुर में विवाद के बाद लाठी-डंडों से मारपीट, आधा दर्जन से अधिक लोग घायल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** बानपुर क्षेत्र में दो पक्षों के बीच विवाद के बाद लाठी-डंडों से जमकर मारपीट हो गई, जिसमें आधा दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए। घटना से इलाके में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। पीड़ित परिवार का आरोप है कि होली खेल रहे कुछ



लोगों ने मिलकर उन पर हमला कर दिया, जिससे कई लोग घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया।

परिवार का कहना है कि मामले की शिकायत पुलिस से की गई, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसके बाद पीड़ित पक्ष ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र देकर पूरे मामले में जांच कराकर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।

## संक्षिप्त खबरें

### नवाबगंज से कुड़रा कोठी मार्ग पर आए दिन लगती है जाम



**बरेली/नवाबगंज** के बिजोरिया स्टेशन से कुड़रा कोठी जाने वाली सड़क गंगापुर से छोटी नहर के किनारे पटरी पर स्थित है इस सड़क के टूटे होने एवं नहर के किनारे होने से यात्रियों को अधिक संकट का सामना करना पड़ता है इस सड़क पर जब भी कोई बड़ा वहां ट्रक बस या कंपाइन जैसी बड़ी मशीनरी के आने पर बाइक चालकों टुकटुक टेंपो आदि के निकलने का संकट उत्पन्न हो जाता है इस सड़क से लोग कूड़ाराकोठी होकर बहेड़ी रुद्रपुर काशीपुर आदि स्थानों पर जाने के लिए यह मार्ग सीधा पड़ता है जिसके कारण इस पर चलने वालों की संख्या अधिक रहती है यह मार्ग नवाबगंज विधानसभा के अंतर्गत आता है इस सड़क के चौड़ीकरण एवं मरम्मत कार्य की अति आवश्यक है इसके न होने से इस सड़क से निकालने वालों को भारी संकट का सामना करना पड़ता है।

### नाबालिग के साथ घर में घुसकर छेड़छाड़,विरोध पर पीटा


**बरेली/क्यो** लड़िया थाना क्षेत्र के एक गांव में एक नाबालिग किशोरी को घर पर अकेला देखकर एक युवक ने उसके साथ छेड़छाड़ शुरु कर दी। उसके कपड़े फाड़ दिए और जब नाबालिग ने विरोध किया तो आरोपित ने पिटाई कर उसे डराना धमकाना शुरु कर दिया। शिक़ायत पर पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। क्योलड़िया थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक ने पुलिस को शिकायती पत्र देते हुए आरोप लगाया 4 मार्च को शाम करीब नौ बजे उसकी पुत्री घर में अकेली थी। उसी दौरान गांव का ही सुरेन्द्र उनके घर में घुस आया और बेटी के साथ छेड़छाड़ करने लगा। उसने कपड़े फाड़ डाले और आरोपित ने विरोध करने पर पिटाई कर दी। जब वह चीखी तो आरोपित वहां से भाग निकला। घटना की जानकारी नाबालिग ने स्वजन को दी तो उन्होंने डायल 112 पर सूचना दी। पुलिस ने शिकायती पत्र पर आरोपित सुधीर कुमार के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की है।

### जद(यू0) संगठनात्मक चुनाव 2026 में जदयू प्रदेश अध्यक्ष के रूप में नवनिर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष श्री उमेश सिंह कुशवाहा जी को बधाई एवं शुभकामनाएं



**गोपालगंज- पटना ,** बिहार प्रदेश जनता दल यूनाइटेड , संगठनात्मक निर्वाचन 2026 2025 से 2028 तक के लिए तीसरी बार निर्विरोध रूप से नवनिर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष के रूप में माननीय विधायक श्री उमेश सिंह कुशवाहा जी को बधाई एवं शुभकामनाएं जनता दल यूनाइटेड के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष सह गोपालगंज सांसद डॉश आलोक कुमार सुमन जी एवं बिहार प्रदेश जनता दल यूनाइटेड के प्रदेश महासचिव सह गोपालगंज के पूर्व जिला अध्यक्ष प्रमोद कुमार पटेल ने पटना में आवास पर मिलकर निर्वाचन के बाद बधाई एवं शुभकामनाएं दी दोनों नेताओं ने प्रदेश अध्यक्ष जी के कुशल नेतृत्व में बूथ स्तर तक संगठन की मजबूती और विस्तार के लिए उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामना दें!

### जद(यू0) संगठनात्मक चुनाव 2026 में जदयू प्रदेश अध्यक्ष के रूप में नवनिर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष श्री उमेश सिंह कुशवाहा जी को बधाई एवं शुभकामनाएं




**गोपालगंज- पटना ,** बिहार प्रदेश जनता दल यूनाइटेड , संगठनात्मक निर्वाचन 2026 2025 से 2028 तक के लिए तीसरी बार निर्विरोध रूप से नवनिर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष के रूप में माननीय विधायक श्री उमेश सिंह कुशवाहा जी को बधाई एवं शुभकामनाएं जनता दल यूनाइटेड के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष सह गोपालगंज सांसद डॉश आलोक कुमार सुमन जी एवं बिहार प्रदेश जनता दल यूनाइटेड के प्रदेश महासचिव सह गोपालगंज के पूर्व जिला अध्यक्ष प्रमोद कुमार पटेल ने पटना में आवास पर मिलकर निर्वाचन के बाद बधाई एवं शुभकामनाएं दी दोनों नेताओं ने प्रदेश अध्यक्ष जी के कुशल नेतृत्व में बूथ स्तर तक संगठन की मजबूती और विस्तार के लिए उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामना दें!

# पखवाड़ा बीता सरकारी जमीन पर कब्जा जस-का-तस विभाग कार्रवाई से कोसो दूर

**● लालच में राजस्व विभाग के कार्यशैली पर उठ रहे सवाल**

**दमड़ी के भाव दान किए जा रहे सरकारी जमीन सुविधा शुल्क लेकर विभाग ने बंद किया अपना मुंह**




**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**बस्ती।** बस्ती जिले के सबसे बड़ी तहसीलहरैंया तहसील अंतर्गत राजस्व गांव बैरहना में गाटा संख्या 42 एवं 43 की जमीन पर बने कोठी को खाली कराना विभाग के गले का फांस बनता जा रहा है । उच्च अधिकारियों को शिकायती पत्र देने के बावजूद राजस्व विभाग द्वारा कोई ठोस कार्यवाही नही किया गया है । ग्रामिणो ने विभाग की कार्यशैली पर सवाल खड़े करते हुए कहा कि भूमाफिया कर्मचारी को दमड़ी का लालच दिखा कर अपने मनसुबे में कामयाब होते नजर आ रहे हैं । पखवाड़ा बीत जाने के बाद भी संबंधित अधिकारियों की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है, जिससे ग्रामीणों में रोष व्याप्त है।ग्रामीणों का आरोप है कि मामले की लिखित शिकायत उच्च अधिकारियों को देने के बावजूद राजस्व विभाग ने न तो स्थलीय निरीक्षण किया और न ही कब्जा हटाने की दिशा में प्रभावी कदम उठाए। इससे विभाग की कार्यशैली पर सवाल खड़े हो रहे हैं।गांव के लोगों का कहना है कि दबंग भूमाफिया कर्मचारियों को लालच/अपने पहुंच का भय दिखाकर कानून को मसलने की बात करते है। यहां जनता की बाते सही साबित हो रही है । आठ जुलाई 2020 की शिकायत और फरवरी 2026 की शिकायतो पर यदि हरैया तहसील प्रशासन कार्रवाई की होती तो बुद्ध सागर पांडे को दुबारा डीएम को शिकायत नही देना पड़ता7 दबंग भूमाफिया हरिश्चंद्र पाण्डे तथा नारायण पाण्डे का भय पूरे गांव में इस कदर व्याप्त है कि वह सबको कीडा मकोड़ा समझता है । सरकारी कर्मचारी को मसलने तक की बाते भी करते ग्रामीणो ने अपने कानो से सुना है । जो उन लोगों ने मीडिया को बताया है ।

चर्चा यह भी है कि 'सुविधा शुल्क' के चलते सरकारी जमीन को दमड़ी के भाव दान किए जाने जैसा माहौल बना हुआ है और जिम्मेदार विभाग चुप्पी साधे हुए है।ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि मामले की निष्पक्ष जांच कराकर अवैध कब्जा तत्काल हटाया जाए तथा दोषी अधिकारियों व कर्मचारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।अब देखना यह है कि जिला प्रशासन इस गंभीर प्रकरण को कितनी गंभीरता से लेता है और सरकारी भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराने के लिए कब तक प्रभावी कदम उठाए जाते हैं।

# पूर्व मंत्री आनंद स्वरूप शुक्ल द्वारा आयोजित होली मिलन समारोह में उमड़ा जनसैलाब, भाजपा के दिग्गज नेताओं की रही मौजूदगी

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



बलिया नगर के पूर्व विधायक एवं उत्तर प्रदेश सरकार के पूर्व मंत्री आनंद स्वरूप शुक्ल द्वारा आयोजित भव्य होली मिलन समारोह में जनसैलाब उमड़ पड़ा। रंग, उत्साह और आपसी सौहार्द से भरे इस आयोजन में भाजपा के कई वरिष्ठ नेता, पदाधिकारी और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल हुए। पूरे कार्यक्रम के दौरान उत्सव का माहौल बना रहा और लोगों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं।समारोह में प्रमुख रूप से पूर्व विधायक सुरेंद्र सिंह, पूर्व मंत्री उपेंद्र तिवारी, विधायक केतकी सिंह, भाजपा बलिया के प्रभारी विजय बहादुर दुबे, पूर्व मंत्री राजधानी सिंह तथा पूर्व विधायक भगवान पाठक समेत कई गणमान्य नेता उपस्थित रहे। इसके अलावा बिहार के आरा से भाजपा जिला अध्यक्ष, मऊ के पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष सहित भाजपा के अनेक पदाधिकारी और कार्यकर्ता कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने यह भी कहा कि वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव में पुनः प्रदेश में भाजपा की सरकार बनाने का संकल्प लिया गया है। साथ ही बलिया जिले की सातों विधानसभा सीटों पर कमल का फूल खिलाने का लक्ष्य तय करने की बात भी कही गई, जिसके लिए कार्यकर्ताओं से अभी से पूरी मजबूती के साथ जुटने का आह्वान किया गया। समारोह में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया, जिसने कार्यक्रम की रौनक को और बढ़ा दिया। भोजपुरी के लोकप्रिय गायक गोलू राजा, हरेंद्र सिंह, सनी पांडे, अंकित पाठक, वैष्णवी राय तथा अर्चना राय सहित कई कलाकारों ने अपने गीत-संगीत और शानदार प्रस्तुतियों से लोगों का मन मोह लिया। इस दौरान पूर्व मंत्री आनंद स्वरूप शुक्ल ने सभी अतिथियों को सम्मानित किया और कार्यक्रम में पहुंचे कार्यकर्ताओं तथा समर्थकों का गर्मजोशी से स्वागत करते हुए उनका आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि होली का पर्व प्रेम, भाईचारे और सामाजिक समरसता का संदेश देता है, जिसे सभी को मिलकर आगे बढ़ाना चाहिए। भव्य होली मिलन समारोह का




आयोजन सतीश चंद्र कॉलेज मैदान में किया गया था, जहां बड़ी संख्या में लोगों की उपस्थिति ने कार्यक्रम को बेहद भव्य बना दिया। कार्यक्रम में आए सभी अतिथियों और कार्यकर्ताओं के लिए भोजन की भी विशेष व्यवस्था की गई थी। समारोह के समापन अवसर पर पूर्व मंत्री आनंद स्वरूप शुक्ला ने सभी अतिथियों, पदाधिकारियों और उपस्थित जनसमूह का धन्यवाद ज्ञापित किया।

## इजरायल ईरान युद्ध का आने लगा असर, फिरोजाबाद में गैस कोटा में कटौती; कांच उद्योग के सामने खड़ा हुआ संकट



**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**फिरोजाबाद।** अमेरिका और इजराइल द्वारा ईरान पर हमला करने का असर शहर के मुख्य कांच और चूड़ी उद्योग पर पड़ा है। कारखानों में प्रयोग होने वाली तीन लाख घनमीटर गैस के कोटा में कटौती की गई है। ऐसे हालात में उद्यमियों को स्पाट रिगैसीफाइड लिक्विड नेचुरल (आरएलएनजी) गैस का प्रयोग करना हो, जो यूनिफार्म प्राइज मैकेनिज्म (यूपीएम) गैस से डेढ़ गुणा तक महंगी हो सकती है। ताज संरक्षित क्षेत्र होने के बाद वर्ष 1996 से हाईकोर्ट के आदेश पर शहर के कांच और चूड़ी उद्योग के लिए नेचुरल गैस उपलब्ध कराई गई थी। वर्तमान में संचालित 200 इकाइयों में प्रतिदिन 15 लाख घनमीटर गैस की खपत हो रही है। इसमें 11 लाख घनमीटर एडमिनिस्ट्रेटिव प्राइज मैकेनिज्म (एपीएम) और चार लाख घनमीटर आरएलएनजी को मिक्स कर यूपीएम गैस दी जाती है। इससे अधिक गैस प्रयोग करने पर स्पाट आरएलएनजी गैस दी जाती है, जो एपीएम गैस से तीन गुणा से अधिक महंगी होती है। ईरान पर हमले के चलते कतर से मिलने वाली गैस के कोटा में तीन लाख घनमीटर तक कटौती हो गई है। गेल गैस के अधिकारी इस कटौती होने की सूचना ई-मेल के माध्यम से उद्यमियों को भेज रहे हैं, जिससे उद्यमियों के लिए नया संकट खड़ा हो गया है।

## डीजल खत्म होने की अफवाह फैलाने वालों पर होगी सख्त कार्रवाई

**सिंगाही खीरी।** जनपद लखीमपुर खीरी में पेट्रोल, डीजल और सीएनजी, एलपीजी का पर्याप्त भंडारण उपलब्ध है। पेट्रोल,डीजल खत्म होने की अफवाह फैलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। जिलापूर्ति अधिकारी अंजनी कुमार सिंह पेट्रोलियम एसोसिएशन के अध्यक्ष अभिषेक दीक्षित ने लोगों से अपील करते हुए कहा है कि जनपद के पेट्रोल पंपों पर प्राकृतिक ईंधन पेट्रोल, डीजल और सीएनजी, एलपीजी की पर्याप्त उपलब्धता है। किसी भी प्रकार की कमी नहीं है।उन्होंने कहा कि कुछ लोग सोशल मीडिया पर पेट्रोल,डीजल समाप्त होने की भ्रामक अफवाह फैला रहे हैं, जिससे लोगों में अनावश्यक भ्रम की स्थिति पैदा हो रही है। ऐसे लोगों की पहचान कर उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इस संबंध में अधिकारियों और पेट्रोलियम एसोसिएशन के पदाधिकारियों का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें लोगों से अफवाहों पर ध्यान न देने और किसी भी प्रकार की परेशानी में ईंधन का अनावश्यक भंडारण न करने की अपील की गई है। जिलापूर्ति अधिकारी अंजनी कुमार सिंह ने बताया की जनपद में प्राकृतिक ईंधन सीएनजी गैस, डीजल, पेट्रोल की के भंडारण पर्याप्त मात्रा में है इसलिए उपभोक्ता की जरूरत पूरी होती रहेगी। अनावश्यक रूप से अफवाह फैला कर डीजल पेट्रोल की अवैध बिक्री करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जायेगी।

# प्रशासन की चेतावनी जनपद में पेट्रोल-डीजल की कमी की खबरें 'भ्रामक',

**● अफवाह फैलाने वालों पर एफ आई आर होगी दर्ज, सुनील मलिक**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**गोला गोकर्णनाथ खीरी।** थानाध्यक्ष हैदराबाद सुनील मलिक ने यह संदेश जारी करते हुये बताया कि जनपद लखीमपुर खीरी प्रशासन ने सोशल मीडिया पर पेट्रोल और डीजल की किल्लत को लेकर चल रही खबरों का खंडन करते हुए इसे पूरी तरह निराधार और भ्रामक बताया है। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जनपद में ईंधन की कोई कमी नहीं है और आपूर्ति व्यवस्था सुचारू रूप से जारी है। ईंधन की पर्याप्त उपलब्धता प्रशासन द्वारा जारी बयान में कहा गया है कि जनपद के सभी पेट्रोल पंपों पर पेट्रोल और डीजल की पर्याप्त उपलब्धता है। सप्लाई चेन पूरी तरह सामान्य है और नागरिकों को घबराने की कतई,आवश्यकता नहीं है। अफवाहों से बचें, न करें साझा जिलाधिकारी एवं पुलिस प्रशासन ने आम जनता से अपील की है कि सोशल मीडिया पर प्रसारित की जा रही किसी भी अपुष्ट खबर पर विश्वास न करें। ऐसी भ्रामक सूचनाओं को आगे फॉरवर्ड या साझा न करें, जिससे जनता में अनावश्यक घबराहट पैदा हो। कठोर कार्रवाई के निर्देश ? प्रशासनिक अधिकारियों ने सख्त चेतावनी दी है कि सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफॉर्म्स की निगरानी की जा रही है। जो भी व्यक्ति शांति व्यवस्था भंग करने या भ्रामक सूचना फैलाने का दोषी पाया जाएगा, उसके विरुद्ध तत्काल एफआईआर (FIR) दर्ज कर कठोर विधिक कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

## ऐतिहासिक पहलः कस्बा खीरी में पहली बार खिदमतगारों को उमरा का तोहफा

खीरी टाउन मोहल्ला सैयदवाड़ा की मस्जिद ग़ौसुल आज़म में 15 रोज़ा तरावीह मुकम्मल होने पर एक नई मिसाल कायम की गई है।पेश इमाम हाफ़िज़ मोहम्मद तारिक़ रज़ा और मोअज़्ज़िन मोहम्मद तौहीद रज़ा को ग़ौसे आज़म यूथ फाउंडेशन की जानिब से उमरा का टिकट पेश किया गया। मस्जिद कमेटी और मुसाल्लियों की तरफ से भी भारी नज़राना देकर हौसला अफजाई की गई। तरावीह मुकम्मल होने पर मुल्क में अम्नो-अमान की खास दुआ की गई।कस्बा खीरी और आसपास के इलाकों में यह पहली बार हुआ है कि किसी तंज़ीम ने इमाम और मोअज़्ज़िन साहब को इस तरह सम्मानित किया है। यह कदम पूरे क्षेत्र में चर्चा और तारीफ का विषय बना हुआ है। फाउंडेशन की टीमः सदर फैजी, सेक्रेटरी साहिबे आलम, खजांची ताहिर, हाफिज रहमानी, हाफिज वारिस, हसीन बबलू, फारूक, आकिब, शाहिद रज़ा, अमन और फाउंडेशन के सभी 53 सदस्यों का यह प्रयास काबिले-तारीफ है।

## ग्राम प्रधान कटहिया की मिलीभगत के आरोप के बीच सार्वजनिक भूमि पर अवैध निर्माण

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**




**निघासन खीरी।** ब्लॉक निघासन क्षेत्र की ग्राम पंचायत कटहिया में सार्वजनिक उपयोग की भूमि पर जबरन कब्जे का मामला सामने आया है।

आरोप है कि अन्नपूर्णा भवन के लिए प्रस्तावित जमीन पर एक व्यक्ति द्वारा नींव भरकर निर्माण कराया जा रहा है। इस मामले में ग्राम प्रधान की मिलीभगत के भी आरोप लगाए जा रहे हैं।

सूचना मिलने पर कुछ दिन पूर्व कानूनगो शशिप्रकाश सिंह तोमर और हल्का लेखपाल श्रीनिवास त्रिपाठी मौके पर पहुंचे थे और निर्माण कार्य को तत्काल रुकवाने के निर्देश दिए थे। हालांकि ग्रामीणों का आरोप है कि इसके बावजूद निर्माण कराने की कोशिश जारी रही है। इस पूरे घटनाक्रम का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें कथित कब्जेदार सुनील मौर्या, ग्राम प्रधान जसवंत कुमार से पूछकर निर्माण कराने की बात कहते हुए दिखाई दे रहे हैं तथा राजस्व टीम से बहस भी करते नजर आ रहे हैं।

लेखपाल के अनुसार गाटा संख्या 83/0.146 की यह भूमि सार्वजनिक उपयोग के लिए आरक्षित है और यहां अन्नपूर्णा भवन बनाए जाने का प्रस्ताव पूर्व में ही भेजा जा चुका है। ऐसे में इस जमीन पर किसी भी प्रकार का निजी निर्माण नियमों के विरुद्ध है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार SDM निघासन राजीव निगम ने बताया कि सूचना मिलते ही राजस्व टीम को मौके पर भेजकर निर्माण कार्य रुकवा दिया गया था। उन्होंने कहा कि यदि सरकारी भूमि पर अवैध निर्माण का प्रयास किया गया तो संबंधित लोगों के खिलाफ नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# आबकारी निरीक्षक द्वारा किसान से वसूले गए रुपये का मामला,राष्ट्रीय किसान शक्ति संगठन ने दिया ज्ञापन

**● एसडीएम की गैर मौजूदगी में नायब तहसीलदार को सौंपा**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**गोला गोकर्णनाथ खीरी,** आबकारी विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों पर किसान से कथित रूप से जबरन वसूली करने का आरोप लगाते हुए राष्ट्रीय किसान शक्ति संगठन ने एसडीएम को संबोधित विज्ञापन उनकी गैर मौजूदगी में नायब तहसीलदार को सौंप कर कार्यवाही की मांग की है। संगठन द्वारा दिए गए ज्ञापन में बताया गया कि घटना 1 मार्च की है। ग्राम भैंसटा थाना हैदराबाद निवासी किसान मदन लाल का आरोप है कि वह चीनी मिल गोला गोकर्णनाथ में गन्ना बेचकर शाम को ट्रैक्टर-ट्रॉली से घर लौट रहा था। इसी दौरान चीनी मिल के निकट डाइवर्जन रोड पर आबकारी विभाग के कुछ लोग कार में मौजूद थे, जिनमें कुछ वर्दी में और कुछ सादे कपड़ों में बताए गए हैं।पीड़ित किसान का आरोप है कि आबकारी निरीक्षक अवनीश रावत ने उसकी ट्रैक्टर-ट्रॉली रुकवाकर कार का इंडिकेटर तोड़ने का आरोप लगाया और उसे जबरन कार में बैठाकर चीनी मिल परिसर स्थित आबकारी कार्यालय ले गए। वहां उसके साथ मारपीट की गई और 12 हजार की मांग की गई थी।आरोप है कि पैसे न देने पर झूठे मुकदमे में जेल भेजने की धमकी भी दी गई। भय के चलते किसान ने अपने घर फोन कर 5 हजार मंगवाकर आबकारी कर्मियों को दिए, जिसके बाद उसे छोड़ा था।राष्ट्रीय किसान शक्ति संगठन के प्रदेश अध्यक्ष पटेल श्रीकृष्ण वर्मा ने कहा कि यह घटना कई गंभीर सवाल खड़े करती है। उन्होंने कहा कि यदि सरकारी वर्दी का इस्तेमाल आम जनता, खासकर गरीब किसानों से वसूली के लिए किया जा रहा है, तो यह बेहद चिंताजनक है। उन्होंने यह भी कहा कि घटना से संबंधित वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने और हिंदुस्तान में खबर प्रकाशित होने के बावजूद अब तक उच्च स्तरीय जांच शुरू न होना प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े करता है।संगठन ने मांग की है कि इस मामले की उच्च स्तरीय जांच कराकर दोषी अधिकारियों व कर्मचारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए और किसान से लिए गए पांच हजार रुपये वापस कराए जाएं। साथ ही संगठन ने चेतावनी दी कि यदि एक सप्ताह के भीतर निष्पक्ष जांच कर कार्रवाई नहीं की गई तो किसानों को एकजुट कर आंदोलन किया जाएगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। बताया गया कि इस संबंध में जिलाधिकारी, आबकारी आयुक्त उत्तर प्रदेश लखनऊ और मुख्यमंत्री को भी रजिस्टर्ड डाक से भेजा गया है। ज्ञापन सौंपने के दौरान प्रदेश अध्यक्ष पटेल श्रीकृष्ण वर्मा, जिला अध्यक्ष संतोष सिंह भदौरिया, सुरेश चंद्र कनौजिया एडवोकेट, विजेंद्र यादव एडवोकेट, विजय कुमार, अरुण कुमार यादव, लाल बहादुर सिंह यादव एडवोकेट, सुरेंद्र कुमार अग्निहोत्री सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# हैंडीकैप्ड कैमेस्ट्री टीचर बेच रहा था ड्रग्स, रेव पार्टियों के लिए करता था सप्लाई; तेलंगाना नारकोटिक्स टीम ने आगरा से धर दबोचा

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**आगरा।** रसायन विज्ञान का दिव्यांग शिक्षक आनलाइन शापिंग साइटस के माध्यम से रेव पार्टियों के लिए ड्रग्स बेच रहा था। तेलंगाना नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के इनपुट के बाद शुक्रवार को हैदराबाद पुलिस ने खंदौली क्षेत्र में छापा मारकर आरोपित शिक्षक मनोज कुमार को गिरफ्तार कर लिया। उससे ड्रग्स तैयार करने वाले कई सौ लीटर से अधिक विभिन्न केमिकल बरामद किए हैं।

मुख्य आरोपित जोधपुर के शिक्षक वीरेंद्र कुमार को हैदराबाद पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। खंदौली के नगला मद्दू में दिनेश उपाध्याय के मकान में 15 वर्ष से किराए पर रहने वाला रसायन विज्ञान का शिक्षक मनोज कुमार दिव्यांग है। वह मूलरूप से फिरोजाबाद के नारखी थाना क्षेत्र का रहने वाला है। अपर पुलिस उपायुक्त आदित्य ने बताया कि तेलंगाना पुलिस ने गुरुवार को नगला मद्दू निवासी मनोज कुमार के बारे में इनपुट दिया।

उसके आनलाइन नशे के कारोबार से जुड़े होने की जानकारी दी। तेलंगाना पुलिस ने एक सप्ताह पहले जोधपुर निवासी गणित के शिक्षक वीरेंद्र को गिरफ्तार किया था। वह आनलाइन ड्रग्स विभिन्न पार्टियों को ड्रग्स बेचता था। जिसका उपयोग युवाओं द्वारा रेव पार्टियों में किया जाता है। वीरेंद्र से जोधपुर में एक निजी स्कूल में बारहवीं के बच्चों को गणित पढ़ाता है।

वीरेंद्र द्वारा माल की आपूर्ति के बारे में पूछताछ करने पर उसने खंदौली निवासी मनोज के बारे में बताया। उसे ड्रग तैयार करके मनोज देता था। वीरेंद्र के विरुद्ध हैदराबाद में मुकदमा दर्ज है। जिसके आधार पर शुक्रवार सुबह हैदराबाद और आगरा पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार किया।मनोज कुमार ने पूछताछ में बताया कि यहां अधिक कमाई नहीं होने पर वह कोचिंग में बच्चों को पढ़ाने के लिए एक वर्ष पहले जोधपुर गया था।

जून 2025 में उसकी मुलाकात वीरेंद्र से हुई। वीरेंद्र ने उसके साथ मिलकर ड्रग का आनलाइन कारोबार करने को कहा। कहा कि वह केमिकल से ड्रग्स बनाकर दे, जिसे वह दोनों आनलाइन बेचकर कुछ ही वर्ष में करोड़ों में खेलने लगेंगे।

जिसके बाद उसने पार्टियों में चलने वाले ड्रग्स के बारे में यूट्यूब से जानकारी हासिल की। मेथिलीन डाइआक्सीमेथैम्फेटामाइन (एमडीएमए) समेत कई ड्रग्स को बनाने का तरीका भी यूट्यूब से सीखा। छह महीने पहले एमडीएमए ड्रग्स तैयार करके वीरेंद्र को दिया। जिसे उसने अच्छे दामों पर आनलाइन बेचा।



वह बड़ी मात्रा में ड्रग तैयार करके हर सप्ताह वीरेंद्र को भेजता था। जिसे वह आनलाइन बेच देता और उसका देता था।

खपत बढ़ने पर एक महीने पहले ही नगला मद्दू में उसने दो हजार रुपये महीना किराए पर दुकान ली थी।अपर पुलिस उपायुक्त आदित्य ने बताया कि गिरफ्तार आरोपित मनोज कुमार के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है।

**ये है एमडीएमए**

मेथिलीन डाइआक्सीमेथैम्फेटामाइन (एमडीएमए) एक अवैध दवा है। जो उत्साह का तीव्र अनुभव (खुशी की तीव्र अनुभूति) दे सकता है। यह केंद्रीय तंत्रिका तंत्र को उत्तेजित करने वाला पदार्थ है जो डोपामाइन के उच्च स्तर को स्रावित करता है। डोपामाइन मस्तिष्क का एक रासायनिक पदार्थ है जो आनंद और पुरस्कार से जुड़ा होता है।

# 35 साल की युवती के प्यार में दो मंजिला छत से कूदा 20 साल का युवक; तारों के जाल में फंस बची जान; शादी के लिए राजी हुए घर वाले

**● अलीगढ़ के श्याम नगर में एक 20 वर्षीय युवक ने 35 वर्षीय प्रेमिका के घर की दूसरी मंजिल से छलांग लगा दी। वह बिजली के फाइबर केबल पर गिरा, जिससे उसकी जान बच गई। पहले युवती ने शादी से इनकार किया था, लेकिन युवक के दृढ़ रहने और साक्ष्य देने के बाद दोनों परिवार शादी के लिए राजी हो गए। अब सोमवार को उनकी शादी होगी।**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**अलीगढ़।** सिविल लाइन क्षेत्र के श्याम नगर इलाके में अपने से 15 साल बड़ी युवती से प्यार में चूर एक युवक ने युवती के घर की दूसरी मंजिल से गली में छलांग लगा दी। युवक सीधे जमीन पर गिरने की बजाय बिजली की फायबर केबिल पर जा गिरा। इससे वह बच गया। इसके बाद दोनों के स्वजन में शादी को लेकर बात हुई। सभी तैयार भी हो गए।

तय हुआ कि सोमवार को दोनों की शादी की कराई जाएगी। एक निजी कंपनी में नौकरी करने वाला श्याम नगर का युवक मुहल्ले की दूसरी गली में रहने वाली करीब 35 वर्ष की युवती से प्यार करता है। दोनों के बीच करीब साल से प्रेम संबंध हैं। गुरुवार सुबह को दोनों वृंदावन भी गए। युवक के स्वजन को इसकी जानकारी हुई तो युवक को समझाने का प्रयास किया। उम्र का भी हवाला दिया।

युवक जब नहीं माना तो स्वजन उसे युवती



के घर लेकर पहुंच गए। जहां युवती ने शादी से इन्कार कर दिया। इससे गुस्साया युवक ने युवती के मकान की दूसरी मंजिल पर चला गया। वहां से गली में छलांग लगा दी। गली में खड़े लोग भी यह देख हैरान रह गए। अच्छी बात रही कि वह फायबर केबिल के जाल पर गिर गया। लोगों ने तारों से नीचे उतार लिया। इससे दोनों के स्वजन के होश उड़ गए। इसके बाद भी युवक शादी पर अड़ा रहा। प्रेम संबंधों से जुड़े उसने कई साक्ष्य भी दिए। इसके बाद युवती भी शादी को राजी हो गई।

## संक्षिप्त खबरें

### राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ शिक्षक समस्याओं के समाधान में सक्षम और अग्रणी- देवेन्द्र मिश्र



**सुरियावा।** दिनांक 06/03/2026 को राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ सुरियावां की ब्लॉक कार्यकारिणी की कोर ग्रुप की आवश्यक और नियमित बैठक,ब्लॉक संरक्षक अनिल कुमार यादव की अध्यक्षता में कंपोजिट विद्यालय बेला में सम्पन्न हुई। बैठक में संभावित ऑनलाइन अटेंडेंस सहित कई अन्य प्रमुख समस्याओं पर चर्चा की गई। बैठक को संबोधित करते हुए अध्यक्ष और महामंत्री का स्पष्ट संदेश रहा कि बिना 30 ई एल, हाफ सी एल और पदोन्नति सहित अन्य मांगो को पूरा किए,किसी भी प्रयोग का पुरजोर विरोध किया जाएगा। जनपद स्तर और ब्लॉक स्तर की समस्याओं के हल के लिए वार्ता से समाधान का निर्णय लिया गया।इस अवसर पर बोलते हुए संगठन के महामंत्री देवेंद्र कुमार मिश्र ने कहा कि 2011 से पूर्व नियुक्त शिक्षकों को टी ई ई उत्तीर्ण करने के मामले को हल करने में राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ सक्षम है और शीघ्र ही इसका हल निकलेगा। बैठक में उपाध्यक्ष अखिलेश कुमार, संयुक्त महामंत्री वेद प्रकाश रघुवंशी, बाल मुकुंद मौर्य, ओम प्रकाश सिंह, पवन सिंह सहित अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहे।बैठक का संचालन महासंघ के अध्यक्ष राजीव रतन यादव ने किया।

### सरकारी जमीन पर दोबारा अतिक्रमण का आरोप, एसडीएम से शिकायत

**भदोही।** दुर्गागंज थाना क्षेत्र के भगीरथपुर गांव में सरकारी जमीन पर दोबारा अतिक्रमण किए जाने का मामला सामने आया है। गांव निवासी रामधनेश ने उपजिलाधिकारी भदोही को पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। शिकायतकर्ता ने बताया कि गांव की आराजी संख्या 106 सार्वजनिक उपयोग की भूमि है। इस जमीन पर पहले भी कुछ लोगों द्वारा अतिक्रमण कर लिया गया था, जिसकी शिकायत प्रशासन से की गई थी। शिकायत को संज्ञान में लेते हुए नायब तहसीलदार ने मौके पर पहुंचकर अतिक्रमण हटवा दिया था। आरोप है कि अतिक्रमण हटने के बाद संबंधित पक्षों ने दोबारा उसी जमीन पर कब्जा कर लिया है। रामधनेश ने उपजिलाधिकारी का ध्यान इस ओर आकर्षित करते हुए मामले की जांच कराकर सरकारी जमीन को अतिक्रमण मुक्त कराने की मांग की है।

### डॉग स्क्वॉड श्वान 'मैक्रो' अखिल भारतीय पुलिस ड्यूटी मीट के लिए चयनित



**भदोही।** जनपद पुलिस के डॉग स्क्वॉड को बड़ी उपलब्धि मिली है।एसपी अभिमन्यु मांगलिक के नेतृत्व और शुभम अग्रवाल के पर्यवेक्षण में अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के बीच डॉग



स्क्वॉड के श्वान 'मैक्रो' का चयन 69वीं अखिल भारतीय पुलिस ड्यूटी मीट के लिए किया गया है। यह प्रतियोगिता नागपुर में 28 मार्च से 2 अप्रैल 2026 तक आयोजित होगी। श्वान मैक्रो ने हरियाणा के पंचकूला स्थित राष्ट्रीय प्रशिक्षण केंद्र फॉर डॉग एंड एनिमल से नौ माह का विशेष प्रशिक्षण प्राप्त किया है और अपने बैच में शीर्ष पांच कैडेट्स में स्थान हासिल किया था। भदोही पुलिस के अनुसार प्रशिक्षित श्वानों की मदद से चोरी, लूट, हत्या और डकैती जैसे गंभीर मामलों के खुलासे में लगातार सफलता मिल रही है। इस उपलब्धि पर पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक ने श्वान मैक्रो और डॉग स्क्वॉड टीम को बधाई देते हुए प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद जताई है।

### सीखड़ में सेवा निवृत्त शिक्षकों का चुनाव 8 मार्च को

**सीखड़, मीरजापुर।** बेसिक शिक्षा परिषद से सेवानिवृत्त शिक्षकों के संगठन उत्तर प्रदेशीय सेवा निवृत्त प्राथमिक शिक्षक कल्याण परिषद, उत्तर प्रदेश की ब्लॉक इकाई सीखड़ का चुनाव 8 मार्च 2026 को प्रातः 11 बजे बी.आर.सी. सीखड़ परिसर में आयोजित किया जायेगा। उक्त आसय जानकारी शिक्षक उमाकांत पाठक ने दिया है अधिक से अधिक अवकाश प्राप्त अध्यापकों से उपस्थित होने की अपील की है।

## संदिग्ध हालात में फन्दे में लटकता मिला पीडब्ल्यूडी कर्मी का शव

● परिजनों ने प्रेमिका व उसकी मां पर जताई हत्या की आशंका

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोपीगंज।** कोतवाली गोपीगंज क्षेत्र के रामपुर घाट गांव में गुरुवार की रात एक पीडब्ल्यूडी कर्मचारी की संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी के फंदे पर झूलने से मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों ने मृतक की प्रेमिका और उसकी मां पर हत्या की आशंका जताते हुए पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

मिली जानकारी के अनुसार रामपुर घाट (अमिलौर)निवासी सुरेंद्र वर्मा (30) पुत्र स्व. लल्लन वर्मा लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) में कर्मचारी थे। बीती रात गांव के बाहर स्थित उनके मकान के एक कमरे में उनका शव फांसी के फंदे पर लटकता मिला। घटना की सूचना मिलने पर परिजन मौके पर पहुंचे और फंदे से उतारकर आनन-फानन में उन्हें एक निजी अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

मृतक के भाई जितेंद्र वर्मा ने गोपीगंज कोतवाली में प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया कि रात करीब 12 बजे पड़ोसियों से सूचना मिली कि उसका भाई कमरे में फांसी के फंदे पर झूल रहा है। पड़ोसियों के अनुसार गांव की ही एक युवती, जिससे मृतक का प्रेम संबंध बताया जा रहा है, और उसकी मां ने ही सबसे पहले फांसी की सूचना दी थी और इसके बाद वहां से चली गई।

भाई ने आशंका जताई है कि उसके भाई की मौत के पीछे प्रेमिका और उसकी मां का हाथ हो सकता है। उसने पुलिस से मामले की निष्पक्ष जांच कर दोनों के खिलाफ



संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज करने की मांग की है।

उधर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। बताया जाता है कि सुरेंद्र वर्मा तीन भाइयों में सबसे छोटे थे और अभी उनकी शादी नहीं हुई थी। उनकी मां आंखों से दिव्यांग हैं और परिवार की आजीविका मुख्य रूप से उन्हीं की आय पर निर्भर थी। घटना के बाद परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है।

## धावक सतीश वर्मा को एसपी ने किया सम्मानित



● राष्ट्रीय प्रतियोगिता में सतीश को मिला तीसरा स्थान

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**भदोही।** जनपद भदोही के कोइरौना क्षेत्र निवासी प्रतिभाशाली धावक सतीश कुमार वर्मा ने राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जिले का नाम रोशन किया है। इसी वर्ष जनवरी में जनपद रोहतास (हरियाणा) में आयोजित आल इंडिया यूनिवर्सिटी क्रॉस कंट्री (पुरुष) चैंपियनशिप की 10 किलोमीटर दौड़ में सतीश वर्मा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए तृतीय स्थान प्राप्त किया। उनकी इस उपलब्धि पर शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक भदोही अभिमन्यु मांगलिक ने सतीश वर्मा को मेडल व पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर एसपी ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि सतीश जैसे युवा खिलाड़ियों की सफलता से जिले के अन्य युवाओं को भी खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलेगी।

गौरतलब है कि सतीश वर्मा ने हाल ही में 28 फरवरी को युवा फ्रेंड फाउंडेशन द्वारा आयोजित 12वीं भदोही हाफ मैराथन में भी शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान हासिल किया था। लगातार मिल रही सफलताओं से सतीश वर्मा जिले के उभरते हुए एथलेटिक्स खिलाड़ियों में शामिल हो गए हैं। स्थानीय लोगों और खेल प्रेमियों ने उनकी इस उपलब्धि पर खुशी जताते हुए कहा कि सीमित संसाधनों के बावजूद सतीश ने अपनी मेहनत और लगन से यह मुकाम हासिल किया है, जो जिले के युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत बन रहा है।

### छात्रवृत्ति परीक्षा में पांच बच्चे चयनित

**चुनार, मीरजापुर।** तहसील अन्तर्गत राजगढ ब्लाक के नुआव गाव स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय के पाच बच्चे छात्रवृत्ति परीक्षा (एनएमएमएस) वर्ष 2026-27 मे चयनित। परीक्षा नियामक प्राधिकारी द्वारा जारी परिणाम के तहत विद्यालय के छात्र राजदीप ने 154 अंक प्राप्त कर जनपद मे प्रथम स्थान प्राप्त किया वही 146 अंक पाकर अंशु विश्वकर्मा ने जिले मे पांचवा स्थान प्राप्त किया। विद्यालय की छात्राआकृति जनपद मे 20वां, ऋद्धी 34 वां और अंकिता ने 36 वां रैंक प्राप्त कर गांव को गौरवान्वित किया है। बिद्यालय के इन पांचो छात्रोको 12000/? प्रतिवर्ष छात्रवृत्ति के रुप मे प्राप्त होगें। शुक्रवार को ग्राम प्रधान पवनकुमार सिंह ने बच्चों को पुष्प माला पहनाकर उत्साहवर्धन किया। योगी रामध्यान, शमशेर सिंह, बाबूलाल, रामाधार, एसएमसी अध्यक्ष रागिनी देवी आदि ने मिठाई खिलाकर उज्वल भविष्य की कामना करते हुए विद्यालय के अध्यापक /अध्यापिकाओं द्वारा किए गए मेहमन के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। इसदौरान प्रधानाध्यापिका प्रीति सिंह, सहायक अध्यापिका अंजना, माधिमा सिंह, चन्द्रप्रभा व परमानन्द आदि मौजूद रहे।

## होली पर रंग लगाने से नाराज युवक ने साथियों संग किया पथराव,19 के खिलाफ पीड़ित ने दी तहरीर

**गोपीगंज।** कोतवाली क्षेत्र के कठौता गांव में होली के दिन रंग लगाने को लेकर विवाद हो गया। आरोप है कि रंग लगाने से नाराज युवक ने अपने साथियों के साथ मिलकर राजीव मिश्रा के मकान पर ईट-पत्थर चलाए। सूचना पर पहुंची पीआरबी पुलिस को देखकर आरोपी धमकी देते हुए भाग निकले। पीड़ित राजीव मिश्रा ने बताया कि होली के दिन उनके परिवार के लोगों ने व्यवहारन जोगिनका गांव के एक युवक को रंग लगा दिया था, जिससे नाराज होकर वह गाली-गलौज करने लगा। बाद में कुछ युवकों के साथ लाठी-डंडा लेकर पहुंचा और मकान पर पथराव कर दिया। पीड़ित का आरोप है कि गुरुवार को पड़ाव स्थित पान की दुकान पर खड़े रहने के दौरान भी आरोपियों ने उन्हें घेरकर मारपीट का प्रयास किया। किसी तरह जान बचाकर घर पहुंचने के बाद उन्होंने चौकी प्रभारी को सूचना दी। राजीव मिश्रा ने 19 युवकों के खिलाफ नामजद तहरीर देकर कार्रवाई की मांग करते हुए परिवार की सुरक्षा की गुहार लगाई है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

## गुंडा एक्ट के आरोपी विकास पर जिला बदर की कार्यवाही

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**भदोही।** जनपद में अपराध व अपराधियों पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस द्वारा लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में थाना सुरियावां क्षेत्र के एक शातिर और मनबढ़ किस्म के अभ्यस्त आरोपी के विरुद्ध प्रभावी पैरवी के बाद गुंडा एक्ट के तहत छह माह के लिए जिलाबदर की कार्रवाई की गई है। पुलिस अधीक्षक भदोही अभिमन्यु मांगलिक के निर्देशन में कानून व्यवस्था बनाए रखने और अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई। थाना सुरियावां क्षेत्र के विकास तिवारी पुत्र मनोज तिवारी निवासी नागमलपुर पर विभिन्न आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त रहने और आम लोगों के साथ मारपीट, गाली-गलौज व जान से मारने की धमकी देने जैसे आरोप हैं। उसके आतंक के कारण क्षेत्र के लोग उसके खिलाफ शिकायत करने से भी कतराते थे।

स्थानीय पुलिस की प्रभावी पैरवी के आधार पर जिलाधिकारी भदोही शैलेष कुमार ने उत्तर प्रदेश गुंडा नियंत्रण अधिनियम के तहत विकास तिवारी को 6 माह के लिए



जनपद से जिलाबदर करने का आदेश जारी किया है।

आदेश के अनुपालन में शुक्रवार को सुरियावां पुलिस टीम ने आरोपी के घर पहुंचकर मुनादी कराते हुए डुगडुगी बजवाकर आदेश की उद्घोषणा की और नोटिस की प्रति चस्पा कर दी। साथ ही चेतावनी दी गई कि निर्धारित अवधि के दौरान यदि वह जनपद की सीमा के भीतर पाया गया तो उसे तत्काल गिरफ्तार कर विधिक कार्रवाई की जाएगी। पुलिस के अनुसार विकास तिवारी के खिलाफ मारपीट, धमकी, दहेज उत्पीड़न व एससी-एसटी एक्ट समेत कई गंभीर मामलों में मुकदमे दर्ज हैं।

## साइबर हेल्प डेस्क थाना सुरियावां जनपद भदोही द्वारा पीड़ित के खाते में 30,000/- रु0 धनराशि को कराया गया वापस

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**भदोही।** जनपद में हो रहे साइबर अपराध की रोकथाम हेतु अभिमन्यु मांगलिक, पुलिस अधीक्षक भदोही द्वारा साइबर क्राइम पुलिस थाना/साइबर हेल्प डेस्क को किसी पीड़ित व्यक्ति के साथ हुए धोखाधड़ी या सोशल साइट के दुरुपयोग पर त्वरित कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया है । उक्त के क्रम में आवेदक बीरबल पुत्र स्व0 मटरू राम मौर्या निवासी वार्ड न0-12 शहीद नगर थाना सुरियावां जनपद भदोही ने गलती से अपने बैंक खाते से गूगल पे के माध्यम से दिनांक 03.03.2026 को 30,000/- रुपये अज्ञात मोबाइल नं0 पर भेज दिया था जिसको लेकर आवेदक काफी परेशान था जिसके सम्बन्ध में आवेदक द्वारा आनलाइन शिकायत दर्ज कराया गया था। साइबर हेल्प डेस्क थाना सुरियावां जनपद भदोही द्वारा उक्त प्रार्थना पत्र तथा हृष्ट्रक्क पोर्टल का अवलोकन कर त्वरित कार्यवाही करते हुए पीड़ित का कुल 30,000/- रुपयेकी धनराशि को पीड़ित के खाते में वापस कराया गया। पीड़ित द्वारा खाते से गयी धनराशि को वापस पाकर पुलिस अधीक्षक भदोही व साइबर हेल्प डेस्क थाना सुरियावाँ जनपद भदोही के प्रति आभार व्यक्त करते हुए भदोही पुलिस की भूरि- भूरि प्रशंसा की गयी थाना सुरियावां जनपद भदोही।



1.उ0नि0 मो0 शकील खाँ
2.क0आ0 मनीष कुमार रजक
3.म0का0 गरिमा यादव
4.का0 छोटेलाल राम

## मृतक के पत्नी को विधायक ने दिया अनुदान राशि का चेक

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सीखड़ मीरजापुर।** चुनार विधायक अनुराग सिंह पटेल ने यूनाइटेड इंजिनियरिंग कंस्ट्रक्शन कंपनी में कार्यरत मृतक कमला प्रसाद पुत्र श्यामा चरण निवासी धनैता थाना कछवा के पत्नी फूलपत्ती को सोमवार को उनके आवास पर पहुंच एक लाख पंद्रह हजार पचहत्तर रुपए का का अनुदान राशि का चेक दिया।और उन्होंने ने कहा कि दिवंगत परिवार के प्रति मेरी पुरी सहानुभूति है।यह सरकार द्वारा सहयोग राशि दी जा रही है उसके अलावा और भी जो भी सुविधाएं होंगी परिवार को मुहैया कराने के लिए प्रतिबद्ध हूं। और इस दुःख की घड़ी में मैं परिवार के साथ हूं। आगे जो भी मदद बनता है मैं करता रहूंगा। उक्त अवसर पर साथ में विधायक प्रतिनिधि आलोक सिंह, जिला





प्रतिनिधि भारती जनता पार्टी प्रमोद पाण्डेय, विजय भारद्वाज, विजय नारायण सिंह मुन्ना,रिक्कू सिंह, सूरजीत सिंह, सहित तहसील कर्मी मौजूद रहे।

### भाईचारा का महापर्व होली हषो?ल्लास के साथ मनाया गया

**सीखड़, मीरजापुर।** हर्षोल्लास के साथ क्षेत्र में मनाया गया होली का महा पर्व। ग्रामीण अंचलों के साथ साथ बाजार और कस्बों में भी होली की धूम रही। जगह-जगह बाजा गाजा और डीजे के साथ झुमते, नाचते गाते दिखाई दिए। क्षेत्र के अदलपुरा बाजार, मेड़िया ,पाहों बाजार, खैरा बाजार, सीखड़ बाजार , लालपुर विठ्ठलपुर, भुआलपुर मवैया, मुन्दीपुर , लरछुट पचराव रामगढ़ में धूमधाम से मनाया ।लोग एक दूसरे को रंग अबीर गुलाल लगा कर गले मिल कर भाईचारे का संदेश दिये। जगह-जगह भांग ठंडई लगें स्टालों से ठंडई का लुफ्त उठायें। क्षेत्र में रंग में भंग ना पड़े इसके लिए पुलिस चक्रमण करती रही। अदलपुरा चौकी प्रभारी कुमार संतोष ने मेड़िया घाट से साधों माधो पुल तक कि जहां कमान संभालें हुए थे तो वहीं मेड़िया से फुलहा तक की कमान उप निरीक्षक सरोज चौबे,उप निरीक्षक शिव प्रसाद सिंह,मय पुलिस बल के साथ मुस्तैद रहे।

## ब्रह्माकुमारी बनारस जोन की हेड राजयोगिनी सुरेंद्र दीदी का निधन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**मीरजापुर।** वाराणसी के ब्रह्म कुमारी आश्रम की निर्देशिका बीके सुरेंद्र दीदी का निधन 6तारीख दिन शुक्रवार को सुबह 9बजे दिल्ली के सर गंगा राम मेमोरियल हॉस्पिटल में हो गया।

बताते चलें की मूल निवासी नेपाल की रहने वाली सुरेंद्र दीदी ब्रह्म कुमारी संस्थान से प्रभावित होकर भारत आई थी और ब्रम्हा बाबा से दीक्षा लेकर सेवा में लग गई। बाबा के आदेशानुसार सारनाथ में रहकर आध्यात्मिक ज्ञान देना प्रारंभ कर दी। उनके प्रवचन सुनने के लिए लोग काफी दूर-दूर से आने लगे और मेडिटेशन करने लगे इस तरह से दीदी के काफी फॉलोवर भी हैं। 87 वर्षीय दीदी काफी दिनों से अस्वस्थ होने के कारण लगभग दो माह से दिल्ली के प्रतिष्ठित अस्पताल सर गंगाराम अस्पताल में इनका इलाज चल रहा था, लेकिन शुक्रवार सुबह के 9:00 बजे शरीर त्याग कर परमात्मा में विलीन हो गई।

उनके पार्थिव शरीर को एंबुलेंस के द्वारा वाराणसी के लिए रवाना कर दिया गया। दीदी को चाहने वालों का आश्रम पर जमावड़ा लगा हुआ है। ब्रह्माकुमारी पड़री ब्रांच के हेड बीके सत्यनारायण भाई द्वारा बताया गया की आज रात्रि लगभग 12:00 तक पार्थिव शरीर बनारस आ जाएगा। जनता दर्शन के लिए सारनाथ ब्रांच पर कल सुबह से पार्थिव शरीर रखा जाएगा। दीदी का अंतिम संस्कार रविवार को दिन में 10:00 बजे हरिशचंद्र घाट पर किया जाएगा।

### हर्षोल्लास के साथ मनाया गया रंगों का पर्व होली



**चुनार, मीरजापुर।** तहसील क्षेत्र के नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में हर्षोल्लास के साथ रंगों का पर्व होली मनाई गई। कही कही दो एवं तीन मार्च को तहसील क्षेत्र में होलिका का दहन हुआ। लेकिन चंद्रग्रहण की वजह से क्षेत्र के ज्यादातर जगहों पर मंगलवार को लोग रंग नहीं खेल पाए। चुनार क्षेत्र के प्रत्येक हिस्सों में उमंग और उल्लास का माहौल रहा।सड़कों पर रंगों से सजी टोलियां निकाल कर मज़े की होली का हुड़दंग हुआ और डीजे की धुन पर खुब डांस किया गया। वहीं मुस्लिम समाज के लोगों का एक बजे के नमाज़ सम्पन्न कराने के लिए प्रत्येक मस्जिद के सामने पुलिस प्रशासन बड़ी मुस्तैदी से तैनात किया गया था। चुनार क्षेत्राधिकारी मंजरी राव व कोतवाल विजय शंकर सिंह ने मयफोर्स क्षेत्र में सकुशल होली सम्पन्न कराने के लिए चक्रमण करते नजर आए।

## पूर्व विधायक गोरखनाथ बाबा पासी के नाम पर कलंक- मंजू पासी

● पूरा उर्फ सुमेरपुर गांव में आंगनबाड़ी केंद्र भवन निर्माण का मामला गरमाया

आंगनबाड़ी भवन निर्माण हेतु प्रस्तावित भूमि पर बसी है पचासों वर्ष पुरानी दलित बस्ती

ग्रामीणों ने कहा एक पूर्व विधायक इस मामले को दे रहे राजनीतिक रंग

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**मिल्कीपुर अयोध्या** मिल्कीपुर तहसील क्षेत्र अंतर्गत कुमारगंज थाना क्षेत्र स्थित पूरा उर्फ सुमेरपुर गांव में आंगनवाड़ी भवन निर्माण राजनीति की बलि चढ़ गया है। सीलिंग की भूमि जिस पर पचासों वर्ष पूर्व से दर्जनों दलित परिवार आबाद हैंतथा उनके कब्जे आज भी विद्यमान हैं। यही नहीं उनके पुराने मकान भी बने हुए हैं, जिसमें वही दलित परिवार निवासरत हैं। अब ऐसे में ग्राम प्रधान की जिद कि दलितों के कब्जे वाली इस भूमि पर आंगनबाड़ी केंद्र का निर्माण कराया जाना तहसील प्रशासनके गले की फांस बना हुआ है।

बताते चलें कि राजस्व गांव पूरा उर्फ सुमेरपुर के राजस्व अभिलेखों में गाटा संख्या 1189 ग रक्बा लगभग 15 बीघे सीलिंग की भूमि है। जिसको लेकर आज भी उच्च न्यायालय में वाद विचाराधीन है। इधर ग्राम प्रधान आदर्श श्रीवास्तव ने जिस भूमि पर दलित परिवारों का कब्जा है और उनके आशियाने बने हुए हैं, इस स्थल पर आंगनबाड़ी केंद्र भवन निर्माण का प्रस्ताव पारित करा दिया है। अभी चंद दिन पूर्व इसी मामले को लेकर मिल्कीपुर के पूर्व भाजपा विधायक गोरखनाथ बाबा द्वारा एसडीएम सुधीर कुमार से दूरभाष पर वार्ता किए जाने का एक ऑडियो भी वायरल हुआ है जो क्षेत्र में चर्चा का विषय बन गया है। मामले की हकीकत जानने के लिए इलेक्ट्रॉनिक कंक्रीट मीडिया की टीम जब मौके पर पहुंची तब पता चला कि जहां रातों-रात दीवार और मकान बनाए जाने का दावा करने वाले पूर्व विधायक की बातें और आरोप निराधार निकले, विवादित भूमि एवं स्थल पर कोई भी नवीन निर्माण देखने को नहीं मिला। वहीं गांव के दलित परिवार की महिला मंजू देवी के साथ दलितों ने समवेत स्वर में ग्राम प्रधान पर दबंगई का आरोप लगाते हुए उनके अत्याचारों की कहानी एक-एक करके गिनाया। दलितों ने रो रो कर कहा कि इस हमारे पूर्वज इसी भूमि पर बरसों से काबिज एवं दखील चले आ रहे हैं। हम सब आखिर कहां जाएं। ग्रामीणों ने पूर्व विधायक गोरखनाथ बाबा को अपनी जाति पासी के नाम पर कलंक बताया और कहा कि यदि वह कभी भी भविष्य में मिल्कीपुर से कोई भी चुनाव लड़ते हैं तो उनको उनकी औकात का पता चल जाएगा। फिलहाल समूचे गांव की 80 प्रतिशत से ज्यादा आबादी ग्राम प्रधान के कारनामों के खिलाफ नजर आई और सब ने ग्राम प्रधान आदर्श श्रीवास्तव के कृत्यों को राजनीतिक दुराग्रह से प्रेरित बताया। ग्रामीणों ने बताया कि जिस भूमि पर आंगनबाड़ी केंद्र भवन बनवाए जाने का प्रस्ताव पारित किया गया है वह भूमि कहीं और है, जबकि ग्राम प्रधान अनावश्यक रूप से हम दलित परिवारों को हैरान एवं परेशान करने की नीयत से यह सब कुचक्र रच रहे हैं। यही नहीं ग्रामीणों ने दबी जुबान से ग्राम प्रधान पर बदनियती का आरोप लगाते हुए उन्हें कदाचारी बताया है। फिलहाल अब देखना है तहसील प्रशासन ऐसे मामले में कौन सा निर्णय लेगा जिससे राजनीतिक रोटी सेंकने वालों के मंसूबों पर पानी फिर सकेगा।

## यूपी के इस जिले में 83.89 करोड़ की लागत से बनेगा रेलवे ब्रिज, सीएम योगी ने दी मंजूरी

**हरदोई।** क्षेत्रवासियों के लिए खुशखबरी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की स्वीकृति से सड़क और रेल सेतु निर्माण को हरी झंडी मिल गई है। प्रतापनगर-माधौगंज मार्ग पर रेल सेतु के साथ-साथ जिले के चार संपर्क मार्गो के निर्माण के लिए भी धनराशि जारी की गई है, जिससे क्षेत्र में आवागमन सुगम होगा और जर्जर मार्गो के कारण लोगों को हो रही परेशानियों में कमी आएगी।

आबकारी राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार नितिन अग्रवाल ने बताया कि प्रतापनगर-माधौगंज मार्ग पर मुरादाबाद-लखनऊ रेल सेक्शन में दो लेन के रेल सेतु के निर्माण के लिए शासन ने 83.89 करोड़ रुपये की स्वीकृति दी है। यह रेल सेतु किमी 1150/34-36 पर प्रस्तावित है। इसके निर्माण से क्षेत्रवासियों को रेलवे क्रॉसिंग पर लगने वाले जाम से राहत मिलेगी और आवागमन सुगम होगा। इसके अलावा जिले में चार संपर्क मार्गो के लिंक रोड के निर्माण के लिए 4.13 करोड़ रुपये की मंजूरी भी जारी की गई है। स्वीकृत



कार्यों में अटवा असिगांव से कल्लूपुरवा संपर्क मार्ग पर मिसिंग लिंक का निर्माण, बीजीएम से बरखेरा ग्रांट संपर्क मार्ग तक मिसिंग लिंक का नवनिर्माण शामिल है। इसके अलावा बेहटागोकुल मार्ग पर खेरिया से दिडौपुरवा होते हुए रोहाई अतिबहा तक और पिहानी मार्ग पर मुन्ने के भट्ठे के पास से माइनर पहल तक लिंक मार्ग का निर्माण कराया जाएगा। इन मार्गो की वर्तमान स्थिति काफी जर्जर है, जिससे पैदल और वाहन चालकों दोनों को आवागमन में कठिनाई होती है। निर्माण कार्य पूरा होने पर क्षेत्रवासियों के लिए आवागमन बेहद सुगम और सुरक्षित हो जाएगा।

## सीतापुर में शराब के नशे में मां को मार डाला, बेटों को किया घायल

**सीतापुर।** मछरेहटा के गांव सुर्जनपुर में बुधवार देर रात पट्टीदारों में विवाद हो गया। सभी शराब के नशे में थे। इसमें एक पक्ष ने छाती पर हसिया से वार करके महिला को मार डाला। वहीं, उनके दो बेटे घायल हो गए। पुलिस ने छह पर नामजद मुकदमा लिखकर तीन को गिरफ्तार कर लिया है। गांव के तमाम लोगों ने शराब पी थी। नशे में धुत शिवशंकर अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए इधर-उधर घूम रहा था। उन्हीं के परिवार के चुन्नीलाल, मुनींद्र, ऊदन, दीनदयाल, मायाराम और सर्वेश उसको पिटने लगे। रंजीत और अमरदीप बीच-बराव करने गए तो उन्हें भी पीटा जाने लगा।

रंजती और अमरदीप को पिटता देख उनकी मां प्रेमा देवी उन्हे छुड़ाने गई। इस बीच उनकी छाती पर हसिया से वार कर दिया। मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, अमरदीप व रंजीत घायल हैं। उनकी हालत खतरे से बाहर है। थानाध्यक्ष मछरेहटा प्रभात गुप्त ने बताया कि ऊदन, दीनदयाल और मुनींद्र को गिरफ्तार कर लिया गया है। चुन्नीलाल, सर्वेश और मायाराम की तलाश जारी है।

## बहराइच में बहाने से बुलाकर युवक की बेरहमी से पीट-पीटकर हत्या, आरोपी पिता-पुत्र गिरफ्तार

**बहराइच।** रानीपुर के दुर्गापुर निवासी युवक को बहाने से बुलाकर पीट-पीटकर मार डाला गया। घटना से इलाके में आक्रोश है। पुलिस ने घटना में शामिल पिता-पुत्र को गिरफ्तार किया है, जबकि अन्य आरोपितों की तलाश पुलिस कर रही है। हरदुआ दुर्गापुर निवासी लल्लू ने बताया कि उनका 21 वर्षीय बेटा राजू टेंट हाउस पर काम करता था। बुधवार देर शाम उसे एक युवक ने फोन कर जरूरी कार्य से बुलाया था। इसके बाद वह पैदल ही उससे मिलने के लिए घर से निकला था। गांव से ढाई किलोमीटर दूर निजामपुर के पास सुनियोजित तरीके से लाठी-डंडों से लैस लोगों ने उस पर ताबड़तोड़ हमला कर उसे मरणासन्न कर दिया। जानकारी के बाद पहुंचे परिवारजन उसके जीवित होने की आस लेकर अस्पताल ले गए। यहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। युवक की हत्या इलाके में चर्चा का विषय बन गई। थानाध्यक्ष संतोष अवस्थी ने बताया कि प्रकरण में गुड्डू व सहजराम को हिरासत में लिया गया है। दोनों रिश्ते में बाप-बेटे हैं। पूछताछ की जा रही है। अन्य हमलावरों के बारे में जानकारी एकत्र की गई है। आरोपितों की गिरफ्तारी को लेकर पुलिस टीम लगातार दबिश दे रही है। उन्होंने बताया कि घटना को किन कारणों से अंजाम दिया गया है, इसकी भी गहनता से जांच की जा रही है।

## संक्षिप्त खबरें

### नैनी बाजार में तीसरे दिन खेली गई कपड़ा फाड़ होली

#### कड़ी सुरक्षा के बीच व्यापारियों ने जमकर खेली कपड़ा फाड़ होली



**नैनी,प्रयागराज।**नैनी बाजार में होली के तीसरे दिन शुक्रवार को व्यापारियों और स्थानीय लोगों ने परंपरागत 'कपड़ा फाड़ होली' बड़े उत्साह और धूमधाम के साथ खेली। यह अनोखी परंपरा कई वर्षों से चली आ रही है और हर साल की तरह इस बार भी बड़ी संख्या में लोगों ने इसमें हिस्सा लिया।होली के तीसरे दिन सुबह से ही लोग अपने घरों से निकलकर नैनी बाजार पहुंचे और एक-दूसरे के साथ कपड़ा फाड़ होली खेलते हुए इस परंपरा को जीवंत बनाए रखा। पूरे क्षेत्र में उत्सव जैसा माहौल देखने को मिला और लोगों में भारी उत्साह नजर आया।पुलिस प्रशासन की ओर से विशेष सुरक्षा व्यवस्था की गई थी। नैनी स्टेशन से शकरढाल तक जाने वाले सभी रास्तों को पूरी तरह बंद कर दिया गया था, ताकि किसी भी प्रकार की अव्यवस्था या भीड़भाड़ की स्थिति न बने।पूरे इलाके में पुलिस की सक्रियता साफ दिखाई दी। रास्तों के दोनों ओर नैनी पुलिस के जवान तैनात रहे और आने-जाने वालों पर कड़ी निगरानी रखी गई। इस दौरान एसीपी करछना और नैनी इंस्पेक्टर ब्रज किशोर गौतम,नैनी कस्बा चौकी इंचार्ज बलराम भी मौके पर मौजूद रहे और सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते रहे। पुलिस प्रशासन की सतर्कता और लोगों के सहयोग से होली के तीसरे दिन यह पारंपरिक आयोजन शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ।पूरे क्षेत्र में उत्सव और भाईचारे का माहौल बना रहा।व्यापारियों में डब्लू जायसवाल, सुन्दरम चौरसिया, लाला चौरसिया, टीकू चौरसिया, टोनी कनोजिया, उत्तम केसरवानी, अतुल, आदि व्यापारी शामिल रहे।

### हाईकोर्ट ने कहा- परिसर खाली होते ही खत्म हो जाते हैं किरायेदार के सभी अधिकार

**ब्यूरो प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कहा कि परिसर को खाली करने के साथ ही किरायेदार के सभी विधिक अधिकार खत्म हो जाते हैं। उसे बेदखली का नोटिस दिए जाने की जरूरत नहीं होती। किरायेदार के हक तभी तक कायम रहते हैं, जब तक वह किराया देते हुए बेदखली के आदेश का सामना करता है। यह आदेश न्यायमूर्ति अजित कुमार एवं न्यायमूर्ति स्वरूपमा चतुर्वेदी की खंडपीठ ने वाराणसी के फरमान इलाही की याचिका खारिज करते हुए दिया है।याची ने दालमंडी में चल रही ध्वस्तीकरण की कार्रवाई को चुनौती दी थी। दावा किया गया कि याची कुंडिगढ़ टोला दालमंडी स्थित मकान में किरायेदार था। राज्य सरकार को भूमि अधिग्रहण करने से पहले उसे धारा 21 के तहत नोटिस देना चाहिए था। वह संपत्ति से जुड़ा हितबद्ध पक्षकार है। उसे सुनवाई का अवसर दिया जाना चाहिए।वहीं, राज्य सरकार की अधिवक्ता श्रुति मालवीय ने कहा कि याची किरायेदार है और उसके पास संपत्ति में कोई अधिकार नहीं है।याची ने जानबूझकर आंशिक रूप से ध्वस्त की गई संपत्ति की तस्वीरें प्रस्तुत कीं, ताकि अंतरिम राहत प्राप्त की जा सके। वास्तव में संपत्ति पूरी तरह ध्वस्त हो चुकी थी। तस्वीरों में कोई तिथि या समय नहीं है, इसलिए उन्हें विश्वसनीय नहीं माना जा सकता। कोर्ट ने पाया कि राज्य सरकार ने वाराणसी शहर के दालमंडी क्षेत्र में सड़क को चौड़ा करने के लिए 30 जुलाई 2025 को आदेश जारी किया था। इसमें जमीन को स्वामियों की सहमति से खरीदने का प्रावधान था। शहनवाज खान घर के मालिक थे, उन्होंने राज्यपाल के पक्ष में बिक्री पत्र निष्पादित किया और कब्जा सौंप दिया।

### शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद की बढ़ीं मुश्किलें, Prayagraj Court ने यौन शोषण केस में दिया FIR का आदेश



उत्तर प्रदेश के प्रयागराज स्थित बलात्कार एवं यौन शोषण विरोधी विशेष न्यायालय के सहायक न्यायाधीश ने पुलिस को ज्योतिष पीठ शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती और उनके शिष्य स्वामी मुकुंदानंद गिरि के खिलाफ यौन शोषण के गंभीर आरोपों के संबंध में एफआईआर दर्ज करने का आदेश दिया है।न्यायाधीश विनोद कुमार चौरसिया ने पहले ही पुलिस निष्क्रियता को खारिज करते हुए झूंसी पुलिस स्टेशन को मामला दर्ज करने और जांच शुरू करने का निर्देश दिया। इस फैसले से उस विवाद में और भी तीव्रता आ गई है जो माघ मेले के दौरान इन आरोपों के सामने आने के बाद से इस क्षेत्र में व्याप्त है।

# सीजेएआर ने मुख्य न्यायाधीश और सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीशों द्वारा राज्य प्रायोजित यात्राओं पर चिंता जताई

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ब्यूरो प्रयागराज।** न्यायिक जवाबदेही और सुधार अभियान (सीजेएआर) ने गुरुवार (5 मार्च) को भारत के मुख्य न्यायाधीश और सर्वोच्च न्यायालय के कई मौजूदा न्यायाधीशों की आधिकारिक यात्राओं के लिए राज्य और निजी विमानों के इस्तेमाल पर चिंता व्यक्त की। द वायर के अनुसार एक बयान में, समूह ने कहा कि गुजरात और आंध्र प्रदेश की हालिया यात्राओं से संबंधित व्यवस्थाओं ने न्यायिक औचित्य और स्वतंत्रता की धारणा पर सवाल खड़े किए हैं, खासकर इसलिए क्योंकि दोनों राज्य सर्वोच्च न्यायालय के समक्ष अक्सर मुकदमे लड़ते रहते हैं।

**उनका पूरा बयान इस प्रकार है-** न्यायिक जवाबदेही और सुधारों के लिए अभियान कार्यकारी समिति: प्रशांत भूषण और आलोक प्रसन्न कुमार (संयोजक), चेरिल डिसूजा (सचिव), निखिल डे, वेंकटेश सुंदरम, इंदु प्रकाश सिंह, अंजलि भारद्वाज, अमृता जौहरी, एनी राजा, बीना पल्लीकल, सिद्धार्थ शर्मा, देवव्रत, इंदिरा उन्नीयार, विजयन एमजे, विपुल मुद्गल, कोनिनिका रे, प्रसन्ना एस., मीरा संघमित्रा, अपार गुप्ता, अनुराग तिवारी भारत के मुख्य न्यायाधीश और अन्य सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीशों की आधिकारिक यात्राओं के लिए राज्य संसाधनों के उपयोग पर वक्तव्य - 5 मार्च 2026 सीजेएआर भारत के मुख्य न्यायाधीश और सर्वोच्च न्यायालय के कई मौजूदा न्यायाधीशों की हाल ही में गुजरात और आंध्र प्रदेश की यात्राओं पर गहरी चिंता व्यक्त की है। इन यात्राओं की व्यवस्था और प्रचार-प्रसार के तरीके से न्यायिक स्वतंत्रता, संस्थागत मर्यादा और न्यायाधीशों के आचरण के लिए स्थापित नैतिक मानकों के अनुपालन के संबंध में चिंताएं उत्पन्न होती हैं। सार्वजनिक रूप से उपलब्ध जानकारी के माध्यम से यह प्रमाणित है कि: एक निजी विमानन सेवा द्वारा संचालित चार्टर्ड विमान का उपयोग न्यायाधीशों और उनके कर्मचारियों द्वारा दिल्ली से अहमदाबाद की यात्रा के लिए किया गया था। इसके बाद मुख्य न्यायाधीश ने गुजरात सरकार के विमान से अहमदाबाद से तिरुपति की यात्रा की। आंध्र प्रदेश सरकार ने सुप्रीम कोर्ट के छह न्यायाधीशों और उनके कुछ परिवार के सदस्यों की तिरुपति से विजयवाड़ा और विजयवाड़ा से दिल्ली की आगे की यात्रा के लिए दो विशेष विमानों की व्यवस्था की। हम सीजेएआर में यह चिंता इसलिए उठा रहे हैं क्योंकि गुजरात और आंध्र प्रदेश दोनों राज्य भारत के सर्वोच्च न्यायालय में अक्सर और सक्रिय रूप से मुकदमे लड़ते हैं। ऐसे में, यदि वैध अधिकारों और प्रोटोकॉल उपायों से परे राज्य द्वारा प्रायोजित परिवहन और रसद व्यवस्थाओं को स्वीकार करना वास्तव में सच है, तो इससे न्यायिक औचित्य और स्वतंत्रता के संबंध में गंभीर प्रश्न उठते हैं। इसके अलावा, न्यायाधीशों का दिल्ली से अहमदाबाद तक निजी चार्टर्ड विमान से यात्रा करना भी जनता के मन में 'विशेष विशेषाधिकार' और अनुचित प्रभाव या न्यायिक स्वतंत्रता से समझौता होने की आशंका पैदा करता है। सर्वोच्च न्यायालय द्वारा 1997 में अपनाए गए 'न्यायिक जीवन के मूल्यों का पुनर्कथन' में न्यायाधीशों से उच्च स्तर की सत्यनिष्ठा बनाए रखने और सभी गतिविधियों में अनुचितता और अनुचितता की आशंका दोनों से बचने की अपेक्षा की गई है। इसमें कहा गया है: 'न्याय न केवल किया जाना चाहिए बल्कि होता हुआ दिखना भी चाहिए। उच्च न्यायपालिका के सदस्यों का व्यवहार और आचरण न्यायपालिका की निष्पक्षता में जनता के विश्वास को मजबूत करना चाहिए। तदनुसार, सर्वोच्च न्यायालय या उच्च न्यायालय के किसी भी न्यायाधीश द्वारा, चाहे आधिकारिक या व्यक्तिगत क्षमता में, ऐसा कोई भी कार्य जो इस धारणा की विश्वसनीयता को कम करता हो, उससे बचना चाहिए।' एक न्यायाधीश को अपने पद की गरिमा के अनुरूप एक निश्चित स्तर की तटस्थता का अभ्यास करना चाहिए। न्यायाधीश अपने परिवार, करीबी रिश्तेदारों और दोस्तों के अलावा किसी और से उपहार या आतिथ्य स्वीकार नहीं करेगा। प्रत्येक न्यायाधीश को हर समय इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि वह जनता की निगाहों में है और उसके द्वारा ऐसा कोई कार्य या चूक नहीं होनी चाहिए जो उसके उच्च पद और उस पद के प्रति जनता के सम्मान के लिए अनुचित हो। इसके अनुसार, न्यायाधीश को ऐसी स्थितियों से बचना चाहिए जिनसे यह आशंका उत्पन्न हो सकती है कि बाहरी प्रभाव न्यायिक आचरण या निर्णय को प्रभावित कर सकते हैं। न्यायालय के समक्ष मुकदमे में शामिल सरकारों से अत्यधिक खर्चीली और महंगी यात्रा सुविधाएं स्वीकार करने से इस सिद्धांत में जनता का विश्वास कमज़ोर होने का खतरा है। सीजेएआर संबंधित राज्य सरकारों और भारत के सर्वोच्च न्यायालय से यह स्पष्ट करने का आह्वान करता है कि क्या उपर्युक्त व्यवस्थाएं मुख्य न्यायाधीश और न्यायाधीशों के लिए प्रोटोकॉल के नियमित क्रम में थीं, और यदि हां, तो इसका खर्च किसने वहन किया है।

### चक भटाही में धूमधाम से खेली गई फूलों की होली



**नैनी-** क्षेत्र के चक भटाही में समाजवादी पार्टी के नेता, व्यापार मंडल मंत्री एवं मानस रामलीला समिति के अध्यक्ष धीरेंद्र यादव 'धीरू' ने अपने परिवार और क्षत्रिय समाज के लोगों के साथ फूलों की होली बड़े ही हर्षोल्लास के साथ खेली। इस अवसर पर पूरे क्षेत्र में उत्सव जैसा माहौल देखने को मिला।कार्यक्रम के दौरान लोगों ने एक-दूसरे पर फूल बरसाकर होली की शुभकामनाएं दीं। इस मौके पर धीरेंद्र यादव धीरू की सादगी और मिलनसार स्वभाव ने सभी का दिल जीत लिया। उन्होंने सभी को प्रेम, भाईचारे और सौहार्द के साथ होली मनाने का संदेश दिया।फूलों की होली के इस आयोजन में क्षेत्र के कई गणमान्य लोग और बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक मौजूद रहे। सभी ने एक-दूसरे को फूलों से होली की बधाई दी और आपसी प्रेम व एकता का संदेश दिया।

## कवि सम्मेलन एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम सम्पन्न

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता


**नैनी,प्रयागराज।**अवन्तिका विकास समिति नैनी के तत्वावधान में आयोजित हृदय मिलन समारोह, कवि सम्मेलन एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व आईजी सी पी सिंह तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में जाने माने चिकित्सक डॉ ए के राय उपस्थित रहे। इस अवसर पर पर्यावरणविद् देवेन्द्र तिवारी, गुरु प्रकाश राव, नर सिंह, पार्षद अनूप कुमार, जितेंद्र सिंह, नयन कुशवाहा, राकेश श्रीवास्तव, आस्था पाण्डेय, पवनेश उपाध्याय,डॉ राजकुमार श्रीवास्तव,सुधाकर दुबे, एस पी सिंह,वी बी सिंह, शिव शंकर पाण्डेय, ओम प्रकाश मिश्र की विशेष उपस्थिति रही।कवि सम्मेलन में डॉ राजेन्द्र प्रसाद शुक्ल, वीरेंद्र सिंह कुसुमाकर, रामनाथ त्रिपाठी, वेदानन्द वेद, कवित्री राधा शुक्ला की सहभागिता प्रशंसनीय रही वहीं गंगा प्रसाद ठाकुर के संयोजकत्व में अशोक प्रताप सिंह, गंगा सागर मौर्य, सुषमा विश्वकर्मा, मंजू भल्ला, शिया दुलारी, मालती, सुषमा सिंह आदि द्वारा



प्रस्तुत फाग व होली गीत पर श्रोता झूम उठे। इस अवसर पर लोगों ने सहृदय मिलकर फूल की होली व पौष्टिक ठंडी का आनन्द लिया साथ ही हृदय मिलन समारोह को सार्थक किया।आयोजन में अवन्तिका विकास समिति के अखिलेश सिंह, अनिल द्विवेदी, धीरेन्द्र चौधरी,अशोक श्रीवास्तव, रणबीर सिंह, गोविन्द चौहान, सुनील साहनी, सुनील सिंह, चन्द्र प्रकाश पाण्डेय आदि की सक्रिय सहभागिता रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता गंगा प्रसाद ठाकुर तथा संचालन समिति के संयोजक गजेन्द्र प्रताप सिंह व सह संयोजक जगदम्बा प्रसाद शुक्ल ने किया।अन्त में मुख्य अतिथि ने पावन पर्व की शुभकामनाएं देते हुए सभी का धन्यवाद किया।

## यूपी चुनाव की तैयारी तेज, योगी की बैठकों से भाजपा ने बदली चुनावी चाल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ब्यूरो प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश में आगामी विधानसभा चुनावों को देखते हुए भारतीय जनता पार्टी ने अपनी राजनीतिक गतिविधियों को तेज कर दिया है। चुनावी तैयारियों को मजबूती देने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में समन्वय बैठकों का दौर चला रहे हैं। इन बैठकों के जरिए सरकार, संगठन और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के बीच तालमेल को और मजबूत करने की रणनीति पर काम किया जा रहा है। राजनीतिक हलकों में इन बैठकों को बेहद अहम माना जा रहा है। माना जा रहा है कि भाजपा चुनाव से पहले अपनी संगठनात्मक मजबूती, कार्यकर्ताओं की सक्रियता और सरकारी योजनाओं के प्रभावी प्रचार को सुनिश्चित करना चाहती है। इसी उद्देश्य से प्रदेश के छहों क्षेत्रों में लगातार बैठकें आयोजित की जा रही हैं।सूत्रों के अनुसार इन समन्वय बैठकों में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी, संगठन के प्रमुख पदाधिकारी तथा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ प्रतिनिधि भी शामिल हो रहे हैं। बैठकों का मुख्य उद्देश्य सरकार की योजनाओं और उपलब्धियों को संगठन के माध्यम से जनता तक प्रभावी तरीके से पहुंचाना है।

भाजपा नेतृत्व का मानना है कि सरकार के कामकाज और संगठन की सक्रियता के बीच बेहतर तालमेल से चुनावी रणनीति को मजबूत बनाया जा सकता है। इसके साथ ही संघ के कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी से बूथ स्तर तक संगठन को मजबूती देने की योजना बनाई जा रही है।राजनीतिक विश्लेषकों के मुताबिक भाजपा इस समय 'ट्रिपल एस' यानी सरकार, संगठन और संघ के समन्वय मॉडल पर काम कर रही है। इस मॉडल के तहत सरकार की उपलब्धियों को संगठन के माध्यम से जनता तक पहुंचाया जाएगा, जबकि संघ के कार्यकर्ता जमीनी स्तर पर जनसंपर्क अभियान को मजबूत करेंगे।

भाजपा की रणनीति है कि चुनाव से पहले हर क्षेत्र में कार्यकर्ताओं को सक्रिय किया जाए और बूथ स्तर तक मजबूत नेटवर्क तैयार किया जाए। इसी वजह से समन्वय बैठकों में संगठन की गतिविधियों और चुनावी कार्यक्रमों की विस्तृत समीक्षा भी की जा रही है।भाजपा द्वारा प्रदेश को छह प्रमुख क्षेत्रों में विभाजित कर इन बैठकों का आयोजन किया जा रहा है। हाल ही में लखनऊ, वाराणसी और गोरखपुर क्षेत्रों में महत्वपूर्ण बैठकें आयोजित की जा चुकी हैं। इन बैठकों में स्थानीय सांसदों, विधायकों, पार्टी पदाधिकारियों और संगठन के कार्यकर्ताओं ने भी भाग लिया। बैठक के दौरान सरकार की योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा की गई और कार्यकर्ताओं से जमीनी फीडबैक भी लिया गया। सूत्रों के मुताबिक आने वाले दिनों में पश्चिम क्षेत्र की बैठक गाजियाबाद में आयोजित की जाएगी। इसी तरह कानपुर क्षेत्र की बैठक कानपुर और ब्रज क्षेत्र की बैठक आगरा में प्रस्तावित है।इन बैठकों में आगामी विधानसभा चुनावों की रणनीति पर भी विस्तार से चर्चा हो रही है। पार्टी नेतृत्व यह जानने की कोशिश कर रहा है कि किन क्षेत्रों में संगठन को और मजबूत करने की जरूरत है और किन मुद्दों को लेकर जनता के बीच जाना चाहिए। इसके अलावा सरकार की प्रमुख योजनाओं और विकास कार्यों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए विशेष अभियान चलाने की योजना भी बनाई जा रही है।पार्टी का विशेष फोकस बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करने पर है।

भाजपा नेतृत्व का मानना है कि चुनाव में जीत के लिए बूथ स्तर पर मजबूत नेटवर्क होना बेहद जरूरी है। इसीलिए समन्वय बैठकों में बूथ समितियों को सक्रिय करने, नए कार्यकर्ताओं को जोड़ने और जनसंपर्क अभियान को तेज करने पर विशेष जोर दिया जा रहा है।कुल मिलाकर भाजपा विधानसभा चुनाव से पहले अपनी रणनीति को मजबूत करने में जुटी हुई है। समन्वय बैठकों के जरिए संगठन को सक्रिय करने, कार्यकर्ताओं की नाराजगी दूर करने और सरकार की उपलब्धियों को जनता तक पहुंचाने की कोशिश की जा रही है। आने वाले समय में यह देखना दिलचस्प होगा कि इन तैयारियों का चुनावी परिणामों पर कितना असर पड़ता है।

### नैनी में सपा प्रदेश सचिव मो. शारिक के आवास पर इफ्तार पार्टी का आयोजन



**नैनी,प्रयागराज।** रमज़ान के पवित्र महीने के अवसर पर शुक्रवार को समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव मो.शारिक के आवास पर इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया। इस मौके पर बड़ी संख्या में रोज़ेदारों ने शिरकत की और सामूहिक रूप से इफ्तार किया।इफ्तार के समय रोज़ेदारों ने खजूर खाकर अपना रोज़ा खोला और एक-दूसरे को रमज़ान की मुबारकबाद दी। कार्यक्रम के दौरान आपसी भाईचारे, सौहार्द और धार्मिक सद्भाव का माहौल देखने को मिला। उपस्थित लोगों ने देश में अमन-चैन, खुशहाली और तरक्की के लिए दुआ भी की।इस अवसर पर इसरत सिद्दीकी, सेबू, मो. गुड्डू, तारिक अफताब, मो. अमीर, मो. फैज, मो. अशद, मो. रशीद, मो. आदिल, अनस रजा, शानू कुरैशी, एहतशाम, कैप्टन सहित कई रोज़ेदार मौजूद रहे।

### उत्तर मध्य रेलवे मुख्यालय में अंतर्राष्ट्री 'महिला सशक्तिकरण एवं स्वास्थ्य' पर संगोष्ठी आयोजित

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो प्रयागराज।** उत्तर मध्य रेलवे, मुख्यालय में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस (08 मार्च) के उपलक्ष्य में आज दिनांक 06.03.2026 को एक विशेष संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्मिक विभाग के सभाकक्ष में आयोजित इस कार्यक्रम का मुख्य विषय 'महिला सशक्तिकरण, लैंगिक समानता एवं महिला स्वास्थ्य' रहा, जिसमें मुख्यालय के सभी विभागों की महिला रेलकर्मियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।इस अवसर पर डॉ. मंजू लता हांडू (अपर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, केन्द्रीय रेलवे अस्पताल, प्रयागराज) और श्रीमती गरिमा त्रिपाठी (उप वित्त सलाहकार एवं मुख्य लेखा अधिकारी/सामान्य) विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। अपने संबोधन में डॉ. मंजू लता हांडू ने महिलाओं के स्वास्थ्य से जुड़ी समस्याओं, उनके बचाव और समय पर निदान के प्रति उपस्थित रेलकर्मियों को जागरूक किया। उन्होंने विशेष रूप से महिलाओं में होने वाली बीमारियों, खान-पान की आदतों और दैनिक जीवन में स्वास्थ्य के प्रति सजगता पर बल दिया। संगोष्ठी में महिलाओं की




घर-परिवार के प्रति सकारात्मक जिम्मेदारियों और कार्यस्थल पर उनके सशक्तिकरण से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर भी चर्चा की गई। समारोह के दौरान मुख्यालय रेल गाँव में संविदा पर कार्यरत महिला बागवानी कर्मियों एवं अन्य विभागों की 15 महिलाओं का सम्मान रहा। इन महिलाओं को विशिष्ट अतिथियों एवं मुख्यालय की महिला अधिकारियों द्वारा सम्मानित किया गया तथा उनके दैनिक जीवन में उपयोगी उपहार भेंट किए गए। इस संगोष्ठी में उत्तर मध्य रेलवे मुख्यालय के सभी विभागों से महिला कर्मचारियों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। यह आयोजन न केवल सूचनात्मक रहा, बल्कि इसने महिला रेलकर्मियों के बीच लैंगिक समानता और आत्म-देखभाल के संदेश को भी सुदृढ़ किया।

## रेलवे संरक्षा को और सुदृढ़ बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो प्रयागराज।** रेलवे संरक्षा एवं सुरक्षित रेल संचालन को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए आज दिनांक 06 मार्च 2026 को रेलवे संरक्षा आयुक्त, पूर्वोत्तर परिमंडल (Commissioner of Railway Safety) प्रणजीव सक्सेना ने टुंडला स्थित सेंट्रलाइज्ड ट्रैफिक कंट्रोल (CTC) का विस्तृत निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सीटीसी की कार्यप्रणाली का गहन अवलोकन करते हुए ट्रेन संचालन के समन्वय, सिग्नलिंग प्रणाली तथा संरक्षा से जुड़े विभिन्न तकनीकी पहलुओं का सूक्ष्म अध्ययन किया। निरीक्षण के क्रम में रेलवे संरक्षा आयुक्त जी से ने डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (DFCCIL) के न्यू टुंडला स्टेशन का भी निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने स्टेशन कंट्रोल रूम, रिले रूम तथा रोलिंग हट का निरीक्षण कर वहां उपलब्ध तकनीकी व्यवस्थाओं एवं संरक्षा मानकों का बारीकी से अवलोकन किया तथा संबंधित अधिकारियों से व्यवस्थाओं के संचालन एवं रखरखाव के संबंध में विस्तृत जानकारी प्राप्त की। इसके उपरांत उन्होंने टुंडला से मारीपत के मध्य विंडो ट्रेलिंग निरीक्षण किया। इस निरीक्षण के दौरान मार्ग में पड़ने वाले विभिन्न रेलवे स्टेशनों, सिग्नल एवं दूरसंचार प्रतिष्ठानों, ट्रैक संरचना तथा अन्य परिचालन व्यवस्थाओं का अवलोकन करते हुए संरक्षा से जुड़े सभी महत्वपूर्ण पहलुओं की समीक्षा की। निरीक्षण के क्रम में रेलवे संरक्षा आयुक्त महोदय ने डावर एवं खुर्जा के मध्य स्थित मेजर ब्रिज संख्या 171 का भी निरीक्षण किया तथा उसकी संरचनात्मक स्थिति एवं संरक्षा मानकों का जायजा लिया। इसके



पश्चात उन्होंने मारीपत स्टेशन का भी विस्तृत निरीक्षण किया, जहां उन्होंने स्टेशन मास्टर की कार्यप्रणाली, अभिलेखों (डॉक्यूमेंट्स), रिले रूम तथा अन्य तकनीकी व्यवस्थाओं का गहनता से अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान रेलवे संरक्षा आयुक्त ने अधिकारियों को रेलवे संरक्षा मानकों के सतत अनुपालन, प्रभावी निगरानी व्यवस्था तथा सुरक्षित एवं सुचारु रेल संचालन सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए।

### हम अपना अपमान सह सकते हैं, लेकिन मां, जन्मभूमि, संस्कृति, सभ्यता, धर्म, गौमाता आदि प्रतीकों का अपमान हम नही सह सकते हैं



**ब्यूरो प्रयागराज।** ज्योतिष्पीठाधीश्वर जगदुरु शङ्कराचार्य स्वामिश्रीः अविमुक्तेश्वरानंदः जी ने कहा है कि अन्याय का प्रतिकार ही सनातन धर्म है- हम अपना अपमान सह सकते हैं, लेकिन मां, जन्मभूमि, संस्कृति, सभ्यता, धर्म, गौमाता आदि प्रतीकों का अपमान हम नही सह सकते हैं। शंकराचार्य जी आज वाराणसी में लखनऊ धर्म युद्ध में रवाना होने के पूर्व पत्रकारों से बात करते हुए कहा मुझे अपने अपमान की चिंता नहीं है।

### बसपा ने दिया लखनऊ चलो का नारा, 15 मार्च को कांशीराम जयंती पर बड़ी रैली का होगा आयोजन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो प्रयागराज।** बसपा के संस्थापक कांशीराम की 15 मार्च को 92वीं जयंती के अवसर पर राजधानी में पार्टी कार्यकर्ताओं और समर्थकों का जमावड़ा होगा। बसपा ने कांशीराम जयंती को धूमधाम से मनाने के लिए लखनऊ चलो का आह्वान किया है। इस अवसर पर लखनऊ और नोएडा में विशेष आयोजन होगा। राजधानी में यह आयोजन पुरानी जेल रोड स्थित कांशीराम स्मारक स्थल पर होगा। पार्टी कांशीराम जयंती पर होने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा को अंतिम रूप दे रही है। राजधानी में होने वाले कार्यक्रम में 12 मंडलों के कार्यकर्ता एवं समर्थक आएंगे, जबकि नोएडा में 6 मंडल के लोग हिस्सा लेंगे। बसपा सुप्रीमो मायावती राजधानी में होने वाले कार्यक्रम को संबोधित भी कर सकती हैं, हालांकि अभी इस बाबत अभी अंतिम फैसला नहीं लिया गया है। वहीं दूसरी ओर पार्टी के केंद्रीय संयोजक आकाश आनंद भी 15 मार्च को राजस्थान के भरतपुर में विशाल रैली को संबोधित करेंगे।कांशीराम की जयंती पर बसपा सुप्रीमो कार्यकर्ताओं और समर्थकों को आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर अहम संदेश देंगी। पार्टी ने जालौन की माधौगढ़ सीट से आशीष पांडेय को प्रत्याशी घोषित कर दिया है। इसके अलावा आजमगढ़ की दीदारगंज सीट से अबुल कैश, जौनपुर की मुंगरा बादशाहपुर सीट से विनोद मिश्रा और सहारनपुर देहात सीट से फिरोज आफताब का नाम भी तय किया जा चुका है। पार्टी द्वारा इसकी आधिकारिक घोषणा बाकी है। कई अन्य प्रभारियों को भी जल्द प्रत्याशी घोषित करने की कवायद जारी है। पार्टी आगामी दो माह में 50 से अधिक प्रत्याशियों के नाम घोषित करने की रणनीति पर काम कर रही है।

### 'पुतिन से ले सकते हो तेल, कब तक चलेगा यह अमेरिकी ब्लैकमेल', कांग्रेस का मोदी सरकार से सवाल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो प्रयागराज।** कांग्रेस ने ''अमेरिकी वित्त विभाग की भारतीय रिफाइनरियों को रूस से फौरी तौर पर तेल खरीदने की अस्थायी छूट दिए जाने की घोषणा'' को लेकर शुक्रवार को मोदी सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि यह ''अमेरिकी ब्लैकमेल'' कब तक चलता रहेगा। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, ''ट्रंप का नया खेल, दिल्ली के दोस्त को कहा पुतिन से ले सकते हो तेल, कब तक चलेगा यह अमेरिकी ब्लैकमेल।'' अमेरिकी वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट ने 'एक्स' पर पोस्ट कर कहा है, ''वैश्विक बाजार में तेल की उपलब्धता जारी रखने के लिए, वित्त विभाग भारतीय रिफाइनरियों को रूसी तेल खरीदने के लिए 30 दिन की अस्थायी छूट दे रहा है. जयराम ने आगे लिखा- भारत अमेरिका का एक आवश्यक साझेदार है, और हम पूरी तरह से आशा करते हैं कि नई दिल्ली अमेरिकी तेल की खरीद में तेजी लाएगी। यह अल्पकालिक उपाय वैश्विक ऊर्जा को बंधक बनाने के ईरान के प्रयास के कारण उत्पन्न दबाव को कम करेगा।''भारत सरकार की तरफ से फिलहाल इसे लेकर कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। ईरान जंग की वजह से वैश्विक तेल बाजार में पैदा हुए दबाव के बीच अमेरिका ने एक अहम फैसला लिया है। वाशिंगटन ने रूस को 30 दिनों तक भारत को तेल बेचने की अस्थायी छूट देने का फैसला लिया है। इस कदम से भारत के साथ उन रूसी तेल टैंकरों को राहत मिलने की उम्मीद है जो कई महीनों से समुद्र में खड़े थे और उन्हें खरीदार नहीं मिल पा रहे थे।बताया गया है कि यह फैसला वैश्विक तेल बाजार में बढ़ते दबाव को कम करने के उद्देश्य से लिया गया है।

### 'नीतीश कुमार बनें प्रधानमंत्री... ' सपा ने उठाई मांग, राज्यसभा जाने को लेकर मचा सियासी तूफान

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो प्रयागराज।** नीतीश कुमार के राज्यसभा जाने के फैसले ने राजनीति में हलचल मचा दी है। यह फैसला न सिर्फ बिहार में, बल्कि उत्तर प्रदेश में भी नई बहस शुरू कर रहा है। विपक्षी दल इसे भाजपा की साजिश बता रहे हैं, जबकि समाजवादी पार्टी ने नीतीश कुमार को लेकर एक अलग तरह की मांग उठाई है। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने राज्यसभा चुनाव के लिए नामांकन दाखिल कर दिया है। यह फैसला अचानक आया है, जिससे सब हैरान हैं। नीतीश कुमार लंबे समय से बिहार के मुख्यमंत्री रहे हैं। अब वे राज्यसभा में जाएंगे, जिससे बिहार में नया मुख्यमंत्री बनेगा। जेडीयू के कई कार्यकर्ता इस फैसले से नाराज हैं। पटना में जगह-जगह विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं। कार्यकर्ता इसे साजिश बता रहे हैं और कह रहे हैं कि नीतीश कुमार पर दबाव डाला गया है। विपक्षी दल इस फैसले को भाजपा की चाल बता रहे हैं। वे कह रहे हैं कि भाजपा ने नीतीश कुमार को मुख्यमंत्री पद से हटाकर बिहार पर कब्जा करने की कोशिश की है। आरजेडी और अन्य दल इसे राजनीतिक अपहरण कह रहे हैं। तेजस्वी यादव ने कहा है कि यह जनता के साथ धोखा है। भाजपा बिहार में अपना एजेंडा लागू करना चाहती है। विपक्ष का मानना है कि नीतीश कुमार पिछड़ों और दलितों के बड़े नेता हैं, इसलिए भाजपा उन्हें हटाना चाहती है। समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने एक्स पर लिखा कि यह बिहार के इतिहास का सबसे बड़ा अपहरण है। उन्होंने कहा, 'ये दिखने में राजनीतिक अपहरण है, लेकिन दरअसल ये बिहार का आर्थिक अपहरण है। भाजपा ने तो फिरौती में पूरा बिहार मांग लिया। अगला नंबर... समझदार को इशारा काफी।' अखिलेश ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि भाजपा पिछड़ों के अधिकार छीन रही है।

### लोकनाथ में महिलाओं की अद्भुत होली



**ब्यूरो प्रयागराज।** प्रयागराज लोकनाथ की प्रसिद्ध कपड़ा फाड़ होली कल खत्म हो गई लेकिन आज शुक्रवार को लोक नाथ से एक नया अध्याय और जुड़ गया है महिलाओं की अद्भुत होली तीसरे दिन लोकनाथ व्यायाम शाला पर केवल महिलाओं ने होली खेली महिलाओं में काफी उत्साह देखा गया। कोतवाली पुलिस का बंदोबस्त बहुत शानदार रहा।

# संक्षिप्त खबरें

## अनुसूचित जाति कारीगरों के लिए छह दिवसीय उद्यमिता विकास कार्यक्रम शुरू




**हजारीबाग, झारखंडः-** वस्त्र मंत्रालय, भारत सरकार के सहयोग से अनुसूचित जाति सहकारिता विकास निगम, रांची द्वारा शहर के श्री विनायक होटल में छह दिवसीय उद्यमिता विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन वस्त्र मंत्रालय के सहायक निदेशक पुष्प राजन तथा जिला कल्याण पदाधिकारी मां देव प्रिय ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में अनुसूचित जाति समुदाय से जुड़े वस्त्र मंत्रालय में पंजीकृत 20 कारीगर भाग ले रहे हैं। कार्यक्रम का उद्देश्य कारीगरों को आधुनिक तकनीक और व्यवसायिक जानकारी से जोड़कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है। प्रशिक्षण के दौरान कारीगरों को नए डिजाइन विकसित करने, उत्पाद की गुणवत्ता सुधारने, ब्रांडिंग, पैकेजिंग तथा विपणन से संबंधित जानकारी दी जाएगी। इसके माध्यम से कारीगर अपने उत्पादों को बेहतर तरीके से बाजार तक पहुंचाकर स्वरोजगार के अवसर बढ़ा सकेंगे। कार्यक्रम में विशेषज्ञों द्वारा विभिन्न सत्रों के माध्यम से कारीगरों को उद्यमिता से जुड़े महत्वपूर्ण पहलुओं की जानकारी दी जा रही है, ताकि वे प्रतिस्पर्धी बाजार में अपने उत्पादों की पहचान बना सकें। इस अवसर पर हैंडीक्राफ्ट प्रोड्यूसर कंपनी के निदेशक, हस्तशील विकास संस्थान के नरेश ठाकुर, उमा कुमारी, संजय गोप, सुजीत किस्फोटक, पंकज ठाकुर सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## गरीब परिवार की तीन बेटियों को शादी के लिए सांसद मनीष जायसवाल की ओर से मिला लहंगा



**चौपारण, हजारीबाग, झारखंडः-** चौपारण प्रखंड क्षेत्र के दैहर, चौपारण पंचायत तथा मानगढ़ पंचायत के नगवा गांव में शुक्रवार को शादी के लिए चयनित तीन गरीब परिवारों की बेटियों को लहंगा प्रदान किया गया। यह लहंगा मनीष जायसवाल की ओर से उपलब्ध कराया गया। जानकारी के अनुसार सांसद मनीष जायसवाल गरीब परिवारों की बेटियों की शादी में सहयोग करने के उद्देश्य से उन्हें लहंगा भेंट कर आशीर्वाद दे रहे हैं। इसी क्रम में प्रखंड के विभिन्न पंचायतों की तीन बच्चियों को लहंगा देकर उनके सुखद वैवाहिक जीवन की कामना की गई। लहंगा वितरण कार्यक्रम में बरही विधानसभा क्षेत्र के सांसद प्रतिनिधि मुकुंद साव, चौपारण-बरही विधानसभा के सांसद प्रतिनिधि रामस्वरूप पासवान, चौपारण पश्चिम मंडल के सांसद प्रतिनिधि आशीष सिंह, दैहर पंचायत संयोजक कैलाश पांडे, किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष देव कुमार दांगी, सुरेश दांगी, करू पांडे, कुलदीप पांडे, विनय सिंह सहित कई ग्रामीण उपस्थित थे।

## बरही महोत्सव मेला से हुई मोटरसाइकिल की चोरी, अज्ञात चोर के खिलाफ मामला दर्ज

**बरही, हजारीबाग, झारखंडः-** बरही महोत्सव मेला में बाइक चोरी का मामला सामने आया है। इस संबंध में पीड़ित के आवेदन पर बरही थाना में मामला दर्ज कर पुलिस छानबीन में जुट गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, हजारीबाग जिले के ईचाक थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम डुमरौल निवासी सुजीत कुमार 18 वर्ष पिता मनोज राम 1 मार्च की रात करीब 8 बजे अपने रिश्तेदार कुलेश्वर कुमार पिता संजय भुइयां, ग्राम मांडुडीह, थाना मांडु, जिला रामगढ़ की मोटरसाइकिल लेकर बरही महोत्सव मेला देखने आए थे। उन्होंने अपनी सिल्वर ग्रीन रंग की हीरो स्प्लेंडर प्लस मोटरसाइकिल नंबर जेएच 24 एफ 1647 मेला गेट के सामने खड़ी कर मेला घूमने चले गए। करीब एक घंटे बाद वापस लौटने पर देखा कि मोटरसाइकिल वहां से गायब है। काफी खोजबीन के बावजूद बाइक का कोई पता नहीं चल सका। पीड़ित ने आशंका जताई है कि अज्ञात चोर द्वारा मोटरसाइकिल चोरी कर ली गई है। इस मामले में बरही थाना में आवेदन के आधार पर बरही थाना कांड संख्या 83/25 के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस ने बताया कि मामले की जांच शुरू कर दी गई है और बाइक की तलाश जारी है।

# SOF ओलंपियाड में ग्लिटर त्रिवेणी पब्लिक स्कूल के छात्रों का जलवा, सुमैरा और अविका को जोनल गोल्ड मेडल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**चंदवा, लातेहार, झारखंडः-** चंदवा प्रखंड स्थित ग्लिटर त्रिवेणी पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने Science Olympiad Foundation (SOF) द्वारा आयोजित अंतर्राष्ट्रीय ओलंपियाड प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। छात्रों की इस उपलब्धि से पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल है। विद्यालय में प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी विज्ञान, गणित और सामाजिक विज्ञान विषयों में ओलंपियाड परीक्षा आयोजित की गई थी, जिसमें बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस दौरान छात्रों ने अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर शानदार प्रदर्शन किया। कक्षा चौथी की छात्रा सुमैरा खान और अविका अग्रवाल ने संयुक्त रूप से जोनल रैंक 3 तथा इंटरनेशनल रैंक 4 प्राप्त कर विद्यालय को गौरवान्वित किया। इस उपलब्धि के लिए दोनों छात्राओं को जोनल गोल्ड मेडल से सम्मानित किया गया। वहीं संजना कुमारी ने जोनल रैंक 5 और इंटरनेशनल रैंक 6 हासिल कर जोनल ब्रॉन्ज मेडल प्राप्त किया। अनाया साहू ने जोनल रैंक 7 और इंटरनेशनल रैंक 8 प्राप्त कर विद्यालय की उपलब्धियों में एक और सफलता जोड़ी।

इसके अलावा गणित और विज्ञान ओलंपियाड में विद्यालय के पाँच विद्यार्थियों का चयन दूसरे स्तर की परीक्षा के लिए हुआ है। यह परीक्षा इसी वर्ष जनवरी माह में रांची स्थित Kerali Public School में आयोजित की गई थी, जिसके परिणाम की घोषणा अभी शेष है।

विद्यालय की निदेशिका कादंबरी सिंह ने बच्चों की इस उपलब्धि को क्षेत्र के लिए गर्व की बात बताते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। वहीं प्रधानाचार्य हिमांशु सिंह ने बताया कि विद्यालय पिछले दस वर्षों से स्हस्र ओलंपियाड प्रतियोगिताओं का सफल आयोजन कर रहा है और यहाँ के विद्यार्थी हर वर्ष विभिन्न स्तरों पर सफलता प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन करते रहे हैं। उन्होंने बताया कि इस वर्ष ओलंपियाड परीक्षा के समन्वयक के रूप में कृष्णा किशोर और रौशन पाठक को जिम्मेदारी दी गई थी। वहीं विषयवार समन्वय में गणित के लिए शशिकांत मिश्रा, विज्ञान के लिए रौशन पाठक तथा सामाजिक विज्ञान के लिए कृष्णा किशोर को दायित्व सौंपा गया था। विद्यालय के विद्यार्थियों की इस सफलता पर अभिभावकों ने भी प्रसन्नता व्यक्त करते हुए प्रबंधन, शिक्षकों और छात्रों को बधाई दी है।

# धूप की प्रखरता से गर्मी के दिनों में जल स्तर नीचे जाने से बढ़ी ग्रामीणों की पेयजल समस्या

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**पाकुड़िया, पाकुड़, झारखण्डः-** पाकुड़िया प्रखण्ड के अंतर्गत तालवा, धावाडंगाल, बथानपहाड़ी ग्राम के कई टोलों में पेयजल की समस्या बढ़ गई है। 5 मार्च को लागडुम पंचायत के तालवा ग्राम के तोड़े टोला में नलकूप खराब होने से पेयजल की कठिनाई बढ़ने की बात ग्रामीणों ने कही। इस टोले की महिलाओं ने स्पष्ट रूप से बताया कि इस टोले में मात्र एक नलकूप है और वह पिछले दिनों से खराब रहने के बावजूद ठीक नहीं किया गया है, जिससे पेयजल की भीषण समस्या उत्पन्न हो गई है। पूछने पर आक्रोशित महिलाओं ने कहा कि इस टोले में बहुत पुराना कूप है और हम लोग वर्षों से इसी पुराने जीर्ण खुले कूप से जल भरते रहे हैं। विगत दिनों एक नलकूप लगाया गया था, पर वह खराब रहने से जल आपूर्ति नहीं हो रही है और पेयजल की कठिनाइयां बढ़ गई हैं। वहीं धावाडंगाल ग्राम के कई टोलों में भी पेयजल की कठिनाइयां होने की बात ग्रामीणों ने बताई। जबकि प्रखण्ड के महुलपहाड़ी पंचायत के बथान पहाड़ी ग्राम के रोड व माझी टोला में पेयजल की भीषण समस्या होने की बात महिलाओं ने कही। महिलाओं ने बताया कि प्रति वर्ष धूप और गर्मी के दिनों में पानी की कठिनाइयां बढ़ जाती हैं। महिलाओं ने कहा कि नलकूपों की सही मरम्मत नहीं किए जाने से नलकूप खराब रहते हैं और पेयजल की कठिनाइयां बढ़ती दिख रही हैं। ग्रामीणों ने कहा कि जल एवं स्वच्छता विभाग तथा पंचायतों से खराब पड़े नलकूपों की पूरी मरम्मत करा दी जाए तो पेयजल की सुविधा हो सकती है। वहीं कई ग्रामीण महिलाओं का मानना है कि नए नलकूप भी लगाना जरूरी है। पूर्व निर्मित ध्वस्त जलकूपों की ठीक से मरम्मत और खराब पड़ी जल टंकियों को शीघ्र चालू किए जाने से पेयजल समस्या के समाधान में मदद मिलेगी, ऐसा प्रबुद्ध नागरिकों का मानना है।

## जौनपुर के नायब तहसीलदार अतुल सिंह ने यूपीएससी परीक्षा में मारी बाजी, डीएम ने किया सम्मानित

**जौनपुर।** जौनपुर में नायब तहसीलदार के पद पर तैनात अतुल सिंह ने यूपीएससी की परीक्षा में सफलता प्राप्त की है। उनकी इस सफलता पर जिलाधिकारी डा. दिनेश चंद्र ने शुक्रवार को उन्हें सम्मानित किया। अतुल सिंह ने अपनी सफलता का श्रेय जिलाधिकारी डा. दिनेश चंद्र के मार्गदर्शन को देते हुए कहा कि राजस्व विभाग की व्यस्त नौकरी के बावजूद जिलाधिकारी के प्रोत्साहन से उन्हें तैयारी जारी रखने की प्रेरणा मिली। उन्होंने कहा कि राजस्व विभाग में कार्य करते हुए भी सेवा भावना के साथ अध्ययन जारी रखना संभव हुआ, जिसके परिणामस्वरूप यह सफलता प्राप्त हुई। जिलाधिकारी ने राजस्व विभाग की ओर से अतुल सिंह को सम्मानित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की और आशा व्यक्त की कि वह आगे चलकर प्रशासनिक सेवा में भी उत्कृष्ट कार्य कर देश एवं समाज की सेवा करेंगे।

## तेज रफ्तार बाइक ने बुजुर्ग को मारी टक्कर, हालत गंभीर, बरही थाना में मामला दर्ज

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बरही, हजारीबाग, झारखंडः-** बरही थाना क्षेत्र के बैरीसाल गांव में तेज रफ्तार और लापरवाही से बाइक चलाने के कारण एक बुजुर्ग गंभीर रूप से घायल हो गए। इस मामले में पीड़ित के परिजन के आवेदन पर बरही थाना में प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस जांच में जुट गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, बैरीसाल निवासी कारू पासवान 44 वर्ष पिता सरयू पासवान ने बरही थाना में दिए आवेदन में बताया कि 1 मार्च 2026 की रात करीब 8 बजे उनके पिता सरयू पासवान लगभग 69 वर्ष पड़ोसी गांव चन्दरपुर से यज्ञ के भंडारा का प्रसाद खाकर पैदल अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान जैसे ही वे बैरीसाल पुल के पास पहुंचे, पीछे से बैरीसाल निवासी एक 15 वर्षीय युवक तेज गति और लापरवाही से मोटरसाइकिल चलाते हुए आया और उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगने से सरयू पासवान सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और उनकी गंभीर हालत को देखते हुए तुरंत इलाज के लिए रांची स्थित अपोलो अस्पताल ले जाया गया। डॉक्टरों ने जांच के बाद बताया कि उनके माथे में गंभीर चोट लगी है, जिससे सिर में खून जम गया है। वहीं एक्स-रे में उनके सीने की दो पसलियां टूटने की भी पुष्टि हुई है। फिलहाल उनकी स्थिति नाजुक बनी हुई है और वे रांची के एक निजी अस्पताल में इलाजरत हैं। इधर बरही पुलिस ने आवेदन के आधार पर बरही थाना कांड संख्या 84/25 के तहत प्राथमिकी दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू कर दी है। पुलिस ने बताया कि घटना की जांच की जा रही है और आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# चंदवा के माल्हन पंचायत में जंगली हाथी का कहर, 52 वर्षीय ग्रामीण की मौत से इलाके में दहशत

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**चंदवा, झारखंडः-** चंदवा थाना क्षेत्र के माल्हन पंचायत अंतर्गत भंडार टोला गांव में गुरुवार देर रात एक जंगली हाथी के अचानक गांव में घुस आने से अफरा-तफरी मच गई। हाथी के हमले में 52 वर्षीय ग्रामीण टीभरू गंझू (पिता- नंदा गंझू) की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद पूरे गांव सहित आसपास के क्षेत्रों में भय और दहशत का माहौल बना हुआ है। प्राप्त जानकारी के अनुसार गुरुवार की रात जंगल से निकलकर एक अकेला जंगली हाथी भंडार टोला गांव में घुस आया। हाथी को देखते ही ग्रामीणों में भगदड़ मच गई। इसी दौरान टीभरू गंझू अचानक हाथी के सामने आ गए। गुस्साए हाथी ने उन पर हमला कर दिया, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए और घटनास्थल पर ही उनकी मौत हो गई। घटना की खबर फैलते ही आसपास के गांवों में भी दहशत फैल गई। बताया जा रहा है कि हाथी काफी आक्रामक था और गांव के आसपास काफी देर तक घूमता रहा। इसके बाद भंडार टोला सहित आसपास के चार-पांच गांवों के सैकड़ों ग्रामीण एकजुट होकर मशाल और शोर-शराबे के सहारे हाथी को भगाने में जुट गए। ग्रामीणों के प्रयास से देर रात हाथी को जंगल की ओर खदेड़ने में सफलता मिली। घटना की सूचना मिलते ही वन विभाग और स्थानीय प्रशासन को अवगत कराया गया। शुक्रवार सुबह वन विभाग की टीम गांव पहुंची और घटना की जानकारी लेते हुए मृतक के परिजनों को तत्काल राहत के रूप में 40 हजार रुपये की सहायता राशि प्रदान की। मृतक के घर पर मातम का माहौल है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है, वहीं पूरे इलाके में शोक की लहर दौड़ गई है। ग्रामीणों ने प्रशासन और वन विभाग से क्षेत्र में हाथियों की बढ़ती गतिविधियों पर नियंत्रण के लिए ठोस कदम उठाने की मांग की है, ताकि भविष्य में ऐसी दुखद घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

# सरकारी दफ्तर में 'जाम' का दौर! बलिया नगर पालिका कार्यालय में कर्मचारियों की शराब पार्टी का वीडियो वायरल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बलिया।** बलिया नगर पालिका कार्यालय एक बार फिर चर्चा में है। इस बार वजह सफाई व्यवस्था नहीं, बल्कि कार्यालय के अंदर कर्मचारियों की शराब पार्टी का वायरल वीडियो है। सोशल मीडिया पर तेजी से फैल रहे इस वीडियो में नगर पालिका के कर्मचारी सरकारी मेज पर बैठकर शराब पीते और जश्न मनाते नजर आ रहे हैं। वायरल वीडियो में साफ तौर पर देखा जा सकता है कि नगर पालिका कार्यालय के भीतर एक मेज पर शराब की बोतलें और गिलास रखे हुए हैं। कर्मचारी वहीं बैठकर शराब के पैग बना रहे हैं और एक-दूसरे को परोसते दिखाई दे रहे हैं। यह पूरी घटना सरकारी कार्यालय के अंदर होने से सवाल खड़े हो गए हैं। बताया जा रहा है कि यह वीडियो 28 फरवरी का है, जब होली से पहले कर्मचारियों ने कार्यालय के अंदर ही शराब पार्टी कर ली। वीडियो सामने आने के बाद नगर पालिका प्रशासन में हड़कंप मच गया है और लोगों में भी इसको लेकर नाराजगी देखने को मिल रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि एक तरफ बलिया शहर कूड़े के ढेर और सफाई व्यवस्था की समस्या से जूझ रहा है, वहीं दूसरी तरफ नगर पालिका के कर्मचारी दफ्तर के अंदर शराब पार्टी करते नजर आ रहे हैं। इससे नगर पालिका की कार्यशैली पर सवाल उठने लगे हैं।

# आयुष्मान आरोग्य मंदिर बना ग्रामीणों की दृष्टि में 'शोभा की वस्तु'

## ● आरोग्य मंदिर कब खुलता-बंद होता है, ग्रामीण हैं अनजान

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**पाकुड़िया - पाकुड़, झारखण्डः-** केंद्र व राज्य की हेमंत सोरेन सरकार लोगों को स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने हेतु बड़ी राशि खर्च कर रही है, जिससे लोग विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों के असहाय जन अपनी बीमारी का मुफ्त इलाज करा कर स्वस्थ हो सकें। यद्यपि सरकारी पहल से इन दिनों पहले के बनिस्पत स्वास्थ्य क्षेत्र में सामान्य बीमारियों के लिए सुविधा बेहतर होती दिख रही है, तथापि प्रखण्ड के सुदूर ग्रामीण इलाकों में स्थित आरोग्य मंदिरों के संचालन में विशेष लगनशीलता जनहित में आवश्यक बताई जा रही है। इसी क्रम में प्रखण्ड के बसतकुंडी पंचायत के लखीपोखर ग्राम स्थित आरोग्य मंदिर के संदर्भ में ग्रामीणों ने 5 मार्च को पूछने पर स्पष्ट रूप से कहा कि यह कब खुलता और कब बंद होता है, इसकी जानकारी उन्हें नहीं है। वहीं दूसरी ओर महिलाओं ने बताया कि लोगों की स्वास्थ्य सुविधा के लिए यह केंद्र बनाया गया है, पर हम लोगों को यह जानकारी नहीं है कि इसके खुलने और बंद होने का समय क्या है। कई लोगों ने कहा कि एक महिला कभी-कभी यहां आती देखी जाती है। ग्रामीणों का मानना है कि आरोग्य मंदिर का समय-सारिणी लिखकर बाहर की चहारदीवारी पर बोर्ड लगाना जरूरी है, ताकि लोगों को इसकी जानकारी रहे और वे इसका लाभ उठा सकें।

## गंगा स्नान को जा रहे श्रद्धालुओं के साथ भयानक हादसा, चालक की मौत; मची चीख-पुकार

बिहार में भागलपुर जिले के सुल्तानगंज थाना क्षेत्र में शुक्रवार को सड़क दुर्घटना में एक ई-रिक्शा चालक की मौत हो गई तथा दो महिला घायल हो गई। पुलिस सूत्रों ने बताया कि ई-रिक्शा पर सवार दो महिला गंगा में स्नान के लिए अजगैबीनाथ घाट जा रही थी। रास्ते में सामने से तेज रफ्तार से आए एक एंबुलेंस ने ई-रिक्शा में टक्कर मार दी। सूत्रों ने बताया कि इस हादसे ई-रिक्शा चालक और दो महिलाएं गंभीर रुप से घायल हो गई। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर तीनों घायलों को सुल्तानगंज के रेफ़रल अस्पताल में भर्ती करवाया, जहां चिकित्सकों ने चालक को मृत घोषित कर दिया, जबकि दोनों महिला की गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें भागलपुर के जवाहरलाल नेहरु मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर किया गया है। मृत चालक की पहचान मनोज तांती के रुप में हुई है और इस क्षेत्र के मिर्जा गांव का रहने वाला था। सूत्रों ने बताया कि हादसे के बाद एंबुलेंस का चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया है। इस सिलसिले में पुलिस ने फरार चालक के विरुद्ध एक प्राथमिकी दर्ज करने के बाद एंबुलेंस और ई-रिक्शा को अपने कब्जे में ले लिया है।

# उपायुक्त की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की हुई समीक्षा बैठक

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**हजारीबाग, झारखंडः-** उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह की अध्यक्षता में शुक्रवार को समाहरणालय सभाकक्ष में जिला स्वास्थ्य समिति की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं और नियमित स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा की गई। बैठक के दौरान उपायुक्त ने टीबी मरीजों के बेहतर उपचार पर विशेष जोर देते हुए निर्देश दिया कि जिन क्षेत्रों में टीबी के मामले अधिक हैं, वहां व्यापक स्तर पर सैंपल संग्रह कर जांच अभियान चलाया जाए। साथ ही मरीजों को दवाओं का नियमित वितरण और सेवन सुनिश्चित कराने पर बल दिया गया। उन्होंने एनसीडी स्क्रीनिंग कार्य में तेजी लाने का निर्देश देते हुए कहा कि ग्रामीण हाट-बाजारों में भी लोगों की स्वास्थ्य जांच कर स्क्रीनिंग की जाए तथा सभी मामलों की नियमित डेटा एंट्री सुनिश्चित की जाए। सभी एमओआईसी को स्वास्थ्य संबंधी मानकों पर गंभीरता से कार्य करते हुए प्रगति सुनिश्चित करने को कहा गया।

उपायुक्त ने आरोग्य मंदिरों के प्रभावी संचालन तथा पीवीटीजी क्षेत्रों में नियमित स्वास्थ्य जांच शिविर लगाने पर जोर दिया। साथ ही कुष्ठ रोग के संदिग्ध मामलों की पहचान होने पर आसपास के क्षेत्रों में व्यापक जांच करने का निर्देश दिया गया। आगामी 10 दिनों में लेप्रोसी स्क्रीनिंग के साथ अन्य बीमारियों की जांच भी शत-प्रतिशत पूर्ण करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया। बैठक में फाइलेरिया और मलेरिया से संबंधित मामलों का डेटा संकलन कर स्क्रीनिंग कार्य तेज करने के निर्देश दिए गए। साथ ही चिकित्सकों को स्कूलों का भ्रमण कर बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण करने और उसका डेटा पोर्टल पर दर्ज करने को कहा गया। इसके अलावा आयुष्मान भारत योजना और अबुवा स्वास्थ्य कार्ड निर्माण कार्य में तेजी लाने, एम्बुलेंस सेवा, वैक्सीन प्रबंधन, ओपीडी संचालन और दवाओं के बेहतर उपयोग पर भी जोर दिया गया। बैठक में अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, जिला कार्यक्रम प्रबंधक, जिला यक्ष्मा पदाधिकारी, मलेरिया पदाधिकारी, जिला कुष्ठ निवारण पदाधिकारी, सभी एमओआईसी सहित स्वास्थ्य विभाग के कई पदाधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

# विमान हादसे के मृतक के परिजनों से मिले झामुमो नेता, आर्थिक सहयोग देकर जताई संवेदना

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**चंदवा, झारखंडः-** रांची से दिल्ली जा रहे विमान हादसे में मृतक के परिजनों से शुक्रवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने मुलाकात कर शोक संवेदना व्यक्त की। झामुमो लातेहार जिला अध्यक्ष लाल मोती नाथ शाहदेव के निर्देशानुसार चंदवा प्रखंड अध्यक्ष मनोज चौधरी के नेतृत्व में पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मृतक के घर पहुंचे और परिजनों को ढांढस बंधाया। इस दौरान जिला अध्यक्ष लाल मोती नाथ शाहदेव की ओर से मृतक के परिजनों को आर्थिक सहयोग राशि भी प्रदान की गई, ताकि इस कठिन समय में परिवार को कुछ राहत मिल सके। झामुमो प्रतिनिधियों ने शोक संतप्त परिवार से मिलकर उन्हें सांत्वना दी और हर संभव सहयोग का भरोसा दिलाया। पार्टी नेताओं ने बताया कि इस मामले को जिला अध्यक्ष लाल मोती नाथ शाहदेव द्वारा मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के संज्ञान में भी लाया गया है। मुख्यमंत्री की ओर से आश्वासन दिया गया है कि घटना की जांच के लिए कमेटी कार्य कर रही है और जल्द ही मृतक के परिजनों को मुआवजा देने की प्रक्रिया आगे बढ़ाई जाएगी।

झामुमो कार्यकर्ताओं ने कहा कि पार्टी हमेशा आम जनता के सुख-दुख में उनके साथ खड़ी रहती है और जरूरत पड़ने पर हर संभव मदद करती है। उन्होंने कहा कि इस दुखद घड़ी में पूरा झामुमो परिवार पीड़ित परिवार के साथ खड़ा है। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष सितमोहन मुंडा, प्रखंड अध्यक्ष मनोज चौधरी, अंकित तिवारी, अश्विनी मिश्रा, सौरभ श्रीवास्तव, अंकित कुमार तिवारी, अरविंद कुमार, कृपाचार्य उर्फ दारा सिंह, पवन गुप्ता, मनीष कुमार उर्फ चांदो, राजेंद्र भगत, रिंकू कुमार, सरफराज आलम, चांद खान, डॉ. सम्स राजा एवं बबलू राही सहित झारखंड मुक्ति मोर्चा के कई पदाधिकारी और सक्रिय कार्यकर्ता मौजूद थे। अंत में झारखंड मुक्ति मोर्चा ने शोक संतप्त परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि इस कठिन समय में पार्टी हर संभव सहायता के लिए उनके साथ खड़ी रहेगी।

## नारायणपुर प्रखंड सभागार में किसान मित्रों की हुई बैठक, पीएम के कार्यक्रम का कराया गया लाइव प्रसारण

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**नारायणपुर, जामताड़ा, झारखंडः-** नारायणपुर प्रखंड सभागार में शुक्रवार को क्षेत्र के किसान मित्रों की एक बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान किसान मित्रों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लाइव कार्यक्रम का प्रसारण प्रोजेक्टर के माध्यम से दिखाया गया। इस दौरान किसानों के लिए बजट में किए गए प्रावधानों की भी जानकारी दी गई। बैठक में उपस्थित किसान मित्रों ने प्रोजेक्टर के माध्यम से प्रधानमंत्री के संबोधन को लाइव सुना। वहीं बीटीएम सीमावती सिंह ने डिजिटल क्रॉप सर्वे को लेकर विस्तार से चर्चा की और संबंधित कार्य को निर्धारित समय में पूरा करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा बताए गए तथ्यों और योजनाओं को अमल में लाकर किसान मित्रों तथा किसानों को लाभ पहुंचाया जा सकता है। साथ ही विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल करने में किसानों की महत्वपूर्ण भूमिका रहने वाली है। सरकार का भी प्रमुख फोकस कृषि क्षेत्र को सशक्त बनाने पर है। इस अवसर पर चंद्रशेखर मरांडी, जगदीश राय, नंदकिशोर मंडल, भरावन मंडल, लक्ष्मी सिंह, कमल महतो, भवानी राय, सहादत अली, गोविंद पंडित, राजेश बेसरा, प्रमोद रजवार सहित अन्य किसान मित्र उपस्थित थे।

## विकासखंड बार में पोस्ट बजट वेबिनार का सजीव प्रसारण, किसान व कर्मचारी रहे उपस्थित

**बार।** भारत सरकार के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय द्वारा आयोजित 'कृषि एवं ग्रामीण परिवर्तन' थीम पर पोस्ट बजट वेबिनार का सजीव प्रसारण विकासखंड बार में किया गया। कार्यक्रम जनप्रतिनिधि विजय सिंह बुंदेला (मंडल संयोजक, भाजपा) की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। वेबिनार में विभागीय कर्मचारियों एवं किसान भाइयों ने भाग लेकर कृषि और ग्रामीण विकास से जुड़ी योजनाओं व बजट प्रावधानों की जानकारी प्राप्त की।

इस अवसर पर राजेश कुमार राठौर (BTM), राहुल (ग्राम शिंदे), संजीव कुमार (ADO-PP), कृष्ण कुमार साहू, दीपक कुमार तथा बृजेश कुमार (TAC) गोष्ठी में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में किसानों को सरकार की कृषि संबंधी नीतियों और योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई।

## सात दिवसीय श्री शतचंडी महायज्ञ केलिए भव्य कलश शोभायात्रा निकाली गई

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सिद्धार्थनगर-** जिले के इटवा ब्लाक ग्राम पंचायत इमिलिया में समय माता के स्थान पर विराट सात दिवसीय श्री शत चंडी महायज्ञ एवं संगीत मय श्री राम कथा पाठ का आयोजन शुरू हुआ। जिसमें आज शुक्रवार को दोपहर में कलश शोभा यात्रा निकाली गई। जिसमें सैकड़ों की संख्या में महिला, बच्चे जल भरने के लिए समय माता कथा स्थल से चल कर बूढ़ी राप्ती परसोंहन घाट पर पहुंची। यहां पर यज्ञाचार्य शेष नारायण जी महराज , व राष्ट्रीय कथा व्यास पंडित ओंकार नाथ द्विवेदी के वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ कलश में पवित्र जल भराया गया उसके बाद कलश यात्रा कथा स्थल पर आकर समाप्त हुआ।यज्ञ अध्यक्ष राघवेंद्र प्रताप सिंह अपने सहपरिवार के साथ व गाँव की महिलाओं ने मंडप में विधि विधान से पूजन किया। इस अवसर पर यज्ञअध्यक्ष राघवेंद्र प्रताप सिंह, जगदीश, विशाल यादव, मनबहाल, देवेश, समीर, अभिषेक, धीरेंद्र, सुरेश शर्मा, राकेश यादव शिव प्रसाद सिंह, दुर्गेश प्रताप सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

# संक्षिप्त खबरें

## पॉक्सो एक्ट का वांछित आरोपी गिरफ्तार

**कोंच(जालौन)–** कैलिया थाना पुलिस ने छेड़खानी और पॉक्सो एक्ट के आरोप में वांछित को पकड़ कर कोर्ट में प्रस्तुत किया है जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। आरोपी पिछले काफी समय से फरार चल रहा था। पुलिस कप्तान डॉ. दुर्गेश कुमार के निर्देशन में अपराध और अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत कैलिया थाना पुलिस द्वारा सीओ कोंच परमेश्वर प्रसाद के पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष कैलिया अवनीश कुमार और उनकी टीम ने पॉस्को एक्ट से संबंधित मामले में पिछले कई दिनों से फरार चल रहे आरोपी सुरेंद्र कुमार पुत्र वृंदावन प्रजापति निवासी ब्यौना राजा को मुखबिर की सूचना पर पीपरी तिराहा पीपरी कलां के पास से गिरफ्तार कर लिया। आवश्यक विधिक कार्रवाई पूरी करने के बाद पकड़े गए आरोपी को पुलिस ने न्यायालय में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

## महिला ने परिजनों पर रास्ता रोककर मारपीट का लगाया आरोप

**कोंच(जालौन)–** एक महिला ने अपने पति, सास और देवर पर उसका रास्ता रोककर मारपीट करने और धमकाने का आरोप लगाते हुए पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर कार्यवाही किए जाने की मांग की है। मोहल्ला आजाद नगर कोंच निवासी महिला साहिबा ने पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि बीती 5 मार्च को वह अपनी मां के साथ परीक्षा देने के लिए अपने मायके ग्राम खैलार जा रही थी। रास्ते में कोतवाली क्षेत्र के ग्राम अंडा के समीप उक्त परिजनों ने उसे रोक लिया और उसके साथ गाली गलौज कर मारपीट की। महिला का कहना है कि मौके से ही उसने घटना की सूचना डायल 112 पुलिस को दी। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और परिजनों को मौके से हटाकर पुलिस ने उसे परीक्षा देने के लिए निकलने दिया। महिला के मुताबिक जैसे ही वह कोतवाली क्षेत्र के ग्राम अण्डा के समीप पहुंची तभी उक्त लोगों ने अपने अज्ञात साथियों के साथ मिलकर उसका रास्ता रोक लिया। देवर ने उसे धमकाते हुए जबरन घर वापस जाने के लिए दबाव बनाया। आसपास मौजूद लोगों ने बीच बचाव कर उसे मां के साथ वहां से सुरक्षित निकलने में मदद की। मामले को लेकर पीड़ित महिला ने पुलिस से आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करने और उसे सुरक्षा प्रदान करने की मांग की है। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक बृजेश बहादुर सिंह ने बताया कि प्रार्थना पत्र प्राप्त हुआ है। मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## बेरोजगार युवाओं को रोजगार पाने का सुनहरा मौका

### सात दिवसीय भर्ती कैम्प में करें प्रतिभाग

**ललितपुर।** जिला रोजगार सहायता अधिकारी ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से अवगत कराया है कि भारतीय सुरक्षा दस्ता परिषद नई दिल्ली एवं भारत सरकार पसारा एक्ट 2005 के अंतर्गत एवं जिला प्रशासन तथा जिला रोजगार कार्यालय के सहयोग से नीमच की एक कम्पनी द्वारा जनपद के ग्रामीण व शहरी शिक्षित युवाओं को सुरक्षा सैनिक के पदों पर भर्ती हेतु 7 दिवसीय भर्ती कैपों का आयोजन 10 से 18 मार्च 2026 तक किया जा रहा है, जिसके तहत 10 मार्च को विकास खण्ड मडावरा मे, 12 मार्च को विकास खण्ड महरौनी मे, 13 मार्च को विकास खण्ड बार मे, 14 मार्च को विकास खण्ड बिरधा मे, 16 मार्च को विकास खण्ड जखौरा मे, 17 मार्च को विकास खण्ड तालबेहट मे तथा 18 मार्च को जनपद ललितपुर में सुबह 10:30 बजे से शाम 3:00 बजे तक भर्ती शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। शिविर में चयनित युवाओं को नीमच में 01 माह के प्रशिक्षण उपरान्त विभिन्न क्षेत्रों में नौकरी दी जायेगी। इच्छुक उम्मीदवार जिनकी योग्यता 10वीं पास या फेल, उम्र 19 से 40 वर्ष, ऊँचाई 168 से.मी. से ऊपर, वजन 50 किलो से 90 किलो के बीच हो, वे उक्त स्थानो में 10वीं की अंकसूची की फोटो कापी, दो फोटो, आधारकार्ड एवं चयनित उम्मीदवार प्रोस्पेक्ट फार्म फीस 350/- रूपये ऑनलाईन क्यू आर कोड से जमा होगी।

## अस्पताल के बाहर से बाइक चोरी

**ललितपुर।** शहर क्षेत्र के मोहल्ला लक्ष्मीपुरा निवासी रंजीत साहू पुत्र मुन्नालाल ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि शुक्रवार को अपराह्न करीब साढ़े बारह बजे वह सरकारी अस्पताल में अपनी काले रंग की हीरो एच.एफ. डीलक्स मोटर साइकिल संख्या यू.पी.94 ए.ए. 5930 खड़ी करके अस्पताल में चला गया। कुछ समय बाद जब वह वापस आया तो उसकी मोटर साइकिल मौके से गायब थी। उसने काफी खोजबीन की, लेकिन बाइक का पता नहीं चल सका। पीड़ित ने पुलिस से मामला दर्ज कर विवेचना किये जाने की गुहार लगायी है।

# सोनभद्र में हर घर जल मिशन का दम घोंट रहे अधिकारी, प्यासे आदिवासी और बेजुबान पशुओं की कौन सुनेगा पुकार?

**●विश्व हिंदू महासंघ की हुंकार सड़क से संसद तक लड़ेंगे, आदिवासियों की प्यास पर जिला अध्यक्ष चंदन सोनी का तीखा प्रहार**



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कोटा, सोनभद्र –** उत्तर प्रदेश सरकार की अति-महत्वाकांक्षी हर घर जल योजना सोनभद्र के ग्राम सभा कोटा में विभागीय लापरवाही और कार्यदायी संस्थाओं की उदासीनता की भेंट चढ़ती नजर आ रही है। 56 टोलों वाली इस विशाल ग्राम सभा में पाइपलाइन और नलों का जाल तो बिछ चुका है, लेकिन धरातल पर आदिवासियों की प्यास बुझाने में सिस्टम पूरी तरह नाकाम साबित हो रहा है। इस जल संकट का सबसे विचलित करने वाला पहलू यह है कि 25.11.2020 से संचालित गुरमुरा ग्राम समूह पेयजल योजना, जिसकी स्वीकृत लागत 1600580 लाख में है, आज महज एक प्रदर्शनी की वस्तु बनकर रह गई है। L&T कंस्ट्रक्शन लिमिटेड, नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग के समन्वय से बनी यह योजना कुप्रबंधन का जीवंत उदाहरण बन चुकी है। ग्रामीणों का आरोप है कि सरकारी धन का बंदरबांट तो हुआ, लेकिन प्यासे कंठों तक पानी नहीं पहुँचा। योजना की विफलता का एक मुख्य कारण कर्मचारियों का शोषण भी है। जानकारी के अनुसार, पानी की टंकी पर तैनात ऑपरेटर प्रदीप को लंबे समय से वेतन नहीं मिला है। ग्राम सभा के पतगडी टोला समेत अन्य इलाकों में स्थिति भयावह है। यहाँ हफ्ते में बमुश्किल एक बार मात्र एक घंटे के लिए पानी की आपूर्ति की जाती है, बाकी 10 से 12 दिनों तक नल सूखे पड़े रहते हैं। ग्राम सभा सदस्य भगवत सिंह गौड़ ने मार्मिक पक्ष रखते हुए बताया इंसान तो जैसे-तैसे जी रहे हैं, लेकिन पानी के अभाव में बेजुबान जानवर और पशु-पक्षी भी दम तोड़ रहे हैं। अभी तो गर्मी की केवल शुरुआत है, जब प्रचंड गर्मी आएगी तो स्थिति कितनी भयावह होगी, इसकी कल्पना मात्र से डर लगता है। विश्व हिंदू महासंघ (प्रिंट मीडिया) के सोनभद्र जिला अध्यक्ष चंदन सोनी ने आदिवासियों की आवाज उठाते हुए शासन-प्रशासन पर तीखा प्रहार किया है। उन्होंने कहा लाखों-करोड़ों की लागत से बनी टंकियां आज महज शोपीस हैं। कुछ लापरवाह अधिकारी सरकार की मंशा को धूमिल कर रहे हैं। यदि जल्द सुधार नहीं हुआ, तो यह मामला सड़क से लेकर संसद तक उठाया जाएगा। अधिकारी अपनी जिम्मेदारी से मुंह न चुराएं।स्थानीय निवासी लक्ष्मण प्रसाद, राम अवतार गौड़ और सुमन सिंह गौड़ ने शासन से तीखा सवाल पूछा है कि क्या सरकार की नजर में इंसान को पानी की जरूरत हफ्ते में सिर्फ एक दिन होती है? वहीं, ग्राम प्रधान प्रहलाद चैरो ने भी प्रशासन से तत्काल कड़ा एक्शन लेने और ऑपरेटर के वेतन की समस्या हल कर नियमित आपूर्ति सुनिश्चित करने की मांग की है। कोटा ग्राम सभा की यह समस्या केवल एक क्षेत्र तक सीमित नहीं है। आशंका जताई जा रही है कि सोनभद्र के कई अन्य क्षेत्रों में भी हर घर जल योजना का यही हाल हो सकता है। ग्रामीणों और हिंदू महासंघ ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि जल्द सुधार नहीं हुआ, तो जिला मुख्यालय का घेराव किया जाएगा। अब देखना यह है कि जिम्मेदार अधिकारी नींद से जागते हैं या जनता को इस प्रचंड गर्मी में भी फाइलों के भरोसे प्यासा छोड़ दिया जाएगा।

# सोनभद्र पुलिस का मानवीय चेहरा 24 घंटे में ढूंढी गई 4 साल की मासूम, ओबरा पुलिस की तत्परता से घर में लौटी खुशियां

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सोनभद्र–** जनपद सोनभद्र की ओबरा पुलिस ने अपनी कार्यकुशलता और संवेदनशीलता का परिचय देते हुए एक 4 वर्षीय गुमशुदा मासूम बच्ची को महज 24 घंटे के भीतर सकुशल बरामद कर लिया है। पुलिस की इस त्वरित कार्रवाई ने न केवल एक परिवार को बिखरने से बचाया, बल्कि पूरे जनपद में खाकी के प्रति विश्वास को और गहरा कर दिया है। जानकारी के अनुसार, ओबरा थाना क्षेत्र से 4 वर्षीय बालिका के लापता होने की सूचना मिलते ही पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अभिषेक वर्मा के निर्देश पर तत्काल दो विशेष टीमों का गठन किया गया। जांच के दौरान पुलिस ने तकनीकी साक्ष्यों का सहारा लिया। सीसीटीवी खंगालने पर पुलिस को सुराग मिला कि बालिका अकेले पैदल चोपन की दिशा में जा रही थी। पुलिस टीम ने मार्ग में चलने वाले ऑटो, टोटो चालकों और राहगीरों को बच्ची की फोटो दिखाकर सघन पूछताछ की। अथक प्रयासों के बाद, दिनांक 05.03.2026 को पुलिस ने बालिका अंशिका (4 वर्ष), पुत्री राजेश विश्वकर्मा को ग्राम बाड़ी (थाना चोपन क्षेत्र) से सकुशल बरामद कर लिया। जब पुलिस बच्ची को लेकर उसके माता-पिता के पास पहुँची, तो परिजनों की आँखों में खुशी के आँसू छलक आए। परिजनों और स्थानीय ग्रामवासियों ने ओबरा पुलिस के इस सराहनीय कार्य की मुक्त कंठ से प्रशंसा की है। इस सफल रेस्क्यू ऑपरेशन को अंजाम देने वाली दो टीमों का नेतृत्व प्रभारी निरीक्षक सदानन्द राय और निरीक्षक शमशेर यादव ने किया। टीम में मुख्य रूप से चौकी प्रभारी कस्बा ओबरा विष्णु प्रभा सिंह, उ0नि0 रामसिंह यादव, आरक्षी यशवन्त सरोज, प्रवीण राय, पंकज पाल और महिला आरक्षी रिंकू गुप्ता शामिल रहीं।सोनभद्र पुलिस जनसुरक्षा एवं जनसेवा के लिए सदैव प्रतिबद्ध है। किसी भी आपात स्थिति में तुरंत पुलिस को सूचित करें।

# बजाज पावर प्लांट में 'पोश्चर करेक्शन एवं स्पाइन हेल्थ' पर विशेष जागरूकता कार्यक्रम

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ललितपुर।** बजाज पावर प्लांट में अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए 'पोश्चर करेक्शन एवं स्पाइन हेल्थ' विषय पर एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में फिजियोथैरेपी विशेषज्ञ डॉ. सौरभ देवलिया ने उपस्थित कर्मचारियों को गर्दन दर्द (सर्वाइकल पेन) और कमर दर्द से बचाव के व्यावहारिक उपायों की विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान बताया गया कि वर्तमान समय में आईटी इंजीनियर, तकनीकी कर्मचारी तथा लंबे समय तक बैठकर या खड़े होकर कार्य करने वाले लोगों में सर्वाइकल और कमर दर्द की समस्या तेजी से बढ़ रही है। लगातार गलत पोश्चर में काम करना, लंबे समय तक कंप्यूटर व मोबाइल का उपयोग, शारीरिक गतिविधियों की कमी तथा काम के दौरान सही बॉडी बैलेंस न रखना इसके प्रमुख कारण हैं।

इस अवसर पर कर्मचारियों को बताया गया कि यदि व्यक्ति सही तरीके से बैठने, खड़े रहने, झुकने तथा वजन उठाने की आदत अपनाए और दिन में कुछ मिनटों के सरल स्ट्रेचिंग एवं व्यायाम को अपनी दिनचर्या में शामिल करे, तो गर्दन और कमर से जुड़ी अधिकांश समस्याओं से बचा जा सकता है। कार्यक्रम में कर्मचारियों को गर्दन, कंधे और कमर को मजबूत बनाने वाले सरल फिजियोथैरेपी व्यायाम, स्ट्रेचिंग तकनीक तथा कार्यस्थल पर सही पोश्चर बनाए रखने के व्यावहारिक तरीके भी सिखाए गए। बताया गया कि फिजियोथैरेपी केवल बीमारी का इलाज ही नहीं बल्कि एक प्रभावी रोकथाम प्रणाली भी है, जिससे व्यक्ति बिना दवाइयों के अपने शरीर को स्वस्थ और मजबूत रख सकता है। सही पोश्चर और नियमित व्यायाम से रीढ़ की हड्डी स्वस्थ रहती है, मांसपेशियों में मजबूती आती है और कार्य क्षमता भी बढ़ती है।

कार्यक्रम के सफल आयोजन में मिलिंद जी. कर्मारकर का विशेष सहयोग रहा, वहीं प्रदीप राजपूत 'राज राइडर' का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा। उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने इस जागरूकता सत्र को अत्यंत उपयोगी बताते हुए इसे स्वास्थ्य के प्रति एक महत्वपूर्ण पहल बताया।

# नेमवि में 11 मार्च को वृहद रोजगार मेला, युवाओं को मिलेगा नौकरी का अवसर

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** जिले के बेरोजगार युवक-युवतियों के लिए रोजगार पाने का सुनहरा अवसर आने वाला है। 11 मार्च 2026 को नेहरू महाविद्यालय में सुबह 10 बजे से एक दिवसीय वृहद रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। इस मेले में देश और प्रदेश की लगभग 40 प्रतिष्ठित कंपनियों के शामिल होने की संभावना है, जो विभिन्न पदों पर भर्ती करेंगी। जिला सेवायोजन अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि रोजगार मेले में हाईस्कूल, इंटरमीडिएट, स्नातक, परास्नातक, आईटीआई, पॉलीटेक्निक डिप्लोमा तथा बीटेक सहित तकनीकी और गैर-तकनीकी योग्यताओं वाले अभ्यर्थी भाग ले सकते हैं। इच्छुक अभ्यर्थियों को साक्षात्कार में शामिल होने के लिए पहले रोजगार संगम पोर्टल पर जॉब सीकर के रूप में अपना पंजीकरण कराना होगा। पंजीकरण के बाद अभ्यर्थियों को इच्छित कंपनी में ऑनलाइन आवेदन भी करना अनिवार्य होगा। जिला सेवायोजन कार्यालय ने यह भी स्पष्ट किया है कि उनके माध्यम से आयोजित रोजगार मेलों में कंपनियों की चयन प्रक्रिया पूरी तरह निःशुल्क होती है। किसी भी अभ्यर्थी से नौकरी दिलाने के नाम पर किसी प्रकार का शुल्क या सिक्योरिटी डिपॉजिट नहीं लिया जाता है। यदि किसी अभ्यर्थी से फर्जी ई-मेल, एसएमएस या फोन कॉल के माध्यम से पैसे की मांग की जाती है तो उस पर विश्वास न करें और न ही ऑनलाइन या ऑफलाइन कोई राशि जमा करें। ऐसी किसी भी संदिग्ध स्थिति में अभ्यर्थी सीधे जिला सेवायोजन कार्यालय ललितपुर से संपर्क कर सकते हैं। जिला प्रशासन ने अधिक से अधिक युवाओं से इस रोजगार मेले में भाग लेकर अवसर का लाभ उठाने की अपील की।

## इलाहाबाद हाईकोर्ट में विजय कुमार सिंह पदोन्नत

### निबंधक सह प्रधान न्यायपीठ सचिव बने

**ललितपुर।** इलाहाबाद हाईकोर्ट में कार्यरत विजय कुमार सिंह को पदोन्नति देते हुए निबंधक सह प्रधान न्यायपीठ सचिव के पद पर नियुक्त किया गया है। उनकी पदोन्नति की खबर से न्यायिक एवं अधिवक्ता जगत में खुशी की लहर है। विजय कुमार सिंह वर्ष 1994 से न्यायालय में सेवाएं दे रहे हैं। अपने लंबे कार्यकाल के दौरान उन्होंने विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर रहते हुए जिम्मेदारियों का सफलतापूर्वक निर्वहन किया है। वर्ष 2006 से 2016 तक उन्होंने मध्यस्थता एवं समझौता केन्द्र के प्रभारी के रूप में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और कई मामलों के सफल निस्तारण में योगदान दिया। उनकी पदोन्नति पर रूपेश कुमार (उपनिबंधक सह न्यायपीठ सचिव), संजय शर्मा एवं राजेश श्रीवास्तव (संयुक्त निबंधक सह न्यायपीठ सचिव) तथा मुख्य स्थायी अधिवक्ता विपिन बिहारी पांडेय ने हर्ष व्यक्त किया। वहीं प्रयागराज प्रेस क्लब के अध्यक्ष आलोक सिंह सहित अनेक अधिवक्ताओं ने हर्ष जताया।

## घर के बाहर युवक पर लाठी-डंडों से हमला

### तीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**ललितपुर।** शहर के नेहरू नगर क्षेत्र में घर के बाहर काम कर रहे एक युवक के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। पीड़ित की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार नेहरू नगर निवासी प्रज्ज्वल साहू पुत्र संतोष कुमार साहू ने कोतवाली में तहरीर देकर बताया कि 5 मार्च को दोपहर करीब 1 बजे वह अपने घर के बाहर काम कर रहे थे। इसी दौरान मोहल्ले के ही नब्बू, रूपव और धर्मेन्द्र पुत्रगण रामलखन एकराय होकर वहां पहुंचे और गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने लाठी-डंडों से हमला कर दिया, जिससे प्रज्ज्वल साहू को चोटें आई। पीड़ित का आरोप है कि मारपीट के दौरान आरोपियों ने जान से मारने की धमकी भी दी, जिससे वह भयभीत है। घटना के बाद पीड़ित ने कोतवाली पहुंचकर लिखित शिकायत दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपियों के खिलाफ बीएनएस की धारा 115(2), 352 और 351(3) के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। मामले की जांच उपनिरीक्षक अंकित कौशिक को सौंपी गई है। पुलिस का कहना है कि जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# 9 से 23 मार्च तक चलेगा कुष्ठ रोगी खोजी अभियान

**●स्वास्थ्य कर्मियों को दिया गया प्रशिक्षण**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** सीएमओ कार्यालय सभागार में आगामी कुष्ठ रोगी खोजी अभियान के दृष्टिगत प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत 9 मार्च से 23 मार्च तक चलने वाले अभियान की तैयारियों पर विस्तार से चर्चा की गई। सीएमओ डा.इम्तियाज अहमद ने अभियान के सफल संचालन के लिए माइक्रो प्लान तैयार करने के निर्देश देते हुए कहा कि स्वास्थ्य टीमें घर-घर जाकर संभावित कुष्ठ रोगियों की पहचान करें और उन्हें शीघ्र उपचार उपलब्ध कराया जाए। जिला कुष्ठ रोग अधिकारी डा.प्रदीप सिंह यादव ने बताया कि यह अभियान कुष्ठ रोग के सक्रिय मामलों की जल्द पहचान करने, समय पर इलाज शुरू करने और संक्रमण की श्रृंखला को तोड़ने के उद्देश्य से चलाया जाता है। अभियान के दौरान आशा कार्यकर्ताओं द्वारा पल्स पोलियो की तर्ज पर घर-घर जाकर संदिग्ध मरीजों की जांच की जाएगी, जिससे वर्ष 2027 तक कुष्ठ मुक्त भारत के लक्ष्य को प्राप्त किया जा सके। उन्होंने बताया कि यदि कोई व्यक्ति कुष्ठ रोग से संक्रमित पाया जाता है तो उसे बहु औषधि चिकित्सा (एमडीटी) के माध्यम से निःशुल्क उपचार प्रदान किया जाएगा। अभियान का उद्देश्य विकलांगता को रोकना, समाज में जागरूकता बढ़ाना और कुष्ठ रोग के प्रसार को शून्य स्तर तक लाना है। साथ ही चिन्हित मरीजों को स्व-देखभाल किट, सहायक उपकरण और आवश्यक होने पर रिकंस्ट्रक्टिव सर्जरी की सुविधा भी उपलब्ध कराई जाएगी। प्रशिक्षण के दौरान उप जिला कुष्ठ अधिकारी डा.सौरभ सक्सेना ने कुष्ठ रोग के लक्षण, पहचान और उपचार के बारे में विस्तृत जानकारी दी तथा अभियान को सफल बनाने के लिए सभी से सहयोग की अपील की। कार्यक्रम में विभिन्न ब्लॉकों से आए चिकित्सक, बीपीएम, बीसीपीएम, कुष्ठ कार्य से जुड़े कर्मचारी, एनएमए बालकिशन सहित अन्य अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

# रेणुकूट में 8 साल के मासूम ने दांत से काटकर खुद को अपहरणकर्ता से छुड़ाया, आरोपी सलाखों के पीछे

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**रेणुकूट (सोनभद्र)।** पिपरी थाना क्षेत्र के मुर्धवा स्थित साई मंदिर के पास शुक्रवार सुबह एक मासूम बच्चे के अपहरण की कोशिश ने पूरे इलाके में दहशत फैला दी। हालांकि, बच्चे की हिम्मत और बुद्धिमानी के आगे आरोपी के मंसूबे नाकाम रहे। स्थानीय लोगों और समाजसेवियों की सक्रियता से आरोपी को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, 8 वर्षीय बादल कुमार सुबह साई मंदिर के पास खेल रहा था। इसी दौरान एक अज्ञात युवक वहाँ पहुँचा और अचानक बादल को उठाकर जंगल की ओर भागने लगा। जंगल का इलाका और सूनसान रास्ता होने के कारण बच्चे की चीख-पुकार आसपास के लोगों तक नहीं पहुँच पा रही थी। जब युवक बच्चे को जंगल की गहराई में ले जा रहा था, तब बादल ने हिम्मत नहीं खोई। उसने युवक के हाथ पर पूरी ताकत से दांत से काट लिया। अचानक हुए हमले से युवक की पकड़ ढीली पड़ गई, जिसका फायदा उठाकर बच्चा तेजी से भाग निकला और सीधे अपने घर पहुँचकर परिजनों को पूरी घटना बताई। बच्चे की सूचना पर परिजनों के साथ स्थानीय समाजसेवी डब्लू सिंह भी तुरंत मौके पर पहुँचे।

डब्लू सिंह और ग्रामीणों ने मिलकर जंगल की घेराबंदी की और काफी तलाश के बाद आरोपी को दबोच लिया। समाजसेवी डब्लू सिंह ने गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए कहा सोनभद्र में ऐसे गिरोह सक्रिय हो सकते हैं जो बच्चों को निशाना बना रहे हैं। मेरा सभी अभिभावकों से निवेदन है कि वे अपने घर के बच्चों पर विशेष ध्यान दें और उन्हें अकेला न छोड़ें। सूचना पर पहुँचे रेणुकूट चौकी प्रभारी कुंवर सिंह ने आरोपी को हिरासत में ले लिया। पुलिस के अनुसार पकड़ा गया युवक प्रथम दृष्टया मानसिक रूप से विक्षिप्त (पागल) प्रतीत हो रहा है। क्षेत्र में बच्चा चोरी की अफवाहों को लेकर पुलिस अलर्ट पर है। मामले की गहन जांच की जा रही है कि यह वाकई अपहरण की कोशिश थी या विक्षिप्त युवक की कोई हरकत। समाजसेवी और पुलिस दोनों ने जनता से अपील की है कि वे सतर्क रहें, लेकिन किसी भी अफवाह पर बिना पुष्टि के विश्वास न करें। संदिग्ध दिखने वाले व्यक्ति की सूचना तुरंत नजदीकी पुलिस चौकी को दें।

# किसानों की विभिन्न प्रकार की समस्याओं के प्रभावी निस्तारण हेतु जिलाधिकारी ने ली बैठक

**●किसी भी स्तर पर किसानों का उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं**

**मंडी, बैंक और बीमा कंपनियां, शासन के निर्देशानुसार करें कार्य : डीएम**

**किसानों की फसल का एक-एक दाना क्रय करेंगे मण्डी व्यापारी, नगर भुगतान होगा सुनिश्चित**

**प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में पॉलिसी डाउनलोड करने का दिखाया लाइव डेमो**

**कृषि कार्य के लिए अच्छी गुणवत्ता वाले विद्युत तारों का प्रयोग करने हेतु किसानों से की अपील**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** जिलाधिकारी सत्य प्रकाश ने शुक्रवार को किसानों की विभिन्न प्रकार की समस्याओं के प्रभावी निस्तारण हेतु कलैक्ट्रेट सभागार में कृषक संगठनों व सम्बंधित अधिकारियों के साथ आवश्यक बैठक कर दिशा निर्देश दिये। उन्होंने अधिकारियों व बीमा कंपनियों के प्रतिनिधियों को स्पष्ट निर्देश दिये कि किसी भी स्तर पर किसानों का उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं किया जाएगा, चाहे मण्डी हो, बैंक हो या बीमा कम्पनी, किसानों के प्रकरणों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण सुनिश्चित कराया जाए, यदि इसमें कहीं से भी लापरवाही या अनावश्यक विलंब की शिकायत आती है तो उसके विरुद्ध सख्त कार्यवाही की जाएगी।

बैठक में जिलाधिकारी के निर्देश पर सभी किसानों को प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में पॉलिसी डाउनलोड करने का डेमो दिखाया गया, जिसके लिए किसानों को अपने मोबाइल पर गूगल ब्राउजर पर जाकर प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की वेबसाइट पर जाकर अपना मोबाइल नम्बर दर्ज करके लॉगइन करना होगा, फिर इसके बाद पॉलिसी ऑप्शन सिलेक्ट करके डाउनलोड फाइल पर क्लिक करके पॉलिसी डाउनलोड करनी होगी। मौके पर कई किसानों ने अपने मोबाइल पर पॉलिसी डाउनलोड करके दिखायी। जिलाधिकारी ने ईडीएम को निर्देश दिये कि सभी कॉमन सर्विस सेन्टरों पर इस प्रक्रिया को भिजवाकर उन्हें निर्देशित करें कि किसानों को पॉलिसी डाउनलोड करके उपलब्ध करा दें। इसके उपरान्त कृषकों द्वारा जिलाधिकारी को अपनी-अपनी समस्याएं बतायी गई, जिसमें मण्डियों में किसानों की उपज का गड्ढायुक्त सड़कों पर तौल कराना व उपज की निचली परत की तौल न करना, व्यापारियों द्वारा मनमाने दाम चलाना और किसानों को नगद भुगतान न देकर उनके परिचितों की दुकानों के नाम पर्ची बनाने जैसी समस्याएं बतायी गई। इस पर जिलाधिकारी ने एडीएम वित्त एवं राजस्व को निर्देश दिये कि मण्डी अधिकारियों व व्यापारियों के साथ बैठक कर किसानों का नगद भुगतान की प्रक्रिया सुनिश्चित करायें, साथ ही यह भी आदेश जारी करें कि किसानों द्वारा लायी गई उपज का एक-एक दाना तौलकर निर्धारित मूल्य पर ही क्रय किया जाएगा, चाहे वह मात्रा कितनी भी हो। जिलाधिकारी ने जनपद के किसानों से यह भी अपील की कि वे कृषि कार्यों में कॉपर की प्लेटिंग वाला सफेद तार या घटिया क्वालिटी के विद्युत तारों का प्रयोग न करें, क्योंकि विद्युत से हुई दुर्घटनाओं में इन्हीं कारणों से किसानों को मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना का लाभ नहीं मिल पाता है, इसलिए अपनी सुरक्षा के लिए अच्छी क्वालिटी का विद्युत तार इस्तेमाल करें। बैठक में सीडीओ शेषनाथ चौहान, एडीएम अंकुर श्रीवास्तव, एलडीएम रंजीत कुमार, एडीएफओ, उप निदेशक कृषि, जिला कृषि अधिकारी, एआर कॉपरेटिव, मण्डी सचिव सहित अन्य सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# डेढ़ लाख रुपये मांगने पर युवक के साथ मारपीट

**●जातिसूचक गालियां देने का आरोप**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** थाना बार क्षेत्र के ग्राम इमलिया में पैसे के लेनदेन को लेकर मारपीट और जातिसूचक गालियां देने का मामला सामने आया है। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार ग्राम इमलिया निवासी मनसुख पुत्र आनंदी अहिरवार ने थाना बार में दी गई तहरीर में बताया कि उसने गांव के ही सोनू पाठक और सुजीत पाठक को भूमि पट्टे के लिए लगभग 1 लाख 20 हजार रुपये दिए थे। काफी समय बीतने के बाद जब उसने अपने पैसे वापस मांगे तो आरोपियों ने पैसा देने से इनकार कर दिया। पीड़ित का आरोप है कि 4 मार्च की सुबह करीब 7.30 बजे वह गांव में स्थित रामजानकी मंदिर के पास पहुंचा और आरोपियों से पैसे की मांग की। इसी बात पर सोनू पाठक, सुजीत पाठक, अमित पाठक, विवेक पाठक और ललित पाठक ने उसके साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट कर दी तथा जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए जान से मारने की धमकी दी। घटना के बाद पीड़ित ने थाना बार में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ बीएनएस की धारा 115(2), 352, 351(3) के साथ ही एससी/एसटी अत्याचार निवारण अधिनियम की संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। मामले की जांच पुलिस अधिकारियों द्वारा की जा रही है।

## संक्षिप्त खबरें

### दिल्ली में इस साल का सबसे गर्म दिन रहा शुक्रवार, मौसम विभाग ने बताया आने वाले दिनों में कितना चढ़ेगा पारा?



**नई दिल्ली।** लगातार बढ़ती गर्मी के बीच शुक्रवार को अब तक का सबसे गर्म दिन रिकॉर्ड किया गया। दिन भर आसमान साफ रहने और तेज धूप ने दिल्ली का मैक्सिमम टेम्परेचर 35 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचा दिया। हालांकि, राजधानी की हवा अभी साफ है और AQI 200 से नीचे बना हुआ है। शुक्रवार को मैक्सिमम टेम्परेचर नॉर्मल से सात डिग्री ज्यादा 34.4 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। यह न सिर्फ इस गर्मी के मौसम में बल्कि इस साल का भी सबसे ज्यादा है। एक दिन पहले यानी गुरुवार को यह 34.3 डिग्री सेल्सियस था। शुक्रवार को मिनिमम टेम्परेचर नॉर्मल से 3.6 डिग्री ज्यादा 17.0 डिग्री सेल्सियस रहा। ह्यूमिडिटी लेवल 90 से 37 परसेंट के बीच रिकॉर्ड किया गया।

मौसम विभाग का अनुमान है कि शनिवार को दिन भर आसमान साफ रहेगा और तेज धूप निकलेगी। मैक्सिमम और मिनिमम टेम्परेचर क्रम से 34 और 17 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने की उम्मीद है। इस बीच, नेशनल कैपिटल की हवा अभी साफ है। सेंट्रल पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड (CPCB) के अनुसार, शुक्रवार को दिल्ली का AQI 172 रिकॉर्ड किया गया। यह 'मॉडरेट' कैटेगरी में आता है। अनुमान बताते हैं कि अगले कुछ दिनों में तापमान में ज़्यादा बदलाव की संभावना नहीं है।

### 80.48 करोड़ जमा कर पैरामाउंट फ्लोराविले में अटकी रजिस्ट्री खुली, 1521 फ्लैट खरीदारों को मिली बड़ी राहत



**नोएडा।** सेक्टर-137 स्थित पैरामाउंट की फ्लोराविले परियोजना से जुड़े 1521 घर खरीदारों की रजिस्ट्री का रास्ता साफ हो गया है। बिल्डर ने प्राधिकरण के बकाए में 80.48 करोड़ रुपये जमा किए हैं। रकम जमा होते हैं रजिस्ट्री के बीच आ रहीं अडचनें भी दूर हो गई हैं। यह राशि अमिताभ कांत समिति की लागू हुई सिफारिशों के तहत जमा कराई गई। पैरामाउंट फ्लोराविले के 16 टावरों में 1521 फ्लैट शामिल हैं। प्रोजेक्ट 2010 में लांच हुआ था। 14 टावरों को 10 मार्च 2015 को ओसी (आक्यूपेंसी सर्टिफिकेट) मिल चुका था, जबकि शेष दो टावरों का आक्यूपेंसी सर्टिफिकेट जनवरी 2024 में जारी हुआ। अब तक 1421 फ्लैट्स की रजिस्ट्री हो चुकी है, लेकिन वित्तीय विवाद के कारण 100 फ्लैट्स की रजिस्ट्री अटकी हुई थी। डेवलपर ने अंडर प्रोटेस्ट भुगतान कर यह राशि जमा की, भले ही मामला हाईकोर्ट में लंबित है। प्रोजेक्ट अब यूपी रेरा के दायरे में नहीं आता और कोई वित्तीय बकाया शेष नहीं बचा है। पैरामाउंट ग्रुप ने कुल 106 करोड़ से अधिक की राशि नोएडा और ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण में जमा की है। जिसमें फ्लोराविले के लिए 80.48 करोड़ शामिल हैं। वर्षों से यहां रजिस्ट्री का इंतजार कर रहे फ्लैट मालिकों को जल्द ही मालिकाना हक मिल सकेगा।

### गाजियाबाद नगर निगम बोर्ड में हंगामा तय! हाउस टैक्स बढ़ोतरी पर पार्षद भड़के, मीटिंग में विरोध की तैयारी

**गाजियाबाद।** हाउस टैक्स बढ़ोतरी को लेकर शनिवार को नगर निगम बोर्ड की मीटिंग होनी है। बढ़े हुए टैक्स से ज़्यादातर लोग नाखुश हैं। आने वाली बोर्ड मीटिंग में हंगामे की पूरी संभावना है। सूत्रों का कहना है कि नगर निगम के अधिकारी टैक्स कम करने के पक्ष में नहीं हैं। ज्यादातर पार्षद हाउस टैक्स बढ़ोतरी के खिलाफ हैं। नगर निगम बोर्ड की मीटिंग तब हो रही है जब हाई कोर्ट ने हाउस टैक्स बढ़ोतरी को लेकर कोई राहत नहीं दी है। पार्षदों का कहना है कि हाउस टैक्स बढ़ोतरी को पूरी तरह से रद्द किया जाना चाहिए। हाई कोर्ट के फैसले में यह नहीं बताया गया कि हाउस टैक्स कितना बढ़ाया जाना चाहिए, बल्कि टैक्स बढ़ाने के लिए इस्तेमाल किए गए प्रोसेस को ही सही ठहराया गया है। इसलिए, हाउस टैक्स बढ़ोतरी के लिए इस्तेमाल किए गए प्रोसेस का ही इस्तेमाल करके टैक्स कम किया जा सकता है। टैक्स कम करने के बजाय, अधिकारी छूट सिस्टम को बढ़ाने की तैयारी कर रहे हैं। अभी, समय पर टैक्स जमा करने पर 20 प्रतिशत की छूट दी जा रही है। संभावना है कि एक-दो नई शर्तों के साथ अतिरिक्त छूट का प्रस्ताव दिया जा सकता है।

## कोई समझौता नहीं होगा, ट्रंप ने किया साफ, ईरान को बिना शर्त सरेंडर करना होगा, इसी में उसकी भलाई

**● ट्रंप ने कहा कि ईरान पर हमलों में मारे गए अयातुल्ला अली खामेनेई के स्थान पर उनके बेटे मोजतबा खामेनेई का सर्वोच्च नेता के तौर पर चयन अस्वीकार्य होगा।**



**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने शुक्रवार को ईरान पर अपना रुख और कड़ा कर दिया। ट्रंप ने दो टूक कह दिया कि ईरान के साथ कोई समझौता नहीं होगा, और उसे बिना शर्त आत्मसमर्पण करना होगा। इससे पहले अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा था कि ईरान के अगले सर्वोच्चा नेता के चयन की प्रक्रिया में उन्हें शामिल किया जाना चाहिए। ट्रंप का यह बयान ऐसे समय में आया है जब ईरान पर अमेरिका और इजराइल के संयुक्त हमले लगातार जारी हैं तथा इन हमलों के जवाब में ईरान ने भी क्षेत्र में इजराइल एवं अमेरिकी ठिकानों पर हमले जारी रखे हैं। ट्रंप ने कहा कि ईरान पर हमलों में मारे गए अयातुल्ला अली खामेनेई के स्थान पर उनके बेटे मोजतबा खामेनेई का सर्वोच्च नेता के तौर पर चयन अस्वीकार्य होगा।

ईरान और अमेरिका-इजराइल गठबंधन के बीच संघर्ष लगातार बढ़ता जा रहा है, मध्य पूर्व में लगातार सातवें दिन भी प्रत्यक्ष सैन्य टकराव जारी है और तनाव कम होने के कोई तत्काल संकेत नहीं दिख रहे हैं। रिपोर्टों के अनुसार, पिछले छह दिनों में ईरान में इस युद्ध में मरने वालों की संख्या 1,200 से अधिक हो गई है, लेबनान में 70 से अधिक और इजराइल में लगभग एक दर्जन लोग मारे गए हैं। युद्ध हर दिन बढ़ता जा रहा है, जिससे मध्य पूर्व और उससे बाहर के 14 और देश प्रभावित हो रहे हैं। ईरान द्वारा कुवैत पर किए गए जवाबी हमलों के बाद अमेरिकी दूतावास बंद हो गया है, और ईरान में युद्ध बढ़ने के साथ ही पूरी तरह से काम बंद करने वाला यह दूसरा अमेरिकी राजनयिक मिशन बन गया है। कुवैत वह स्थान भी है जहां रविवार को एक ईरानी ड्रोन हमले में छह अमेरिकी सैनिक मारे गए थे। ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेज़ेश्कियन ने एक्स पर पोस्ट में कहा कि कुछ देशों ने मध्यस्थता के प्रयास शुरू कर दिए हैं। यह स्पष्ट होना चाहिए: हम इस क्षेत्र में स्थायी शांति के लिए प्रतिबद्ध हैं, फिर भी हमें अपने राष्ट्र की गरिमा और संप्रभुता की रक्षा करने में कोई संकोच नहीं है। मध्यस्थता में उन लोगों को शामिल किया जाना चाहिए जिन्होंने ईरानी जनता को कम आंका और इस संघर्ष को भड़काया।

अजरबैजान ने ईरान पर ड्रोन हमले करने का बृहस्पतिवार को आरोप लगाया था जिसे तेहरान ने खारिज कर दिया। ईरान ने बृहस्पतिवार सुबह इजराइल और अमेरिका के कई अड्डों पर नये सिरे से हमले किए और धमकी दी कि हिंद महासागर में ईरान के एक युद्धपोत को टॉरपीडो के हमले से डुबोने के लिए अमेरिका को बहुत पछताना पड़ेगा। ईरान समर्थक हिजबुल्ला लड़ाकों के साथ संघर्ष बढ़ने के बीच इजराइल ने चेतावनी जारी कर बेरूत के दक्षिणी उपनगरों के लिए बड़े पैमाने पर निकासी का परामर्श जारी किया। संयुक्त राष्ट्र शांतिरक्षकों ने इजराइली सैनिकों की और टुकड़ियों के सीमा पार जाने के बीच दक्षिणी लेबनान में जमीनी लड़ाई की सूचना दी। इस बीच, पूरे ईरान में अमेरिका और इजराइल के हमले जारी हैं। उन्होंने ईरान की सैन्य क्षमता, नेतृत्व और परमाणु कार्यक्रम को निशाना बनाया है। ईरान ने जवाबी हमले करते हुए अरब में अपने पड़ोसियों को निशाना बनाया है। इन हमलों के कारण तेल आपूर्ति बाधित हो गई है और वैश्विक हवाई यात्रा बुरी तरह प्रभावित हुई है। संबंधित देशों के अधिकारियों के अनुसार, इस युद्ध में ईरान में कम से कम 1,230 लोग, लेबनान में 120 से अधिक लोग और इजराइल में लगभग एक दर्जन लोग मारे गए हैं। हमलों में छह अमेरिकी सैनिक भी मारे गए हैं।

### गाजियाबाद के निर्यात कारोबारियों में हड़कंप! मिडिल ईस्ट युद्ध से शिपमेंट रुके, इंश्योरेंस-लॉजिस्टिक्स कॉस्ट बढ़ने का डर



**गाजियाबाद।** वेस्ट एशिया में बढ़ते युद्ध का असर जिले के एक्सपोर्ट बिज़नेस पर पड़ रहा है। ग्लोबल टेंशन ने यूरोप और खाड़ी देशों में बढ़ते एक्सपोर्ट के बीच मार्केट की अनिश्चितता बढ़ा दी है। एक्सपोर्टर्स का कहना है कि अगर युद्ध जारी रहा, तो नए ऑर्डर और शिपमेंट पर और असर पड़ सकता है। जिले से यूरोप, मिडिल ईस्ट और अफ्रीका में इंजीनियरिंग सामान, मशीनरी, स्टील प्रोडक्ट, इलेक्ट्रॉनिक इक्विपमेंट, टेक्सटाइल और हैंडीक्राफ्ट एक्सपोर्ट किए जाते हैं। इन मार्केट में बढ़ती डिमांड ने पिछले कुछ सालों में एक्सपोर्ट को बढ़ावा दिया है, लेकिन मौजूदा हालात ने ट्रेडर्स के बीच चिंता बढ़ा दी है। एंटरप्रेन्योर्स का कहना है कि युद्ध से इंटरनेशनल शिपिंग, इंश्योरेंस और लॉजिस्टिक्स कॉस्ट बढ़ने की संभावना है। इन हालात में, विदेशी खरीदार नए ऑर्डर देने में सावधानी बरत सकते हैं।

## सिलापथार में आसू का संकल्प दिवस





**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**असम धेमाजी**-6 मार्च, 2017 को सिलापथार में सांप्रदायिक संगठन निब्बास' की एक बड़ी मीटिंग हुई। मीटिंग के बाद, रैली निकाली गई रैली कर कुछ लोगों ने सिलापथार शहीद भवन पर अचानक हमला कर देते है। सुधाकांतडॉ भूपेन हजारिका और विष्णु-ज्योति की मूर्तियों को भी नुकसान पहुंचाने के बाद शहीद भवन के कई फर्नीचर को भी तोड़फोड़ किया। सिलापथार कांड के बाद प्रति वर्ष आसू ने बहर के साम्प्रदायिक अपशक्ति के खिलाफ एकजुट होकर मुक़ाबिला करने के लिए इलाके की हर वर्ग के लोगों को साथ लेकर संकल्प दिवस पालन करते आ रहे है।

आज उस कला दिन को स्मरण करते हुए आसू के धेमाजी जिला समिति ने सिलापथार आंचलिक समिति की मदद से सिलापथार वासियों लोगों की सहयोग से सिलापथार शहीद भवन आंगन में संकल्प दिवस का आयोजन किया। सुबह शहीदों को श्रद्धांजलि देने के बाद, नगर में एक जुलूस निकाला गया, अनुष्ठान में आमंत्रण किए गए कलाकारों के दीहानाम के बाद सावधान रहने के लिए हाथ में हाथ पकड़कर संकल्प लिया गया ताकि बहार की बुरी ताकतें भविष्य में सिलापथार के लोगों बीच के रिश्ते को खराब न कर सकें।

## खेल समाचार: बाघा 11 के सिर सजा जीत का ताज, कुदरी में क्रिकेट का महाकुंभ संपन्न

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**शहडोल कुदरी:** 'मैदान छोटा हो या बड़ा, जज्बा बड़ा होना चाहिए।' इसी जज्बे के साथ जय मां बिरासिनी क्रिकेट क्लब टूर्नामेंट (सीजन 01) का फाइनल मुकाबला बाघा 11 और कुदरी 11 के बीच खेला गया। 12 ओवरों के इस कड़े मुकाबले में बाघा 11 ने अपने बेहतरीन खेल के दम पर खिताबी जीत दर्ज की।

**मैच की मुख्य झलकियां:**

**कांटे की टक्कर:** कुदरी 11 ने अंत तक हार नहीं मानी और उपविजेता का गौरव हासिल किया।

**अतिथियों का जमावड़ा:** मुख्य अतिथि और सरपंच राम प्रसाद सिंह (वरिष्ठ समाजसेवी) के साथ कैलाश कुमार अहिरवार (जिला अध्यक्ष, आजाद समाज पार्टी) ने खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया। अतिथियों ने कहा कि ऐसे आयोजनों से ग्रामीण प्रतिभाओं को बड़ा मंच मिलता है।

**इन कंधों पर थी जिम्मेदारी (आयोजन समिति):** इस सफल आयोजन के पीछे चिंटू मिश्रा, पंकज वर्मन, रामटहल रैदास, पुरुषोत्तम पाव और उनकी पूरी टीम की कड़ी मेहनत रही।

चंद्रमा अहिरवार, विनय मिश्रा, अमित अंबेडकर, दीपक अहिरवार, राकेश पांडेय, विनय मिश्रा और विवेक गुप्ता सहित दर्जनों सहयोगियों ने दिन-रात एक कर इस टूर्नामेंट को यादगार बना दिया।

**दर्शकों का उत्साह:-**

मैच के दौरान कमेंट्री और खिलाड़ियों के चौके-छक्कों पर दर्शकों का उत्साह देखते ही बनता था। आस-पास के गांवों से आए सैकड़ों खेल प्रेमियों ने इस ऐतिहासिक मैच का आनंद लिया।





> 'हार तो केवल एक सबक है, असली जीत तो खेल भावना की हुई है।' > – आयोजन समिति, जय मां बिरासिनी क्रिकेट क्लब।

## केजरीवाल का भाजपा पर हमला, फांसीघर को टिफिन हाउस बताने पर भड़के

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी के नेशनल कन्वीनर अरविंद केजरीवाल, फांसी के मुद्दे पर असेंबली कमेटी के सामने पेश होने के बाद असेंबली से बाहर आते हुए गुस्से में दिखे। केजरीवाल ने कहा कि दिल्ली सिर्फ एक साल में बर्बाद हो गई है, लेकिन भाजपा को लोगों की परेशानियों की कोई फिक्र नहीं है। भाजपा शहीदों का अपमान करने पर तुली हुई है और इसीलिए वह यह साबित करने की कोशिश कर रही है कि फांसीघर टिफिन हाउस है।

केजरीवाल ने कहा कि उन्होंने सरकार और असेंबली कमेटी से सबूत मांगा कि फांसीघर टिफिन हाउस है, लेकिन भाजपा के पास कोई सबूत नहीं था। केजरीवाल ने कहा कि भाजपा का पहला मकसद दिल्ली की परेशानियों से ध्यान भटकाना और शहीदों का अपमान करना है।

उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी के राज में यह कभी मुमकिन नहीं होगा। उन्होंने कहा कि सरकार जनता की परेशानियों पर ध्यान नहीं दे रही है। उन्होंने कहा कि प्रदूषण बहुत बुरा है, सड़कें टूटी हुई हैं और मोहल्ला क्लीनिक बंद हो रहे हैं। अस्पतालों में दवाएं खत्म हो रही हैं, पानी-बिजली नहीं है और सिर्फ भारी-भरकम बिल आ रहे हैं।

केजरीवाल ने कहा कि दिल्ली असेंबली कॉम्प्लेक्स एक ऐतिहासिक इमारत है। उनके मुताबिक, 2022 में उस समय के स्पीकर राम निवास गोयल की कोशिशों से पता चला कि इस बिल्डिंग के एक कोने में फांसी का तख्ता है, जहां आज़ादी के दीवानों को फांसी दी जाती थी। उस समय के स्पीकर ने मुझे चीफ मिनिस्टर के तौर पर बुलाया और कहा कि इसे टूरिस्ट के लिए खोल देना चाहिए ताकि लोग इससे इंस्पिरेशन ले सकें। इसके बाद हमने तख्ता खोला और उसका उद्घाटन किया।

आप ने आरोप लगाया है कि जब केजरीवाल असेंबली पहुंचे तो Z-प्लस सिक्योरिटी होने के बावजूद उनकी सुरक्षा में लगे पी.एस.ओ. को दिल्ली पुलिस ने बाहर ही रोक दिया और अंदर नहीं जाने दिया।

केजरीवाल के आने से पहले आप के वर्कर और एम एल ए असेंबली के बाहर पहुंच गए थे। उन्होंने असेंबली में घुसने की कोशिश की, लेकिन पुलिस ने बैरिकेड लगाकर उन्हें रोक दिया। इसके बाद आप वर्करों ने प्रोटेस्ट शुरू कर दिया जो केजरीवाल के आने तक चलता रहा। कमिटी की मीटिंग शुरू होने से पहले असेंबली ने सिर्फ कमिटी की तरफ से बुलाए गए लोगों को ही अंदर आने दिया था। इस ऑर्डर के बाद आप के स्टेट प्रेसिडेंट सौरभ भारद्वाज, जो केजरीवाल की कार से गेट पर पहुंचे थे, उन्हें सिक्योरिटी वालों ने अंदर नहीं जाने दिया।

## 25 साल के इंतजार के बाद जेवर को मिली बड़ी सौगात, एयरोड्रम लाइसेंस मिलते ही उद्घाटन की तिथि का ऐलान जल्द

**● नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट जेवर को एयरोड्रम लाइसेंस मिल गया है, जिससे इसके उद्घाटन का रास्ता साफ हो गया है।**

**● 25 साल के लंबे इंतजार के बाद जेवर को यह बड़ी सौगात मिली है।**




**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**जेवर।** नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट जेवर में बनकर तैयार हो चुका है, उद्घाटन के लिए सबसे जरूरी एयरोड्रम लाइसेंस मिलने के बाद प्रधानमंत्री कार्यालय से समय मिलने के साथ ही तिथि का ऐलान हो जाएगा। प्रदेश के सबसे बड़े औद्योगिक जिले का सबसे पिछड़े क्षेत्र जेवर को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विकास मॉडल के प्रयासों से विश्व के चौथे और एशिया के सबसे बड़े अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट की सौगात मिलने जा रही है।

**इंटरनेशनल एयरपोर्ट पूरी तरह तैयार**

पिछड़ेपन से जूझ रहे जेवर के लोगों को इस महत्वपूर्ण विकास परियोजना के लिए 25 वर्षों का लंबा इंतजार करना पड़ा। केंद्र और प्रदेश की डबल इंजन भाजपा सरकार ने छह जुलाई 2017 को ज़ेवर में एयरपोर्ट निर्माण के लिए साइट क्लीयरेंस दी थी, जिसके बाद परियोजना परवान चढ़ी और नौ साल बाद यात्री और कार्गो सुविधा के लिए इंटरनेशनल एयरपोर्ट पूरी तरह तैयार है।

**कांग्रेस सरकार ने कोई दिलचस्पी नहीं दिखाई**

जेवर के लोग वर्ष 2001 से इंटरनेशनल एयरपोर्ट का सपना देख रहे हैं। वर्तमान रक्षा मंत्री और तत्कालीन उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री राजनाथ सिंह ने केंद्र सरकार को प्रस्ताव भेजकर पश्चिमी उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था को नई गति देने का प्रयास किया था। बाद में बसपा सुप्रीमो मायावती ने गृह जनपद होने की वजह से 2008 में केंद्र को जेवर में एयरपोर्ट के लिए प्रस्ताव भेजा, लेकिन केंद्र में कांग्रेस की सरकार ने कोई दिलचस्पी नहीं दिखाई और एयरपोर्ट परियोजना खटाई में भी पड़ गई।

**परियोजना परवान नहीं चढ़ सकी**

भाजपा सरकार में स्थानीय सांसद डॉ. महेश शर्मा के नागरिक उड्डयन मंत्रालय के केंद्रीय राज्य मंत्री बनते ही जेवर में एयरपोर्ट के परियोजना को हवा मिली। प्रदेश में तत्कालीन सपा सरकार से तालमेल न बैठने पर परियोजना परवान नहीं चढ़ सकी।

बाद में तत्कालीन मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने जेवर के अलावा टुंडला में हिरनगांव और आगरा के एत्मादपुर में परियोजना के लिए केंद्र सरकार के पास प्रस्ताव भेजा था, लेकिन प्रदेश में भाजपा सरकार बनने के बाद वर्ष 2017 में इंटरनेशनल एयरपोर्ट जेवर में ही बनाने पर मुहर लगी जिससे आज जेवर विश्व पटल पर नई पहचान बना रहा है।

**बड़ा लंबा सफर किया तय...**

» वर्ष 2001 में राजनाथ सिंह ने जेवर में एयरपोर्ट का केंद्र को प्रस्ताव भेजा

» वर्ष 2008 में मायावती ने केंद्र फिर से एयरपोर्ट के लिए प्रस्ताव भेजा।

» वर्ष 2012 में अखिलेश यादव सरकार ने परियोजना को ठंडे बस्ते में डाल दिया।

» 2013 में राज्य सरकार ने टुंडला के हिरनगांव में एयरपोर्ट का प्रस्ताव दिया।

» 2014 में राज्य सपा सरकार ने आगरा के एत्मादपुर में एयरपोर्ट का प्रस्ताव दिया।

» 2017 में प्रदेश मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार ने जेवर में एयरपोर्ट बनाने की घोषणा की

» 6 जुलाई 2017 को जेवर में एयरपोर्ट निर्माण के लिए साइट क्लीयरेंस प्रदान की गई

» नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने मई 2018 में एयरपोर्ट के निर्माण को सैद्धांतिक मंजूरी दी।

» 2019 में ज्यूरिक इंटरनेशनल को एयरपोर्ट के विकास और 40 साल का संचालन मिला।

» 2020 में जेवर के छह गांव की 1239 हेक्टेयर जमीन अधिग्रहण का काम पूरा।

» 25 नवंबर 2021 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट की नींव रखी।

» 5 मार्च 2026 को बीसीएएस ने नोएडा एयरपोर्ट को सिक्योरिटी क्लीयरेंस दिया।

» 6 मार्च 2026 को डीजीसीए ने एयरपोर्ट को एयरोड्रम लाइसेंस जारी कर दिया।

## श्रीमणि ने दिल्ली में मनाया 10वां स्थापना दिवस-फ़िनटेनिटी के साथ डिजिटल सशक्तिकरण का नया संकल्प




**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**स्वतंत्र सिंह भुल्लर**

**नई दिल्ली:** भारत की अग्रणी डिजिटल वित्तीय सेवा कंपनी श्रीमणि ने अपना 10वां स्थापना दिवस 'फ़िनटेनिटी' थीम के साथ दिल्ली स्थित सनराईज पार्टी हॉल में भव्य रूप से मनाया। इस अवसर पर सहयोगी कंपनियाँ (डिजिसेवा) एवं सरल टेक्नोलॉजी की अनुभवी टीम, चैनल पार्टनर्स तथा विभिन्न गणमान्य व्यक्तियों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

**कार्यक्रम की मुख्य अतिथि थीं डॉ ममतामयी प्रियदर्शनी**

स्टेट चेयरपरसन इंडियन इंडस्ट्रीज एस्सोसिएसन दिल्ली उन्होंने अपने संबोधन में श्रीमणि द्वारा ग्रामीण एवं अर्ध-शहरी क्षेत्रों में डिजिटल वित्तीय समावेशन के क्षेत्र में किए जा रहे उल्लेखनीय कार्यों की सराहना की तथा एमएसमी एवं एग्री-उद्यमिता के क्षेत्र में विस्तार हेतु महत्वपूर्ण सुझाव भी दिए। कार्यक्रम में एमएसमी मेंटर, सीए हेमेंद्र गुप्ता डिजिसेवा के सी ई ओ, सीए, सुधीर झा, ग्रुप ऑफ़ कंपनी के सीएफओ, सीए, जय राम ,तथा सीटीओ कंपनी की वर्तमान उपलब्धियाँ:दस प्लस राज्यों में संचालन पचास प्लस समर्पित टीम सदस्य दसहजार सक्रिय चैनल पार्टनर्स

डिजिटल बैंकिंग, बीमा, बिल पेमेंट, क्रेडिट रिपोर्ट एवं फिनटेक सेवाओं में मजबूत उपस्थिति भविष्य का विज़न:

श्रीमणि का लक्ष्य आने वाले वर्षों में भारत के प्रत्येक पिन कोड तक डिजिटल वित्तीय सेवाएँ पहुँचाना है, जिससे ग्रामीण एवं वंचित वर्ग को सशक्त बनाया जा सके। कंपनी के फाउंडर एंड डायरेक्टर ने अपने सम्बोधन में कहा 'यह दस वर्षों की यात्रा केवल व्यवसायिक सफलता नहीं, बल्कि विश्वास, पारदर्शिता और डिजिटल सशक्तिकरण का परिणाम है। हम 'दस से अनंत तक' के संकल्प के साथ आगे बढ़ रहे हैं। समारोह के अंत में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले टीम सदस्यों एवं चैनल पार्टनर्स को सम्मानित भी किया गया।

### LPG बुकिंग रूल बदला: 15 से बढ़ाकर 21 दिन का अंतर, 10 लाख कंज्यूमर्स प्रभावित



**ग्रेटर नोएडा।** घरेलू गैस सिलेंडर की बुकिंग अब 21 दिन के गैप पर हो सकेगी। पहले बुकिंग का टाइम 15 दिन था। दुनिया भर में बिगड़ते हालात, खासकर ईरान, इजराइल और अमेरिका के बीच बढ़ते तनाव की वजह से कच्चे तेल और गैस की सप्लाई में अनिश्चितता बढ़ गई है। इसलिए, घरेलू LPG सिलेंडर के लिए लॉकिंग पीरियड में बदलाव किया गया है। पहले यह टाइम 15 दिन था, लेकिन अब इसे शुक्रवार से बढ़ाकर 21 दिन कर दिया गया है। इस बदलाव से जिले के करीब 10 लाख घरेलू गैस सिलेंडर कंज्यूमर पर असर पड़ेगा। सप्लाई डिपार्टमेंट का दावा है कि यह कदम पैनिक बुकिंग को रोकने और मौजूद स्टॉक को बेहतर तरीके से मैनेज करने के लिए उठाया गया है, ताकि मार्केट में बनावटी कमी को रोका जा सके। ईरान, इजराइल और अमेरिका के बीच लड़ाई की वजह से इंटरनेशनल मार्केट में तेल और गैस की कीमतों में उछाल आया है। अगर तनाव और बढ़ता है, तो सप्लाई पर असर पड़ सकता है। इससे इकॉनमी पर बुरा असर पड़ेगा। रूस्स्भ्र सेक्टर पर भी असर पड़ने का खतरा है।

## Iran के खिलाफ उठाई आवाज, सासंद ने तोड़ दिया फौजी का हाथ

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



अमेरिकी संसद में आर्ड फोर्स से जुड़ी सुनवाई में उस समय हंगामा हो गया जब अमेरिकी सासद टिम शीही ने प्रदर्शन कर रहे पूर्व मरीन सैनिक ब्रायन मैकगिनिस को बैठक से बाहर निकलवाया। सुरक्षाकर्मियों ने उन्हे जबरन बाहर निकालने की कोशिश की, जिसमे ब्रायन का हाथ टूट गया। ब्रायन अमेरिका के ईरान के खिलाफ युद्ध में शामिल होने के फैसले का विरोध कर रहे थे। सुनवाई के दौरान अचानक उन्होंने चिल्लाते हुए कहा, 'अमेरिका इस्त्राइल के लिए यह युद्ध नहीं लड़ना चाहता।' इसके बाद पुलिस ने उन्हें बाहर निकालने की कोशिश की। रिपब्लिकन सेनेटर टिम शीही भी उन्हें बाहर धकेलने में शामिल हो गए। इस दौरान ब्रायन ने दरवाजे को पकड़ लिया और नारे लगाते रहे। इसी में उनका हाथ फस गया और टूट गया।

अमेरिकी प्रतिनिधि सभा ने ईरान पर किए जा रहे हमलों को रोकने के लिए लाए गए युद्ध शक्तियों से संबंधित प्रस्ताव को बृहस्पतिवार को बहुत कम अंतर से खारिज कर दिया। मतों का यह अंतर संसद के भीतर बढ़ती असहजता का शुरुआती संकेत माना जा रहा है, क्योंकि तेजी से फैल रहा इस युद्ध का दायरा अमेरिका की घरेलू और वैश्विक प्राथमिकताओं को बदल रहा है। पिछले कुछ दिनों में यह दूसरा प्रस्ताव है जो असफल हुआ है। इससे पहले सीनेट ने ऐसे ही एक प्रस्ताव को खारिज कर दिया था। सांसदों के सामने जान-माल के नुकसान, भारी खर्च और अंतरराष्ट्रीय गठबंधनों की परीक्षा समेत युद्ध के कारण पैदा हुई स्थिति से चिंतित अमेरिकी जनता का प्रतिनिधित्व करने की चुनौती है। प्रतिनिधि सभा में यह प्रस्ताव 212 के मुकाबले 219 मतों से खारिज हो गया। इस नतीजे ने अमेरिका-इजराइल सैन्य अभियान और ट्रंप द्वारा संसद को दरकिनार करने के फैसले के समर्थन और विरोध की स्थिति को स्पष्ट कर दिया। अमेरिकी संविधान के अनुसार युद्ध घोषित करने का अधिकार केवल संसद को है।

सदन की विदेश मामलों की समिति में शीर्ष डेमोक्रेट सांसद ग्रेगोरी मीक्स ने कहा कि डोनाल्ड ट्रंप कोई राजा नहीं हैं और यदि उन्हें लगता है कि ईरान के साथ युद्ध राष्ट्रीय हित में है तो उन्हें संसद के सामने आकर अपना पक्ष रखना चाहिए। वहीं, सदन के अध्यक्ष माइक जॉनसन ने आगाह किया कि जब अमेरिकी सेना पहले से संघर्ष में शामिल है तब राष्ट्रपति की शक्तियों को सीमित करना खतरनाक होगा। रिपब्लिकन पार्टी के अधिकतर नेता ट्रंप के साथ खड़े दिखायी दिए जबकि ज्यादातर डेमोक्रेट इस युद्ध का विरोध कर रहे हैं। कुछ रिपब्लिकन नेताओं का मानना है कि यह संघर्ष नया युद्ध शुरू करने के बजाय ऐसे ईरानी शासन का अंत हो सकता है जो लंबे समय से पश्चिम के लिए खतरा रहा है। इस अभियान में ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत हो चुकी है, जिससे कुछ लोग वहां शासन परिवर्तन की संभावना देख रहे हैं। अमेरिकी रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने कहा कि यह युद्ध लगभग आठ सप्ताह तक जारी रह सकता है, जो राष्ट्रपति के शुरुआती अनुमान से दोगुना है। वहीं, ट्रंप प्रशासन का कहना है कि इस अभियान का उद्देश्य ईरान की बैलिस्टिक मिसाइल क्षमता को नष्ट करना है, जो उसके परमाणु कार्यक्रम की सुरक्षा करती है।